ईद मुबारक

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● वैशाख शुक्ल पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 22 अप्रैल 2023 ● वर्ष-24 ● अंक-79 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00




**अक्षय** तृतीया या आखा तीज वैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को कहते हैं। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार, इस दिन जो भी शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका अक्षय फल मिलता है। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया कहा जाता है। वैसे तो सभी बारह महीनों की शुक्ल पक्षीय तृतीया शुभ होती है, किन्तु वैशाख माह की तिथि स्वयंसिद्ध मुहूर्तो में मानी गई है।

### क्या करें

अक्षय तृतीया तिथि स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त मानी गई है। इस दिन कोई भी शुभ मांगलिक कार्य जैसे विवाह, गृह प्रवेश, घर, भूखंड या वाहन आदि की खरीदारी से सम्बंधित कार्य किए जा सकते हैं।

### क्या न करें

अक्षय तृतीया पर पैसों, खाने की वस्तुओं आदि का लेने-देन नहीं करना चाहिए। कहते हैं जो इस दिन पैसों की उधारी करता है, उसका पैसा दोबारा कभी वापस लौटकर नहीं आता। अक्षय तृतीया पर चोरी, झूठ, जुआ, मदिरा सेवन, मांसाहारी भोजन नहीं करना चाहिए।

### शुरूआत कैसे करें

अक्षय तृतीया के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर समुद्र या गंगा नदी में स्नान करके और शान्त चित्त होकर भगवान विष्णु की विधि विधान से पूजा करने का प्रावधान है। नैवेद्य में जौ व गेहूँ का सत्तू, ककड़ी और चने की दाल अर्पित किया जाता है। तत्पश्चात फल, फूल, पात्र, तथा वस्त्र आदि दान करके ब्राह्मणों को दक्षिणा दी जाती है।

# लोक सेवकों की भूमिका अहम : मुख्यमंत्री हेमंत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य को बेहतर दिशा देने में लोक सेवकों की भूमिका अहम है। राज्य में पहली बार सिविल सर्विसेज डे कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। आप सभी के कंधों पर तमाम चुनौतियों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारियां भी दी जाती हैं। मुख्यमंत्री सोरेन शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय स्थित सभागार में सिविल सर्विसेज डे-2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने सभी लोक सेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग कार्यपालिका के ऐसे हिस्सेदार हैं जिसके बगैर राज्य की व्यवस्था चलाना संभव नहीं है। राज्य के लोगों की मदद एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए जो व्यवस्थाएं बनाई गई हैं, उनका संरक्षण तथा राज्य की बेहतरी के लिए कार्ययोजनाएं बनाने की जिम्मेदारी आप सभी पर है।

उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों तथा देशों में भी कार्यपालिका की व्यवस्थाएं हमारे राज्य एवं देश की कार्यपालिका से मिलती-जुलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्थाओं के अंदर लोक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जाती है। लोक सेवकों का कार्य करने का दायरा बहुत बड़ा है। झारखंड में दो हजार लोक सेवकों का स्ट्रेंथ है। राज्य की सवा तीन करोड़ जनता की सेवा के लिए दो हजार लोक सेवकों का आंकड़ा कहीं से भी कम दिखाई नहीं पड़ता है। जरूरत है कि हम और आप सभी लोग अपने कार्यों को ईमानदारी, संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ पूरा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग हुए 20 साल से अधिक हो चुके हैं, लेकिन आज भी झारखंड जहां था, वहीं खड़ा है। हमारे पास वैसा कोई कारण नहीं है, जिससे हम पिछड़े राज्यों के गिने जाएं परंतु यह सत्य है कि आज के समय में झारखंड देश के पिछड़े राज्यों में से एक राज्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सरकारें आती-जाती ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर




### सीएम ने जवानों की शहादत पर शोक जताया

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जम्मू-कश्मीर के पूंछ सेक्टर में आतंकी हमले में शहीद होने वाले पांच जवानों की शहादत पर शोक जताया है। जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सोरेन ने कहा कि जवानों की शहादत की खबर अत्यंत पीड़ादायक है। परमात्मा वीर जवानों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुख की विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

### शहीद पाण्डेय गणपत राय को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री हेमन्त ने वर्ष 1857 क्रांति के नायक व झारखंड की माटी के वीर सपूत अमर वीर शहीद पाण्डेय गणपत राय के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने अमर वीर शहीद को शत-शत नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अदम्य साहस, वीरता और नेतृत्व क्षमता से अंग्रेजों की जड़ें हिला दी थीं। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## गुमला ने बढ़ाया राज्य का गौरव, मिला पीएम अवार्ड




### सिविल सर्विस डे पर पीएम के हाथों गुमला डीसी को मिला एक्सीलेंस अवार्ड

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/गुमला**

शुक्रवार का दिन गुमला जिले के लिए उपलब्धि भरा रहा। जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव को दिल्ली के विज्ञान भवन में 'सिविल सर्विस डे 2023' के मौके पर प्रधानमंत्री के हाथों लोक प्रशासन में उत्कृष्टता का प्रधानमंत्री अवार्ड दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान विज्ञान भवन सभागार में देश के कई वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कई राज्यों के आमंत्रित पदाधिकारी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह ही केन्द्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से सार्वजनिक रूप से घोषणा हो गई थी कि गुमला जिले को पीएम अवार्ड के लिए चुना गया है। उसी दिन से गुमला जिला प्रशासन की टीम तथा गुमलावासियों में हर्ष का माहौल था। शुक्रवार को जब दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रधानमंत्री के हाथों उपायुक्त सुशांत गौरव अवार्ड ले रहे थे, उस समय वेबकास्ट के माध्यम से गुमला जिला मुख्यालय सहित प्रखंड मुख्यालयों के अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक भी इन गौरवपूर्ण क्षणों के ऑनलाइन साक्षी बन रहे थे। गुमला के सैकड़ों लोगों ने इस अवार्ड कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग को देखा। जनजातीय जनसंख्या बहुल तथा पूर्व में वामपंथ से प्रभावित रहे गुमला जिले में विकास की एक के बाद एक नई गाथाओं के जुड़ने का सिलसिला जारी है। उपायुक्त सुशांत गौरव के विजनरी नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम सतत काम कर रही है। सुशांत गौरव की कड़ी मेहनत, ईमानदारी से किए गए प्रयास तथा उनकी राष्ट्रहित की सोच ने जिले को यह उपलब्धि दिलवाने में अहम भूमिका निभाई।

## NEWS इन ब्रीफ

### चांद का हुआ दीदार, आज मनाई जाएगी ईद



**नई दिल्ली।** अरब देशों सऊदी अरब, यूएई, कतर समेत खाड़ी देशों में शुक्रवार (21 अप्रैल) को ईद उल फितर यानी मीठी ईद की मिठास घुली रही। भारत में माह-ए-रमजान में आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज पढ़ी गई। इसी के साथ इबादत और पाकीजगी वाले रमजान के 29 रोजे पूरे हुए। शाम को लोगों ने बेसब्री से ईद के चांद का इंतजार किया, आखिर शाम को दीदार-ए-चांद हुआ। इसके साथ ही भारत में कल यानी 22 अप्रैल शनिवार को ईद मुबारक के मनाए जाने की तस्वीर भी साफ हो गई। रांची और असम में चांद नजर आया है।

### गोधरा ट्रेन अग्निकांड : सुप्रीम कोर्ट ने आठ दोषियों को दी जमानत



**नई दिल्ली।** गुजरात में 2002 के गोधरा ट्रेन अग्निकांड मामले में आठ आजीवन कारावास की सजा काट रहे दोषियों को सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जमानत दे दी, लेकिन अन्य चार दोषियों को मामले में उनकी भूमिका को देखते हुए बरी करने से इनकार कर दिया गया। फरवरी 2002 में, गुजरात के गोधरा में ट्रेन के एक डिब्बे में आग लगने से 59 लोगों की मौत हो गई थी, जिससे राज्य में दंगे भड़क उठे थे। गुजरात सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई.चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा ने कहा कि इस मामले में चार आरोपियों की भूमिका के चलते उन्हें जमानत नहीं दी जा सकती। आरोपी करीब 17 साल कैद की सजा काट चुके हैं। चार आरोपियों की जमानत का विरोध करते हुए मेहता ने कहा कि उनमें से एक के पास से लोहे का रॉड बरामद की गई और दूसरे आरोपी के पास से एक हथियार बरामद किया गया, जो एक छड़ी पर लगा दरांती है।

## ईडी के समन पर नहीं पहुंचे छवि रंजन

### समय देने की छवि रंजन की मांग को ईडी ने किया खारिज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

बरियातू स्थित सेना की जमीन को लेकर हुए घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन के बाद भी आईएएस छवि रंजन शुक्रवार को ईडी ऑफिस नहीं पहुंचे। अधिकारी के वकील ने ईडी कार्यालय पहुंचकर आज न पहुंचने का कारण बताते हुए मई के प्रथम सप्ताह का समय देने की मांग की है, लेकिन ईडी ने उनकी मांग खारिज कर दी है। आईएएस छवि रंजन ने ईडी से दो सप्ताह का समय देने की अपील ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### सोमवार को तलब कर सकती है ईडी



**ईडी सूत्रों** के मुताबिक, रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सोमवार को तलब किया जा सकता है। एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, दिन के 11 बजे उन्हें तलब होने का तीसरा समन भेजा जा सकता है। यदि छवि रंजन जांच में एजेंसी को सहयोग नहीं करेंगे तो एजेंसी कड़ी कार्रवाई कर सकती है। गौरतलब है कि रांची में सेना जमीन की रजिस्ट्री व जमीन घोटाले से जुड़े केस में एजेंसी ने 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाई सीओ मनोज कुमार समेत 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद ईडी ने फर्जी कागजात बनाने वाले अफसर अली समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल सभी आरोपियों से ईडी रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

## ईडी ने दाखिल की वीरेंद्र राम के खिलाफ प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल की है। शुक्रवार को रांची ईडी की टीम ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के आवासीय कार्यालय पर पीसी दाखिल की है। ईडी ने जो पीसी दाखिल की है, उसमें वीरेंद्र राम के अलावा टेंडर मैनेज कर अवैध कमाई करने वाले लोगों के बारे में भी जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किस को कितना हिस्सा मिलता था और किसकी क्या भूमिका थी, यह जानकारी भी प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन में दी गयी है।

गौरतलब है कि ईडी ने बीते 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में इंजीनियर वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इससे एक दिन पहले ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

## सीबीआई ने भेजा मलिक को समन



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने भ्रष्टाचार के मामले में जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक को मौखिक समन भेजा है। उन्हें एजेंसी ने 27 और 28 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। इस संबंध में सीबीआई ने फिलहाल पुष्टि नहीं की है। एक बयान जारी कर मलिक ने इस आशय की सूचना खुद ही दी है।

## चिलचिलाती धूप में स्नान



**यह दृश्य है पटना जंक्शन के बाहरी हिस्से का, जहां चिलचिलाती धूप में एक पिता ने अपने बच्चे को स्नान कराया। खास बात यह कि जिस पानी का इस्तेमाल इस पिता ने किया, वह रेलवे की मशीन से निकल रहा है। बिहार समेत पूरे देश में इन दिनों चिलचिलाती गर्मी पड़ रही है।**

*फोटो : आईएएनएस*

## चर्चा में — ट्विटर से ब्लू टिक हटने पर अमिताभ बच्चन ने किया मजेदार ट्वीट

# ए ट्विटर भइया...अब तो नील कमल लगाय दो






**एजेंसी। मुंबई**

माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर ने शुक्रवार को बड़ा कदम उठाते हुए अनपेड अकाउंट वाले कई सेलेब्स के ट्वीटर से ब्लू टिक छीन लिए। ट्विटर ने अपनी अनाउंसमेंट में कहा कि वेरिफाइड अकाउंट से फ्री ब्लू टिक हटा दिए हैं। इसी के साथ ट्विटर पर सबसे ज्यादा एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन से भी ट्विटर ने ब्लू टिक छीन लिया। वहीं अब बिग बी ने ब्लू टिक हटाए जाने पर रिएक्शन दिया है।

### अमिताभ बच्चन ने ब्लू टिक के लिए जोड़े हाथ

अमिताभ बच्चन ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर पोस्ट कर लिखा है, ए ट्विटर भइया! सुन रहे हैं? अब तो पैसे भी भर दिए हैं हम...तो उ जो नील कमल होत है ना, हमार नाम के आगे, उ तो वापस लाई भइया, ताकि लोग जान जायें की हम ही हैं। हाथ तो जोड़ रहे हैं हम। अब का, गोड़वा जोड़े पड़े का?




### अमिताभ के अलावा कई सेलेब्स ने खोया ट्विटर पर ब्लू टिक

**गौरतलब** है कि शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट जैसे कई बॉलीवुड स्टार उन बड़े नामों में शामिल हैं जिन्होंने एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपना ब्लू टिक खो दिया है। एलन मस्क ने पहले ही अनपेड अकाउंट्स से ब्लू टिक हटाने की अनाउंसमेंट कर दी थी।

### ब्लू सब्सक्रिप्शन की क्या है प्राइसिंग

**ब्लू** सब्सक्रिप्शन की प्राइसिंग मार्केट टू मार्केट अलग-अलग होती है। भारत में, आईफोन और एंड्रॉइड स्मार्टफोन के माध्यम से सब्सक्रिप्शन की कीमत 900 रुपये महीना है। ट्विटर वेबसाइट पर कॉस्ट घटकर 650 रुपये प्रति महीना हो जाती है। यूजर्स इसकी एनुअली मेंबरशिप भी ले सकते हैं। इसकी कीमत थोड़ी सस्ती है।

### बिग बी की पोस्ट पर फैंस कर रहे मजेदार कमेंट

**वहीं** अमिताभ बच्चन के इस ट्वीट पर फैंस भी मजेदार कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा, ऐसा है...अब आपको भी लाइन में लगना पड़ेगा और इंतजार करना पड़ेगा। पहले आप जहां खड़े होते थे, लाइन वहीं से शुरू होती थी। एक और ने लिखा, बच्चन साहेब उ अंग्रेज हौ केहू क नाही सूनत हो, दुइ-तीन दिन त इंतेजार करईबै क। एक अन्य फैन ने कमेंट किया-क्या कहें बच्चन साहब, ऐलन मस्क का क्या किया जाए।

## जमीन घोटाला: ईडी ने खंगाला रांची का रजिस्ट्री कार्यालय

### विवादित जमीन के दस्तावेजों की तलाशी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जमीन घोटाले मामले की जांच को लेकर ईडी पूरी तरह से रेस हो चुकी है, एक तरफ जहां गिरफ्तार आरोपितों से रिमांड पर लगातार पूछताछ की जा रही है वही साक्ष्य जुटाने के लिए आईडी रांची के सदर रजिस्ट्री ऑफिस को भी खंगाल रही है। शुक्रवार की देर शाम ईडी की टीम रांची के कचहरी चौक स्थित रजिस्ट्री आफिस पहुंची और वहां कागजातों की जांच की। ईडी की टीम शुक्रवार की शाम रजिस्टी कार्यालय पहुंची, इसके बाद रांची में तमाम विवादित जमीन की रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेजों को खंगाला, किसी भी विवादित जमीन की रजिस्ट्री के लिए कौन कौन से पेपर लिए गए, किस परिस्थिति में जमीन की रजिस्ट्री हुई है, ईडी ने यह पड़ताल शुरू की है, ईडी की टीम ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### फजीवाड़े से संबंधित दस्तावेज मिले

ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में फजीर्वाड़े के कई साक्ष्य मिले है ,जानकारी यह भी है कि जांच के दौरान ईडी को राज्य की एक बड़ी राजनीतिक शख्सियत के नाम पर एक जमीन की रजिस्ट्री के साक्ष्य मिले हैं ,उस पेपर में राजनीतिक शख्सियत का नाम तो सही है, लेकिन उनके पिता का मिलता जुलता, लेकिन अलग नाम रखा गया है। ईडी इस रहस्मयी कागजातों को खंगालने में जुटी हुई है।

# गर्मी में न हो पेयजल आपूर्ति की परेशानी




**खराब चापानलों के मरम्मत हेतु माइक्रोप्लान बनाने का निर्देश**

**पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के निदान के लिए कंट्रोल रूम बनाने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को टेक्निकल एंड सिविल वर्क से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश यादव, निदेशक डीआरडीए श्री रामवृक्ष महतो, जिला योजना पदाधिकारी श्री विनय कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी-1 एवं 2, जिला अभियंता जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास कार्य प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, कार्यपालक अभियंता पीएचईडी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने पेयजल एवं स्वच्छता, भवन प्रमंडल, जिला परिषद, सिंचाई, सड़क, विद्युत, स्पेशल डिविजन आदि विभागों द्वारा जिला में चल रही योजनाओं की कार्य प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपायुक्त द्वारा वर्तमान में पेयजलापूर्ति में आने वाली समस्या के संबंध में पेयजल आपूर्ति विभाग के कार्यपालक अभियंता से जानकारी ली गयी। कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अपर्याप्त एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति के कारण पूरी क्षमता से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उपायुक्त द्वारा विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारी से विद्युत आपूर्ति में आ रही परेशानियों से अवगत होते होते हुए नियमित विद्युत आपूर्ति करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में ग्रीष्मकाल में आमजनों को पेयजल की समस्या ना हो इसके लिए चापानल की अविलंब मरम्मत का निर्देश संबंधित अधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया। उन्होंने जिला में खराब चापानलों के मरम्मत हेतु माइक्रोप्लान अविलंब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु पेयजल स्वच्छता विभाग को कंट्रोल रूम की स्थापना कर व्यवस्थित संचालन का निदेश उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही वह कंट्रोल रूम का विजिट करेंगे। वैसे योजनाएं जो क्रियान्वयन के स्तर पर है उन्हें नियमानुसार त्वरित गति से अनुमोदन करते हुए क्रियान्वित करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। बैठक में पथ निर्माण विभाग द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बनायी जा रही सड़कें, सड़क चौड़ीकरण, फ्लाई ओवर निर्माण आदि महत्वपूर्ण परियोजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा उपायुक्त द्वारा की गयी। इन सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए की जानेवाली आवश्यक प्रक्रिया जैसे-भूमि अधिग्रहण, विभिन्न विभागों से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्राप्त करने, फॉरेस्ट क्लीयरेंस की जानकारी उन्होंने ली।

# ईद को लेकर ट्रैफिक में होगा बदलाव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। राजधानी रांची में ईद को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। हरमू ईदगाह में शनिवार की सुबह ईद की नमाज अदा की जायेगी। इस कारण सुबह 7:30 से 10 बजे तक सहजानंद चौक की ओर से आने वाले सभी वाहनों पर किशोरगंज से न्यू मार्केट चौक की ओर जाने पर पाबंदी रहेगी। इस दौरान हरमू की ओर से रातू रोड और कचहरी आनेवाले वाहन पुरानी रांची, बड़ा तालाब, शहीद चौक एवं रेडियम चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे। उसी प्रकार न्यू मार्केट से हरमू बाइपास होकर सहजानंद चौक की ओर जाने वाले वाहन उसी मार्ग का प्रयोग करेंगे। मेन रोड पर वाहनों का रूट डायवर्ट : अलबर्ट एक्का चौक से सुजाता चौक की ओर जाने वाले वाहनों को सर्जना चौक, मिशन चौक, कर्बला चौक, बहू बाजार चौक और मुंडा चौक (सिरमटोली चौक ) होते हुए सुजाता चौक की ओर निकाला जायेगा। सुजाता चौक से अलबर्ट एक्का चौक आने वाले वाहनों को सुजाता चौक से एकरा मस्जिद चौक (रतन पुलिस पोस्ट), कर्बला चौक, मिशन चौक होकर सर्जना चौक अथवा प्लाजा चौक की ओर डायवर्ट किया जायेगा।

## समाजसेवी ने 131 शिवभक्तों को बांटे वस्त्र व फल

**खूंटी।** भगवान भोलनाथ की तीन दिवसीय कष्टसाध्य आराधना का पर्व शुक्रवार से शुरू हो गया है। शुक्रवार को खूंटी के प्रसिद्ध समाजसेवी और खूंटी के वार्ड पार्षद के परिवार वालों ने शुक्रवार को 131 भगतियों को वस्त्र व फल आदि का वितरण किया है। भोक्ता या भगतिया कहलाने वाले भोलेनाथ के भक्तों ने तीन दिन के लिए अपना घर-परिवार त्याग कर ऐतिहासिक बुढ़वा महादेव मंडा परिसर में शरण ले ली है। अक्षय तृतीया के दिन 23 अप्रैल को इस महापर्व का समापन झूलन अनुष्ठान के साथ होगा। इस मौके पर वार्ड पार्षद अनूप साहू ने कहा कि पिछले कई वर्ष से उनका परिवार शिव भक्तों को वस्त्र और फलों का वितरण करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि यह परंपरा 50 -60 वर्षों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों को खूंटी के ऐतिहासिक मंडा पर्व को सफल बनाने में योगदान देना चाहिए।

# पत्रकार सुनील को देखने अस्पताल पहुंचे पप्पू यादव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/पटना**

जन अधिकार पार्टी (लो.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव शुक्रवार को पटना स्थित पारस अस्पताल में भर्ती बिहार के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार सुनील सौरभ को देखने पहुंचे। श्री यादव ने सुनील सौरभ का इलाज कर रहे चिकित्सकों से उनकी सेहत से संबंधित जानकारियां ली। साथ ही उन्होंने चिकित्सकों से श्री सौरभ को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। इस दौरान उनके परिजनों ने श्री यादव को बताया कि विगत लगभग दो सप्ताह से श्री सौरभ आईसीयू में भर्ती हैं। उनके स्वास्थ्य में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। पारस अस्पताल के चिकित्सकों के मुताबिक उनका इलाज लंबा खिंच सकता है। ऐसे में इलाज में हो रहे खर्च की व्यवस्था करने में परिजनों के पसीने छूट रहे हैं। श्री यादव ने पारस अस्पताल प्रबंधन से इस दिशा में संवेदनशील रहते हुए यथोचित सहयोग करने का अनुरोध किया। उन्होंने श्री सौरभ के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की। मौके पर सुनील सौरभ के सुपुत्र नीतीश सिद्धार्थ, उनके भतीजे सुमित सिंह (सोनू), शिवम सिंह उर्फ प्रिंस सहित अन्य मौजूद थे।

## जदयू प्रवक्ता ने सीएम से सहयोग करने का किया अनुरोध



**रांची।** झारखंड प्रदेश जनता दल (यूनाइटेड) के प्रवक्ता एवं युवा नेता सागर कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ट्विटर पर संदेश भेज कर जाने-माने पत्रकार सुनील सौरभ के इलाज में सहयोग करने हेतु आग्रह किया है। श्री कुमार ने अपने संदेश में मुख्यमंत्री से कहा है कि श्री सौरभ वर्तमान में किडनी के रोग से ग्रसित हैं और पारस अस्पताल, पटना में भर्ती हैं। उनके इलाज में होते खर्च को देखते हुए राज्य सरकार की ओर से यथोचित सहयोग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने श्री सौरभ के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# पढ़ी गई अलविदा की नमाज



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

माह रमजान के आखिरी जुमा की नमाज जिलेभर में पूरी अकीदत और पाकीजगी के माहौल में अदा की गई। तपती धूप और चिलचिलाती गर्मी में रोजेदारों ने भारी संख्या में शहर और आसपास की मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज अदा की। शुक्रवार को अलविदा जुमा को लेकर सुबह से ही मुस्लिम बहुल मोहल्लों में उत्साह का माहौल था। लोग अलविदा जुमा की नमाज के लिए सुबह से ही तैयारियों में जुट गए थे। रमजान की आखिरी जुमे की नमाज पढ़ने के साथ ही ईद की तैयारियों में जुट गए है। शहर के जोहरा मस्जिद में 12.30 बजे नमाज अदा की गई, जबकि बड़ी मस्जिद में 1.30 बजे अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई और मदीना मस्जिद में एक बजे नमाज पढ़ी गई। जिले की सबसे बड़ी जामा मस्जिद में अलविदा जुमा की नमाज में अदा हुई, जिसमें शहर काजी व पेशे इमाम मोहम्मद मुहिबुल्ला ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इससे पहले अपनी तकरीर में उन्होंने कहा कि अफसोस है कि माहे रमजान अब हमसे रुख्सत हो रहा है। इसके साथ ही नमाजी भी मस्जिदों से रुख्सत हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि माहे रमजान अहले इमान को दर्स देता है कि कैसे साल भर लोग तकवा, ईमानदारी और बंदगी के साथ अपनी जिंदगी गुजारे। उन्होंने बताया कि अलविदा की नमाज में शहर में सुख-शांति और देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। बताया गया कि खूंटी में शनिवार को ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। जोहरा मस्जिद में सुबह आठ बजे, जामा मस्जिद में दो पाली में नमाज अदा की जाएगी, जिसका समय है 7.45 और आठ बजे। मदीना मस्जिद में आठ बजे नमाज अदा की जाएगी, जबकि तोरपा, कर्रा, रनिया और मुरहू में भी आठ बजे नमाज पढ़ी जाएगी। अड़की के सिंदरी में भी आठ बजे नमाज पढ़ी जाएगी। ईद की नमाज को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये है। मस्जिदों से लेकर ईदगाह के आसपास मजिस्ट्रेट एवं सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं।

# वामदलों का 20 मई को राज्यस्तरीय सम्मेलन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वामदलों की एक बैठक शुक्रवार को भाकपा माले राज्य कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता पोलित ब्यूरो कमेटी के सदस्य जर्नादन प्रसाद ने की। वामदलों के नेताओं ने केन्द्र सरकार को तानाशाह बताया। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए व वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध करने के लिए 20 मई को वामदलों का राज्यस्तरीय सम्मेलन बुलाया है। उन्होंने देश बचाने की लड़ाई में वाम जनवादी ताकतों को एकताबद्ध कर संघर्ष करने का आह्वान किया। इसके लिए वाम दलों ने आगामी 20 मई को राजधानी रांची में एक राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। यह सम्मेलन झारखंडी जनता के सवाल और वाम जनवादी शक्तियों का संघर्ष विषय पर आयोजित होगा। इसके लिए 10 सूत्री जनमुद्दों पर आधारित चार्टेड ऑफ डिमांड तैयार किया गया। इसमें जन आंदोलन से जुड़े कई हस्तियों को आमंत्रित किया जाएगा। इसमें स्थानीय एवं नियोजन नीति पर सर्वदलीय बैठक आयोजित कर स्थानीय एवं नियोजन नीति जल्द तैयार करने, रोजगार की गारंटी देने, जंगल, जमीन और खनिज लूट और विस्थापन पर लगाम लगाने, महंगाई और श्रम कानूनों में संशोधन वापस लेने सहित कई मांगें की जाएंगी।

# इलाज के लिए रानी कुमारी ने तेजस्वी यादव से किया अनुरोध

**रांची/पटना।** राष्ट्रीय जनता दल, (महिला प्रकोष्ठ) की झारखंड प्रदेश अध्यक्ष रानी कुमारी ने शुक्रवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को ट्विटर पर संदेश संप्रेषित कर बिहार के जाने-माने पत्रकार सुनील सौरभ के इलाज में सहयोग करने का अनुरोध किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे गए संदेश में कहा है कि पत्रकारिता जगत में सुनील सौरभ की उत्कृष्ट उपलब्धियां रही हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए देश की कई नामी-गिरामी संस्थाओं द्वारा उन्हें सम्मानित किया जा चुका है।

**पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट' कार्यक्रम आज**

# 'लेजर शो' होगा कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण : श्रेया तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को रांची में 'शेयर द प्लांट, सेव द प्लेनेट' कार्यक्रम का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। पृथ्वी दिवस तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए संध्या 06:00 बजे से रांची स्थित मोरहाबादी मैदान में प्रकृति संरक्षण हेतु जागरूकता के प्रचार एवम प्रसार विषयक ₹लेजर शो₹ तथा ₹पौधा वितरण₹ का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। उक्त जानकारी परिवर्तन संस्था की सचिव श्रीमती श्रेया तिवारी ने दी। श्रेया तिवारी जी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि इस आयोजन से हम झारखंड में प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण के संवर्धन के साथ-साथ प्राकृतिक रूप से भौतिक, संस्थागत, सामाजिक और आर्थिक बुनियादी मूल्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक प्रसारित करते हुए प्रकृति मित्र के रूप में कार्यरत रहने हेतु प्रेरित करना चाहते हैं । वर्तमान परिदृश्य में राज्य में विकास के नाम पर प्रत्यक्ष झ अप्रत्यक्ष रूप से प्राकृतिक संतुलन चक्र को अव्यवस्थित किया जा रहा है। इसके दुष्प्रभावों से अवगत कराने और लोगों को जागरूक करने हेतु संस्था संकल्पबद्ध है।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम–प्रकाश कुमार सिंह, रंग–गोरा,
ऊँचाई – 6 फीट,
पहचान चिह्न–चेहरा रोबदार एंव मुछे रखते है
एंव मानसिक रूप से असामान्य है।

उपरोक्त लापता पुरूष प्रकाश कुमार सिंह, पे0– नवीन कुमार सिंह, वर्तमान पता– न्यु पुलिस लाईन, काँके रोड़, स्थायी पता– सा0– चैनपुर, पोस्ट+ थाना–तरैया, जिला– छपरा (बिहार) है जो घर से बिना बताए कहीं चले गए जो आज तक घर वापस नही आए जिसके संबंध में गोन्दा थाना सनहा सं0–17/23, दिनांक–27–03.2023,दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता पुरूश कहीं मिलतें हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची। – 9431102090
थाना प्रभारी गोन्दा, राँची। – 9431706162

वरीय पुलिस अधीक्षक
राँची

PR 295712 Police (23-24)_D

**प्राथमिकी** सचिवालय घेराव केस : आज थाने जाकर होगा बयान दर्ज

# जनभावनाओं को कुचलना चाहती है सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित सचिवालय घेराव कार्यक्रम को लेकर दर्ज केस में भाजपा नेता आज धुर्वा थाने जाकर बयान दर्ज कराएंगे। धुर्वा पुलिस ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश समेत अन्य नेताओं को 41 ए के तहत नोटिस देकर पूछताछ के लिए 22 अप्रैल को बुलाया था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा के आंदोलन ने हेमंत सरकार की दमनकारी सोच को पूरी तरह उजागर कर दिया है। यह सरकार अपने खिलाफ आंदोलन करनेवालों के साथ आतंकवादियों, देशद्रोहियों जैसा व्यवहार करती है। अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए यह सरकार अत्याचारी बन गई है। इसलिए लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे नेताओं पर यह सरकार संगीन अपराध की धाराएं लगाती है। आनन फानन में नोटिस भेज कर पूछताछ के लिए थाना बुलाती है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा मुकदमों से नही डरती। भाजपा ने जनभावनाओं के अनुरूप सदन से सड़क तक राज्य सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार,ठगबंधन की वादा खिलाफी को उजागर करने के लिए संकल्पबद्ध है। दीपक प्रकाश ने कहा कि उनके साथ भाजपा विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल, सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक 22 अप्रैल को धुर्वा थाना में पूछताछ के लिए हाजिर होंगे और सारे सवालों का संवैधानिक रूप से जवाब भी देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं कार्यकताओं ने कोई पद और शासन का दुरुपयोग करते हुए अपने नाम खान खनिज का आवंटन नहीं कराया है, कोई आदिवासी की जमीन नही हड़पी है, कोई पत्थर ,बालू की लूट नही की है, शराब के घोटाले नही किए हैं,दलितों की जमीन नही लुटवाई है, महिलाओं, किसानों, युवाओं, पिछड़ों को प्रताड़ित नही किया है, फिर डर कैसा? उन्होंने कहा कि भाजपा ने तो घोषणा करके डंके की चोट पर लूट भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत सभी भाजपा नेता पूछताछ में पुलिस के सवालों का जवाब देंगे।

**झारखण्ड सरकार पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**
अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–05/2022–23 (4th Call)    तिथि :– 21.04.2023

P.R. No. 276739, 286608 & 293740 (Drinking Water and Sanitation) 22-23 (D)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 21.04.2023 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 26.04.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 02.05.2023 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य की मूल प्रति जमा करने की अंतिम तिथि, समय एवं स्थान | 03.05.2023 को 02:00 बजे अपराह्न में कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 04.05.2023 को 2:00 बजे अपराह्न में |
| 9. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, रॉंची। |
| 10. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 11. | ई– प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer ( Make:Kirlosker/ABB/Crompton Greaves/Synergy ) with all required accessories for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub -Station (Old) Rukka under D.W . & S. Mechanical Urban Division, Ranchi. | 82,04,082.00 | 1,64,100.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | Four months |

नोट:–(i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तो की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR 295664 Drinking Water and Sanitation(23-24)D

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।



### अंतिम इफ्तार पार्टी में शामिल हुए प्रशासनिक पदाधिकारी

# सभी धर्म हमें आपसी भाईचारगी सिखाते हैं : डॉ. असलम परवेज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रमजान के मुबारक मौके पर शुक्रवार अंतिम इफ्तार पार्टी की विशेषता इस लिए है की यह पार्टी राजधानी के प्रख्यात समाजसेवी डॉ. असलम परवेज के आवास तस्लीम महल में हुई। इस आलीशान इफ्तार पार्टी में पुलिस महकमे के आला अधिकारियों समेत शहर के प्रबुद्ध नागरिक और मश्हूर हस्तियां भी शामिल हुए। हदिसों में आता है कि जिसने भी रोजेदार को इफ्तार कराया अल्लाह उससे बहुत ही खुश होता है। रोजेदारों की अहमियत अल्लाह की नजर में बहुत ही अहमियत है। शुक्रवार को आज आखिरी रोजा और अलविदा की नमाज पढ़ी गयी। हर मस्जिदों में नमाज के बाद दुनिया में शांति के लिए दुआएं मांगी गयी और अपने रोजे रखने की मजदूरी अल्लाह से मांगते नजर आये। इस दावते इफ्तार पार्टी मे मुख्य रुप से डीआईजी शम्स तबरेज, सीनियर एसपी कौशल किशोर, ट्रैफिक एसपी हरीश जमा खान, ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, पुलिस थाना प्रभारी, अकील उर रहमान, माही के अध्यक्ष इबरार अहमद, प्रोफेसर शाहनवाज कुरैशी, खालिद खलील, मो इस्लाम, पत्रकार मुस्तकिम आलम, लाडले खान, सैयद नेहाल अहमद, पत्रकार नौशाद, हाजी नवाब, एस अली, कांग्रेसी नेता शमशेर आलम, कारी जान, जय सिंह यादव समेत कई लोग मौजूद थे। पवित्र महीना रमजान के आखिरी दिन गुरुवार को रांची के तस्लीम महल में शहर के जाने माने शख्सियत डॉ असलम परवेज की ओर से रोजा इफ्तार का दावत दिया गया। जिसमें गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों व हिंदू मुस्लिम ने एक साथ एक पंक्ति में बैठकर रोजा खोला। भारत ही एक ऐसा देश है जहां सभी धर्मो के लोग मिलजुल कर एक साथ अपने-अपने त्योहारों को मनाते है। मौके पर मौजूद मुस्तकीम आलम, नसीम अख्तर ने इफ्तार पार्टियों को आपसी सौहार्द की मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि एक ही दसतरख्वान पर हर समुदाय के लोगों की उपस्थिति होती है जो सराहनीय कहा जाएगा। इससे पहले अजान की आवाज पर लोगों ने एक साथ रोजा खोला तथा मगरिब की नमाज अदा की। हसीन मंजर इस वक्त देखने को मिला जब सैकड़ों लोगों ने खजूर से रोजा खोल कर अल्लाह का शुक्रिया अदा किया और मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी।

# हाय-हाय गर्मी : पारा 44 के पार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में गर्मी का प्रकोप जारी है। राज्य के 24 जिलों में से 17 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक रिकॉर्ड किया गया। वहीं राज्य के पूर्वी भाग संथाल, कोल्हान और पश्चिमी भाग में हीट वेव का प्रकोप ज्यादा दिखा। लेकिन गुरुवार को शाम होते होते राजधानी रांची में भी आसमान में हल्की बारिश और हवा में नमी की वजह से चिलचिलाती गर्मी से राहत मिली है। वहीं पलामू जिले में उत्तरी भाग में शुक्रवार को अगले 03 घंटे के लिए मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी करते हुए मौसम साफ होने तक सजग और सतर्क रहने की अपील की गयी है।



झारखंड के 17 जिलों में कल पड़ेगी भीषण गर्मी, मौसम विभाग ने हीट वेव को लेकर किया येलो अलर्ट जारीतपिश और हलक सूखा देने वाला गर्मी के बीच रांची मौसम विज्ञान केंद्र ने झारखंडवासियों के लिए गर्मी से राहत की खबर दी है। मौसम केंद्र रांची ने अपने मौसम पूर्वानुमान में 21 अप्रैल को राज्य के एकाध इलाके में हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं 22 और 23 अप्रैल को राज्य में हल्की बारिश का क्षेत्र बढ़ेगा। अगले चार दिन में हल्की बारिश और आसमान में आंशिक बादल छाए रहने से अधिकतम तापमान में 04 डिग्री सेल्सियस तक कि गिरावट होगी। अधिकतम तापमान में कमी की वजह से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने से आसार हैं। इस दौरान कोल्हान और संथाल के इलाके में कुछेक जगहों पर गर्म हवाएं चल सकती हैं। वहीं राज्य के पश्चिमी तथा मध्य भाग के ऊपर बनी टर्फ लाइन और हवा के बिखराव की वजह से मिलने वाली नमी का असर दिखेगा और लोगों को गर्मी से राहत मिलता महसूस होगा।दरांची मौसम केंद्र के कार्यकारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि पिछले 24 घंटे में झारखंड में मौसम शुष्क रहा है।

## अडाणी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये : आभा सिन्हा

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता आभा सिन्हा ने अडानी को लेकर शुक्रवार को केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हिडंनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी के खाते में 20 हजार करोड़ रुपये कैसे आये हैं, यह केंद्र सरकार को बताना चाहिए। केंद्र सरकार ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द कर अडाणी के मुद्दा से भटकाने का काम किया। उन्होंने कहा कि अडाणी के खाते में इतनी बड़ी रकम कैसे आयी, जब अडानी के शेयर औंधे मुंह गिर रहे थे, तब एसबीआई और एलआईसी ने उन्हें अपने पैसे कैसे दिए और किसके आदेश से दिए। उन्होंने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक देश है।

# फर्नीचर दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



नगर के सदर थाना क्षेत्र के कोकर इंडस्ट्रियल एरिया हनुमान मंदिर के समीप एक फर्नीचर की दुकान और गोदाम में शुक्रवार सुबह भीषण आग लग गई । इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने नहीं होने की खबर है, लेकिन लाखों का नुकसान हुआ है। बताया गया कि कोकर इंडस्ट्रियल एरिया हनुमान मंदिर के समीप स्थित एक दुकान व कॉम्प्लेक्स के संचालक अशोक अग्रवाल और उनके परिवार के छह सदस्य कॉम्प्लेक्स के प्रथम तल्ले रहते थे। सुबह अचानक कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई। आग से प्लास्टिक की कुर्सी, टेबल और प्लाई के समान थे, जो जलकर पूरी तरह से राख हो गया है। किसी तरह कॉम्प्लेक्स के ऊपर रह रहे परिवार के सभी छह सदस्यों को बाहर निकाल लिया गया। वहां पास में स्थित पेट्रोल पंप के कर्मचारियों ने आग लगने की सूचना पुलिस को दी। आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी है । आग की लपटे इतनी भयावह थीं कि दुकान तक कोई भी सामने नहीं जा पा रहा था। मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड के अधिकारी राजेंद्र राम बताया कि सुबह तीन बजे से आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड के सात वाहन आग बुझाने में लगे हुए हैं।

# पानी की समस्या होगी दूर : राय

**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

केरल राज्य की त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के अध्ययन के लिए झारखंड विधान सभा की सात सदस्यीय टीम के साथ गये जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि केरल में होने के बावजूद वे गर्मी के मौसम में अपने विधानसभा क्षेत्र के कतिपय इलाकों में पेयजल की हो रही कठिनाई के प्रति वे पूरी तरह सजग हैं और वे तथा उनकी टीम के लोग जेएनएसी और टीएसयुआईएल के साथ समन्वय बनाकर कठिनाइयों का समाधान करने के लिए सक्रिय है। श्री राय ने कहा है कि लक्ष्मीनगर, प्रेमनगर, झगड़ू बगान आदि इलाकों में पेयजल की आपूर्ति का कनेक्शन रामाधान बगान की पानी टंकी से जोड देने के कारण कम प्रेशर और दो-तीन लेन में पानी नहीं पहुँचने की शिकायत मिल रही है। मैने टाटा स्टील युआईएल के अधिकारियों से इन इलाकों में बर्मा माईंस पेयजल टंकी से भी कनेक्शन चालू करने के लिए कहा है, जिसे उन्होंने मान लिया है। साथ ही उन्होंने जलापूर्ति टैंकर की संख्या बढ़ाकर ऐसे इलाकों में पानी पहुँचाने का आश्वासन दिया है।



श्री राय ने बताया कि भुईयाडीह के बाबूडीह-लाल भट्टा इलाकों में पीने का पानी पहुंचाने की विगत 25 वर्षों से लंबित पड़ी परियोजना पर आज से काम शुरू हो गया। लिंडे पार्किंग मैदान में जल प्रसंस्करण संयंत्र लगाने के लिए मैदान की चहारदीवारी करने का का काम आज शुरू हो गया। योजना में तेजी लाने और इसकी प्रगति के बारे में जानकारी करने के लिए अगले सोमवार को कंपनी के संबंधित अधिकारी के साथ मेरी बैठक होगी। इस बीच लाल भट्टा- बाबूडीह में पानी देने के लिए बनायी गयी व्यवस्था में पानी नहीं जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसका कारण है कि इस पाईप लाईन में से कई लोगों ने अवैध कनेक्शन ले लिया है। मैने टाटा स्टील युआईएल के अधिकारियों से कहा है कि अवैध कनेक्शन को वैध करते हुए लाल भट्टा-बाबूडीह के लिए अलग से जलापूर्ति की व्यवस्था करें। इसके लिए कंपनी की टीम क्षेत्र का दौरा करेगी। जरूरत के अनुसार टैंकरों से पानी पहुँचाया जाएगा। इस बीच ब्राह्मण टोला- ग्वाला बस्ती के जल-जमाव की वर्षों पुरानी समस्या दूर करने के लिए नया पाईप बिछाने का काम चल रहा है। कुछ लोग इसमें बाधा डाल रहे हैं। यह एक जरूरी काम है। राजनीतिक कारणों से इसमें अड़ंगा लगाने वालों से अनुरोध है कि वे अपनी करतूत से बाज आएँ और जनहित का जो काम गत 25 वर्षों में नहीं हो सका उसे होने दें, किसी के इशारे पर जनहित विरोधी काम न करें, किसी के हाथ की कठपुतली न बनें। कुछ कहना-बताना है तो मुझसे या क्षेत्र में मेरे मंडल अध्यक्ष से बात करें। वे यह समझ लें कि उनके अड़ंगा डालने से जनहित का यह काम नहीं रूकेगा।

## दिल का दौरा पड़ने से समाजशास्त्री डॉ सुरेंद्र पांडेय का निधन

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग के सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष रहे डॉ सुरेंद्र पांडेय का शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। इसी वर्ष फरवरी में सेवानिवृत्त हुए डॉ पांडेय 65 वर्ष के थे। परिजनों ने बताया कि सुबह सीने में दर्द की शिकायत होने पर वह खुद ही बाइक चलाकर रिम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचे थे। ट्रॉमा सेंटर पहुंचते ही डॉ पांडेय बेहोश होकर गिर पड़े। वहां मौजूद गार्ड ने उन्हें आनन-फानन में स्ट्रेचर से इमरजेंसी तक पहुंचाया, लेकिन तब तक डॉ पांडेय का निधन हो चुका था। डॉ सुरेंद्र पांडेय अपने पीछे पत्नी, तीन पुत्री व एक पुत्र समेत भरापुरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके आकस्मिक निधन पर समाजशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पीके सिंह समेत अन्य शिक्षकों ने दुःख प्रकट किया। उन्होंने डॉ पांडेय के निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। डॉ पांडेय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक पहचान बनाई थी। उनकी पढ़ाई से बच्चे काफी खुश रहते थे। वह समाजशास्त्र में अपनी प्रकाष्ठा कायम की थी और वह इसमें उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी पहचान बनाई।

**बढ़ावा देना** | श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को बढ़ावा देगा बीएयू


# मोटे अनाज प्रदर्शनी में शामिल करें किसान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीनस्थ सभी कैंटीन, छात्रावास एवं मेस, अतिथि गृह के अलावा खाद्य प्रदर्शनी, कृषि प्रदर्शनी एवं विभिन्न कार्यक्रमों में अब श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को आवश्यक रूप से शामिल किया जायेगा। कुलपति डॉ. ओंकार नाथ सिंह के आदेशानुसार सबंधित आदेश को कुलपति के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. पीके सिंह ने शुक्रवार को जारी कर दी है। विवि के सभी अधिष्ठाता, सभी निदेशक, सभी सह-अधिष्ठाता, कुलसचिव, नियंत्रक, सभी विभागों के अध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को भेजे गये इस पत्र में अधीनस्थ सभी ईकाइयों में श्री अन्न (मिलेट्स) के उत्पादों को बढ़ावा देने और आवश्यक रूप से शामिल करने की बात कही गयी है।



इसे अविलंब अमल में लाये जाने को कहा गया है। इस सबंध में बीएयू कुलपति को आईसीएआर के सहायक महानिदेशक (शिक्षा योजना एवं गृह विज्ञान) ने एक पत्र भेजा था। जिसमें श्री अन्न के उपयोग को कृषि विश्वविद्यालयों में बढ़ावा देने को कहा गया था। पत्र में कहा गया है कि विश्वभर में वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के राज्य मंत्री ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) के सभी संस्थानों तथा देश के कृषि विश्वविद्यालयों में श्री अन्न के उपयोग को बढ़ावा देने का निर्देश महानिदेशक, आईसीएआर को भेजी है। इसी आलोक में देश के कृषि विश्वविद्यालयों में इसे लागु किया जाय। इस पर प्रकाश डालते हुए कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने बताया कि प्राचीन काल से ही भारत वर्ष में मिलेट्स उत्पादों का सेवन किया जाता रहा है। 60 के दशक में देश की खाद्यान्न आवश्यकता की पूर्ति के लिए धान एवं गेहूं को बढ़ावा देने की वजह से मिलेट्स उत्पाद भारतीयों की थाली से दूर होते चले गए। जबकि आज भी भारत, दुनिया में मिलेट्स (मोटे अनाजों) का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। उन्होंने बताया कि भारत और विश्व स्तर पर कोविड-19 महामारी के दौरान पोषक तत्वों से युक्त भोजन की मांग में वृद्धि के कारण मोटे अनाजों और मोटे अनाजों के उत्पादों को बढ़ावा मिला है। मोटे अनाज के निर्यात में दुनिया का अग्रणी देश बनने की दिशा में भारत द्वारा अनेकों कार्य योजनाओं पर पहल की जा रही है। हाल में भारत सरकार ने मोटे अनाज को श्रीअन्न का नाम दिया है और इसे बढ़ावा देने के लिए श्रीअन्न योजना शुरूआत की है। राज्य सरकार ने भी मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मिलेट मिशन योजना शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उपमहाद्वीप में, मोटे अनाजों को पोषक तत्वों के भंडार के रूप में एक उत्कृष्ट अनाज माना जाता है। मोटे अनाजों की सभी किस्मों में उच्च एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, ये ग्लूटेन मुक्त होते हैं तथा इनसे एलर्जी भी नहीं होती है।



**NEWS इन ब्रीफ**

### रांची में 22 और 23 अप्रैल को जिला मलखंब प्रतियोगिता

**रांची।** रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वावधान में दो दिवसीय पुरुष, महिला मलखंब प्रतियोगिता 22 और 23 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय सेक्टर -2 के प्रांगण में होगी। रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय झा ने बताया कि इस प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला सब जूनियर, जूनियर, सीनियर टीम का चयन किया जाएगा। आगामी माह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रांची जिला का प्रतिनिधित्व करेगी। इस प्रतियोगिता में रांची जिले के सभी कोटि के मध्य-उच्च विद्यालय, महाविद्यालय, क्लब एवं ग्रामीण क्षेत्र की टीम भाग ले सकती हैं।

### बेड़ो के पुरियो में शिव मंडा पूजा को लेकर बैठक आयोजित

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के पुरियो गांव में ऐतिहासिक शिव मंडा पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर शुक्रवार को गांव स्थित शिव मंदिर मंडा पूजा स्थल के समीप बैठक का आयोजन किया गया बैठक के दौरान शिव मंडा पूजा आयोजन समिति के संरक्षक राम साहू, अशोक महतो, दिनेश महतो, नीरज कुजुर, वशिष्ट गिरी, सुरेश महतो, आनंद साहू, बसंत महतो समेत अध्यक्ष सुखलाल लोहरा उपाध्यक्ष सरोज गोप सचिव अर्जुन महतो उप सचिव रमेश महतो कोषाध्यक्ष जगना महत्व शाह कोषाध्यक्ष जितेंद्र गिरी जनार्दन भगत वाह सदस्यों में जितेंद्र भगत, संतोष तिवारी, बबलू टोप्पो, विनोद मिंज, सोमरा उरांव समेत कई लोग शामिल हुए। बैठक में धार्मिक अनुष्ठान फुल कुंदी का कार्यक्रम 30 अप्रैल और झूलन सह जतरा का आयोजन 1 मई को किया जाएगा।

### बिशप स्कूल बहु बाजार ने पृथ्वी दिवस मनाया गया

**रांची।** बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में प्रधानाचार्य आईए जैकब के नेतृत्व में शुक्रवार को पृथ्वी दिवस मनाया गया। इसमें छात्रों को पर्यावरण की सुरक्षा, बढ़ते प्रदूषण के खतरों और उनके निवारण के बारे में बताया गया। शिक्षिका ओलिव मरांडी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाए जाने के विषय में जानकारी दी। छात्रों ने प्रदूषण मुक्त हरी-भरी पृथ्वी की सुरक्षा की प्रतिज्ञा ली। मौके पर रजनी सेमुएल, सलीम गुड़िया, जेपी वर्मा व अन्य मौजूद थे।

### चेतना श्री को अमर साहित्य रत्न सम्मान मिला

**रांची।** रांची की चेतना श्री को काव्य संग्रह ह्यवामा के लिए अमर साहित्य रत्न-2023 सम्मान प्रदान किया गया है। एसआर डीएवी पुंदाग से 12वीं की परीक्षा देने के बाद चेतना श्री ने इस काव्य संग्रह को पूरा किया। रचना में वर्तमान भारतीय समाज में पुरुष सत्तात्मक व्यवस्था का चित्रण किया गया है। प्रारंभ से ही चेतना श्री का झुकाव हिन्दी साहित्य की ओर रहा है। हाल के दिनों में ही चेतना श्री के काव्य रचना ह्यबस कुछ सवाल, ह्यएक थी कोई और ह्यए मुसाफिर के लिए साहित्य सेवा भारती रत्न से भी सम्मानित किया गया था।

### परमिट नवीकरण के लिए 38 स्कूल बस मालिकों को नोटिस

**रांची।** शहर में चल रही 38 स्कूली बस के मालिकों को परमिट नवीकरण कराने के लिए आदेश जारी किया गया है। यह नोटिस क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार (आरटीए) की ओर से जारी किया गया है। इस नोटिस में बस मालिकों को परमिट नवीकरण कराने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है। आरटीए सचिव की ओर से इन सभी बस मालिकों को व्यक्तिगत स्तर पर भी नोटिस थमाया जाएगा।

# सीयूजे में मनाया गया राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस मनाया गया। सीयूजे ने पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया रांची चैप्टर के साथ मिल कर कार्यक्रम किया। इस अवसर पर जी 20 और भारतीय मूल्य जनसंपर्क परिप्रेक्ष्य विषय पर चर्चा की गयी। मुख्य वक्ता के तौर पर झारखंड सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की उप निदेशक शालिनी वर्मा शामिल रहीं। उन्होंने कहा कि संचार में विनम्रता और शुद्धता जनसंपर्क में अत्यंत महत्वपूर्ण है। जनसंपर्क पेशेवर को मानवीय संबंधों में निपुणता के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी कौशल में भी पारंगत होना चाहिए। जी 20 की अध्यक्षता भारत के लिए सांस्कृतिक विरासत और विचारधारा के साथ-साथ समावेशी विकास, नवाचार के भारतीय दृष्टिकोण को प्रचारित करने का एक बड़ा अवसर है। डॉ। राजेश कुमार,डॉ। सुधीर कुमार, डॉ। सुदर्शन यादव, सहायक प्रोफेसर पंकज जैन, मधू सिन्हा, सौरव समेत विभाग के सभी शोधार्थी और छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

### रातू क्षेत्र के मस्जिदों सुबह 8:30 बजे सुबह होगी ईद की नमाज

**रातू।** रातू आसपास क्षेत के विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल फितर का नमाज का समय सारणी निर्धारित कर दिया गया है। मस्जिदों और ईदगाहों में निर्धारित समय के अनुसार ईदगाह टँगरा बिजुलिया ईदगाह में शनिवार की सुबह 8:30 बजे ईदउल फितर की नामज अदा की जायेगी। यहां 8 गांव बिजुलिया, अगड़ू, चपाटोली, भोंडा, बाजपुर, तिगरा, हिसरी, कोटा के लोग नमाज अदा करेंगे। इसके अलावा फुटकलटोली ईदगाह में 7:15 बजे, सीमलिया ईदगाह में 8 बजे, रातू ईदगाह में 9 बजे काठीटांड, बड़काटोली,आमटांड चट्टी के लोग नमाज अदा करेंगे। हुरहुरी ईदगाह में 8:30 बजे ,पाली मस्जिद में 8 बजे, जाड़ी दारुल उलूम इस्लाम नगर ईदगाह में 7:30 बजे पुरियों,जाड़ी व बनापीडी के लोग नमाज अदा करेंगें। ईद को लेकर प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर कमरुल हक ने ईदुउल फितर की बधाई देते हुये लोगों से शान्ति, सद्भाव, भाईचारगी व एकता के माहौल में ईद का त्यौहार मनाने की अपील की है।

# 'सुरक्षित पृथ्वी स्वस्थ जीवन' थीम पर कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस के अवसर पर 'सुरक्षित पृथ्वी स्वस्थ जीवन' थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रीसिंपल डॉ। नीता पांडेय ने बच्चों को पृथ्वी का महत्व समझाया। डॉ। नीता पांडेय ने कहा कि पृथ्वी एक ऐसा ग्रह है, जहां जीवन के विकास सहित अन्य मानव संसाधन उपलब्ध हैं। इस ग्रह पर हमारी असंख्य पीढ़ियां पली-बढ़ी हैं। आने वाले समय में भी कई पीढ़ियां यहां विकसित होंगी। इसलिए हमारा यह दायित्व है कि हम पृथ्वी को सुरक्षित रखने में अपना महत्तम योगदान दें। प्रीसिंपल ने आगे कहा कि हमारी जागरूकता और छोटी-छोटी आदतें पृथ्वी को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। इससे पहले स्कूल में इंटर हाउस



नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें यमुना हाउस को पहला, सतलज और गोदावरी हाउस को दूसरा और गंगा हाउस को तीसरा स्थान मिला। इस अवसर पर बच्चों ने ह्य बेस्ट आउट ऑफ वेस्टह्व प्रदर्शनी के लिए कबाड़ की वस्तुओं से उपयोगी सामान बनाकर पृथ्वी को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संयोजन एक्टिविटी कोर्डिनेटर आशा राज, कोर्डिनेटर विनीता वर्मा और मीनू सहाय ने किया। इस दौरान गौतम कुमार नायक और डॉ शिल्पा शाहदेव बतौर निर्णायक उपस्थित रहीं। मंच का संचालन विनीत कौर ने किया। बच्चो ने क्रमशः गंगा, यमुना, सतलज और गोदावरी हाउस की इंचार्ज कावेरी भट्टाचार्य, शारदा सुमन,कुमारी पूजा और सुषमा तिवारी के निर्देशन पर कार्यक्रम की प्रस्तुत की।

### ईद को लेकर रातू थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित

# रातू में अमन के साथ ईद मनाने का लिया गया निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। रातू** प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को ईद का त्योहार को ले कर शांति समिति की बैठक थानेदार सपन कुमार महत्ता की अध्यक्षता आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सैकड़ो सदस्यों ने हिस्सा लिया। सदस्यों ने ईद का त्यौहार शांति और आपसी भाईचारगी के साथ मनाने का निर्णय लिया। वहीं ईद की नामज अदा करने के समय मस्जिदों और ईदगाहों पर शांति समिति के लोगो की उपस्थिति पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुऐ थाना प्रभारी सपन कुमार महत्ता ने कहा



कि, त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है । त्योहार के दिन क्षेत्र में पुलिस बल की गस्ती रहेगी। ईदगाहों पर जवान तैनात किए जाएंगे। शांतिभंग करने वालो को किसी भी कीमत पर बक्शा जायेगा। उन्होंने कोई भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की बात कही। बैठक को शमीम मंसूरी, बेलाल अंसारी, अरशद अयुप, खलील अंसारी, रामाधीर तिवारी, राजकुमार साहू, कामेश्वर महतो, महावीर विश्वकर्मा आदि लोगो मे संबोधित किया। इस मौके पर सीआई संतोष उरांव, इमरान खान, राजेश, सिंह, रजब अली, कुदुस अंसारी, रमेश दयाल, असलम अंसारी, मियांजान अंसारी,धर्मेंद्र सिंह, मुस्ताक अंसारी, संजीव तिवारी आदि लोग शामिल थे।

### कांग्रेस के विरोधी नेता पार्टी से बाहर किए जा सकते हैं

**रांची।** कांग्रेस से निलंबित नेता आलोक कुमार दूबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, राजेश गुप्ता छोटू, रमेश उरांव, मनोज कुमार झा आदि को पार्टी से बाहर किया जा सकता है। इस बात के संकेत प्रदेश कांग्रेस ने दिए हैं। ये नेता पहले से ही पार्टी से निलंबित किए जा चुके हैं। निलंबित होने के बाद भी इनका पार्टी संगठन, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के खिलाफ लगातार बयानबाजी और अब इनके खिलाफ आंदोलन के जरिए सीधा मोर्चा खोलने के मामले को प्रदेश अनुशासन समिति ने गंभीरता से लिया है। समिति एवं पार्टी प्रदेश नेतृत्व इनकी गतिविधियों पर बारिकी से नजर बनाए हुए है। अगर ये लोग अपनी गतिविधि को विराम नहीं देते और आगे भी इनका यही कदम रहा तो निश्चित तौर पर इन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

# महिला कॉलेज सहित चार कॉलेज विवि में होंगे अपग्रेड




**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** राज्य के चार कॉलेज को विश्वविद्यालय के रुप में अपग्रेड करने की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य सरकार ने रांची महिला कॉलेज, देवघर कॉलेज, जमशेदपुर कॉपरेटिव कॉलेज और गुमला के केओ कॉलेज को विश्वविद्यालय के रुप में अपग्रेड करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड होने से यहां विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम संचालित हो सकेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा इन कॉलेजों की स्वायत्तता के साथ अपग्रेडेशन की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। रांची महिला कॉलेज वर्तमान में रांची विश्वविद्यालय के अधीन है जहां पीजी तक की पढ़ाई होती है। यूनिवर्सिटी में अपग्रेड होने के बाद यहां विभिन्न विषयों के विभाग खुलेंगे साथ ही नये सिरे से चारों नवसृजित विश्वविद्यालय में पदों का सृजन होगा। रांची विश्वविद्यालय के बहुउद्देश्यीय परीक्षा केन्द्र के निदेशक अशोक कुमार सिंह के अनुसार शिक्षा के सर्वव्यापीकरण के तहत यह कदम उठाया जा रहा है। रांची महिला कॉलेज के पास बड़ा कैंपस के अलावे सारी सुविधाएं हैं जिसे एक विश्वविद्यालय के रुप में विकसित किया जा सकता है।

# बिजली व पानी को लेकर आजसू ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकडा की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें मुख्य रुप से सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो उपस्थित रहे। बैठक में सभी विभाग के वरीय तथा कनिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री महतो ने शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी पर विभागीय पदाधिकारी से वार्ता की। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए जल विभाग के एसडीओ और कनीय अभियंता को सख्त आदेश दिया कि क्षेत्र में जहां भी नलकूप खराब पड़े हैं उनका जल्द से जल्द सर्वे कर उन्हें अविलंब ठीक किया जाए ताकि ग्रामीणों को पानी की किल्लत ना हो। वही कल्याण विभाग के पदाधिकारी से भी कल्याण विभाग द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा किया साथ ही साथ कल्याण विभाग द्वारा



बच्चों को दी जाने वाली निशुल्क साइकिल वितरण की भी जानकारी ली। सभी विभाग द्वारा जनहित में किए गए कार्यों की समीक्षा किया तथा कृषि विभाग को निर्देश दिया गया की जिन किसानों के पास जितनी खेती योग्य जमीन है उन्हें उसी अनुपात में ऋण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। वहां बैठक में उपस्थित मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्यों से कहा कि आप लोग पशुधन के तहत ग्रामीणों को गौ पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन तथा स्वास्थ्य संबंधी सुविधा और सरकार द्वारा संचालित सारी योजनाओं के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बताएं तथा प्रचार प्रसार करें ताकि लोग योजना का लाभ ले सके। इस मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक जिला परिषद उपाध्यक्ष बीणा चौधरी, गुंज परिवार के सुनील सिंह, सिल्ली सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी जितेंद्र महली, उप प्रमुख आरती देवी समेत क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के मुखिया तथा पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### गन्ने की मशीन में हाथ अंदर चले जाने से रस विक्रेता की बेटी गंभीर रूप से घायल

**बेड़ो।** इटकी थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग के किनारे बिरगोड़ा नदी के समीप सुका उरांव गन्ने का मशीन लगाकर रस बेचने का कार्य करता है। जहां शुक्रवार को रस निकालने के दौरान गड़गांव इटकी निवासी सुका उरांव की 15 वर्षीय बेटी प्रियंका कुमारी का हाथ गन्ने के मशीन में आ गया और उसकी हाथ की उंगलियां गंभीर रूप घायल हो गई। जिसे स्वजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर घायल युवती को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि सुका उरांव व उसकी बेटी प्रियंका गन्ने का रस बेचने का कार्य करता है। रोजाना की तरह आज भी गन्ने का रस निकालने के लिए जैसे ही गन्ना मशीन के अंदर डाला तो उसी के साथ दाहिना हाथ भी अंदर चला गया और उंगलियां मशीन की चपेट में आ गई।

# अलविदा के मौके पर सिल्ली थाने में इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन




नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली सिल्ली थाना परिसर मे शुक्रवार की शाम रमजान महीने के दावत- ए- इफ्तार का आयोजन किया गया था। इस दावते इफ्तार में मुस्लिम समुदाय सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पावन आशिष लकडा. ने कहा कि यह रमजान का महीना बहुत ही पाक का महीना होता है। खुदा सबकी बरकत करता है। इस दावत- ए- इफ्तार में सिल्ली थाना प्रभारी आकाशदीप, मुरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार सहित सभी समुदाय के लोग भी शामिल हुए। इस दावत में कई तरह के व्यंजन का इस्तेमाल किया गया था। इस रमजान महीने मे मेल मिलाप से लोगों में काफी खुशी का माहौल रहता है और ईद का त्यौहार भाईचारा का प्रतीक है। मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्यौहार ईद होता है। इस त्यौहार को सभी कोई आपस में मिलकर भाईचारा के साथ मनाए।

**प्रयास** आदिवासियों के विकास को सरकार है प्रयासरत

# महिलाओं को बनाया जायेगा सशक्त

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला** गांव को समृद्ध बनाकर ही राज्य और देश का विकास किया जा सकता है । महिला सखी मंडलों को ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार से जोड़कर उन्हें स्वावलंबी और सशक्त बनाने को लेकर सरकार प्रयासरत है । ये बातें मंत्री चंपई सोरेन ने सरायकेला खरसावां के गम्हरिया प्रखंड स्थित रापचा पंचायत के पदमपुर स्थित गम्हरिया आजीविका संसाधन केंद्र उद्घाटन के मौके पर कही। झारखंड सरकार के ग्रामीण विभाग अंतर्गत जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा संपोषित योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर पशुपालन, कृषि पालन की जानकारी प्रदान कर स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से सखी मंडल कार्यरत हैं । कार्यक्रम में मौजूद सखी मंडलों को स्वरोजगार से लेकर मार्केटिंग की जानकारी प्रदान की गई । इस मौके पर मंत्री चंपई सोरेन ने सखी मंडलों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी मूलवासियों के विकास के साथ



गांव को सशक्त बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है । जिसके तहत इन योजनाओं को संचालित किया जा रहा है । कार्यक्रम के दौरान मंत्री चंपई सोरेन ने डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर और ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर से सखी मंडलों के कार्यों की जानकारी प्राप्ति की । मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया की योजनाएं केवल फाइलों तक सिमट के ना रहे बल्कि इनके प्रोग्रेस रिपोर्ट की भी समीक्षा की जाए, ताकि चल रहे सभी योजनाओं का भरपूर लाभ महिलाओं को मिले । आजीविका संसाधन केंद्र उद्घाटन के मौके पर मंत्री चंपई सोरेन ने सखी मंडल की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके मानदेय बढ़ाने को लेकर प्रयास किया जाएगा । उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे मुख्यमंत्री से बात करेंगे ताकि मानदेय में बढ़ोतरी हो सके । उन्होंने कहा कि महिला स्वावलंबन के दिशा में बेहतर प्रयास होंगे .ताकि यह क्षेत्र महिलाओं के लिए मिसाल बन सके. उद्घाटन समारोह में मंत्री के अलावा जिला परिषद सदस्य पिंकी मंडल, प्रखंड प्रमुख अनीता टूडू ,रापचा गांव की मुखिया सुखमति मार्डी, डुमरा की मुखिया पियो हांसदा, कांड्रा पंचायत मुखिया संकरी सिंह, दुग्धा पंचायत मुखिया मोहन बास्के समेत अन्य गणमान्य तिथि भी मौजूद रहे ।

# झारखंड में 450 करोड़ का शराब घोटाला

### बाबूलाल मरांडी का आरोप : छत्तीसगढ़ की शराब नीति भ्रष्टाचार के लिए ही झारखंड में लागू की गयी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली और छत्तीसगढ़ के बाद अब झारखंड में भी शराब घोटाले का शोर है। पूर्व सीएम और भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने दावा किया है कि झारखंड में शराब नीति के लिए नियुक्त छत्तीसगढ़ की परामर्शी कमेटी ने सिंडिकेट और अधिकारियों से मिलकर सरकार को 450 करोड़ का चूना लगाया है। इधर, छत्तीसगढ़ में शराब घोटाले की जांच कर रही ईडी ने पिछले हफ्ते झारखंड के एक्साइज डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी विनय कुमार चौबे और डायरेक्टर करण सत्यार्थी को नोटिस जारी किया है।

दरअसल झारखंड सरकार ने पिछले साल एक्साइज की नई पॉलिसी लागू की थी और इसे जमीन पर उतारने के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीएसएमसीएल) के साथ करार करते हुए उसे बतौर कंसल्टेंट नियुक्त किया था। ईडी की छत्तीसगढ़ इकाई ने झारखंड के अधिकारियों से इस करार के बारे में अपना पक्ष रखने को कहा है। अब भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की शराब नीति भ्रष्टाचार के लिए ही झारखंड में लागू की गयी। छत्तीसगढ़ की ही कंपनियों को यहां ठेका दिया गया। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ की चार कंपनियों को गलत तरीके से झारखंड में काम मिला। राज्य



सरकार ने शुरूआत में 2300 करोड़ की राजस्व वसूली का दावा किया लेकिन बाद में पता चला कि नुकसान होने वाला है। मैंने गड़बड़ी की आशंका जताते हुए मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी। बाद में जब ईडी ने छत्तीसगढ़ में छापा मारा और मामला झारखंड से जुड़ा तो सरकार ने आनन-फानन में उत्पाद सचिव और आयुक्त को नोटिस जारी किया और 450 करोड़ रुपये की रिकवरी करने को कहा। शराब घोटाले में शामिल अधिकारियों पर कार्रवाई न करके उन्हें नोटिस देना बताता है कि सरकार ने अपनी चमड़ी बचाने के लिए पूरा चक्रव्यूह रचा। मरांडी ने कहा कि ऐसा कोई सेक्टर नहीं है जिसमें हेमंत सोरेन के कार्यकाल में भ्रष्टाचार न हुआ हो। हमने 18 और 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चिट्ठी लिखी। इस चिट्ठी के जरिये हमने उन्हें आगाह किया कि अधिकारियों और बिचौलियों की मदद से कंपनियों को फायदा पहुंचाया गया, लेकिन सरकार ने कार्रवाई नहीं की।

# बार एसोसिएशन ने चुनाव में कुल 14 अभ्यर्थियों ने भरा पर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बार एसोसिएशन बरही के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। आगामी 29 अप्रैल को चुनाव होना तय है। इसके लिए 19 अप्रैल से नामांकन प्रपत्र भरे जा रहे है ।नामांकन के अंतिम दिन कोर्ट परिसर में गहमा गहमी रही। विभिन्न पदों के लिए कुल 14 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। उक्त जानकारी सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोविंद प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता भरत भूषण प्रसाद और झारखंडी साहा अध्यक्ष पद, निवर्तमान सचिव व वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार प्रसाद और राजीव गुप्ता सचिव पद और रामचंद्र प्रसाद और मणिलाल चौधरी संयुक्त सचिव पद के लिए अपना नामांकन प्रपत्र भरे है। उपाध्यक्ष पद के लिए उदय शंकर सिन्हा और कोषाध्यक्ष पद के लिए राधेलाल चौधरी ही एक मात्र अभ्यर्थी है। वही रामकृत सिंह, सुजीत प्रधान, बैजनाथ प्रसाद, सुशील कुमार सिंह, राजू प्रसाद गुप्ता, सुखदेव शर्मा आदि ने कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निवार्ची पदाधिकारी दीपक सत्य शरण ने बताया कि 25 अप्रैल को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। 26 के नाम वापसी के साथ ही 27 को अंतिम रूप सभी उम्मीदवारों का नाम प्रकाशित कर दिया जायेगा। इस चुनाव में बरही बार एसोसिएशन के कुल 36 मतदाता 29 अप्रैल को अपना बहुमूल्य मत का प्रयोग करेगे।

निवर्तमान अध्यक्ष ने चुनाव से खुद को रखा अलग : इस चुनाव से निवर्तमान अध्यक्ष आशीष कुमार ओझा ने स्वय को अलग रखा है। इस संबंध में उन्होंने दलील दी है कि वह अधिवक्ता परिषद संघ जिला इकाई के जिलाध्यक्ष है। जिसके निदेर्शानुसार दूसरे पद के लिए उन्हें चुनाव नही लड़ना है। इन्ही कारण से वह खुद को अलग रख रहे है। हालांकि उन्होंने बरही बार एसोसिएशन के मतदाताओं की संख्या पर नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान मतदाता सूची के अनुसार बरही कोर्ट में मात्र 24 अधिवक्ता ही नियमित है।

# नप कार्यालय में बोर्ड की बैठक आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
नगर परिषद कार्यालय में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया एवं संचालन अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी मो जावेद हुसैन द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। बैठक में विभिन्न योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिली। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के चहुमुखी चहुंमुखी विकास के लिए हम तत्पर है। लोगों की मूलभूत समस्याओं का समाधान करना ही हमारी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी, हेमनी देवी, अर्जुन यादव, चिंतामन महतो, अनिल कुमार गुप्ता, कौशल्या देवी, शिवशंकर मिश्रा, इंद्रदेव राम, अमरीन मंजर, राजेश राम, गणेश पासवान, प्रदीप कुमार, फातमा खातून, गीता देवी, सनियारो बारला, अखिलेश कुमार, देवधारी महतो, रोशन कुमार, जयंती देवी आदि उपस्थित थे।

## पुलिस ने साइबर अपराध के संदेह में दो युवक को लिया हिरासत में, जांच जारी

**बरकट्ठा।** पुलिस ने मासीपीढ़ी गांव से साइबर अपराध और स्कोका एप्प के माध्यम से ठगी के संदेह में दो युवक को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुटी है। साइबर अपराध छापामारी के क्रम में युवकों को पकड़ा गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों युवकों के पास से आधा दर्जन मोबाइल फोन मिला है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दोनों युवकों को एक पुराने मामले में साइबर ठगी में जांच में नाम आया था। उसी सिलसिले में दोनों युवकों के मोबाइल फोन की पड़ताल के बाद अग्रेतर करवाई की जाएगी।

## सडक दुर्घटना में युवक घायल, सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरकट्ठा-परसाबाद मुख्य मार्ग कपका के समीप हुए सडक दुर्घटना में चलकुशा पंचायत चौबे निवासी साजन पाण्डेय पिता रामकिशोर पाण्डेय घायल हो गए।बताया जा रहा है कि युवक नवमीं कक्षा की परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहा था।जिसे घायलावस्था में उसके साथियों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज के लिए भर्ती कराया।घटना की सूचना पाकर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा पहुंचे व चिकित्सकों की देखरेख में घायल युवक का समुचित ईलाज करवाया।

## कोडरमा में अलविदा जुमा की नमाज अदा की

**कोडरमा।** शहर के विभिन्न मस्जिदों में रमजान- उल- मुबारक की अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। जलवाबाद के मदीना मस्जिद में मौलाना शाहदत हुसैन, जामा मस्जिद में कारी खैरुलवरा, बेलाल मस्जिद में हाफिज सफीक, मस्जिद ए हेरा असनाबाद में हाफिज सरफराज ने नमाज- ए- अलविदा जुमा अदा कराई। जबकि भादोडीह मस्जिद में हाफिज मंजर ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। गुमो के जामा मस्जिद में गुलामे मुस्तफा ने अलविदा नमाज अदा कराई। नमाज- ए- अलविदा जुमा को लेकर मुस्लिम मोहल्लों में शुक्रवार की सुबह से ही चहल-पहल देखी गई। खास कर बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। छोटे-छोटे बच्चे नए-नए कपड़े पहन कर नमाज-ए-अलविदा जुमा अदा करने पहुंचे। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के लिए नमाजी पूर्वाह्न 12 बजे से ही मस्जिदों में दाखिल होने लगे थे। अलविदा जुमा के अवसर पर जकात व फितरा मांगने वालों की भीड़ सभी मस्जिदों के पास देखी गई। इस अवसर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों को अपने-अपने घर के मरहुमिनों के नाम से गरीबों को खाना खिलाया और जलवाबाद कब्रिस्तान में फातेहा पढ़ी गई। एक माह रोजा रखने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए ईद का पर्व उपहार के रूप में नसीब होता है। कलंदरिया एसोसिएशन ट्रस्ट प्रसिडेंट हाजी आफताब ने बताया कि इस पर्व के अवसर पर दो रिकअत नमाज-ए- शुक्राना अदा की जाती है। इस पर्व से खुशी, एकता व भाईचारा का संदेश मिलता है।

# अलविदा के नमाज के साथ पाक-ए-रमजान की विदाई

### ईद आज, प्रशासन मुस्तैद, दंडाधिकारी नियुक्त






**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बरही। अलविदा के नमाज के साथ ही पाक माह रमजान की विदाई दी गई। शुक्रवार की चांद रात के साथ ही शनिवार को विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। अलविदा नमाज को लेकर रोजेदारों में जल्दी मस्जिद पहुंचने की होड़ लगी थी। बरही के जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद आदि सहित पंचायत के विभिन्न मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। विभिन्न स्थानों पर नमाजियों के स्वागत हेतु तोरण बनाए गए थे, मस्जिदों को भी सजाने का काम किया गया था। सुरक्षित और शांतिपूर्ण नमाज अदायगी के लिए विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किए गए थे। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार स्वयं गश्ती करते देखे गए।

### 10 स्थानों पर किए गए दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त

ईद शांतिपूर्ण संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन पूरी तरह कटिबद्ध है। इसके लिए प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारी प्रतिनयुक्त किए गए है। जो शनिवार को ईद की नमाज संपन्न करवाने में मदद करेंगे। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार पूरे क्षेत्र की विधि व्यवस्था देखेंगे। इनके निर्देशन में विभिन्न स्थानों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी कार्य करेगे। इसके लिए जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार व पुअनि हिमांशु शेखर सिंह बरही चौक, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मुकेश कुमार सिंह व पुअनि निरंजन सिंह जामा मस्जिद, बीपीओ (मनरेगा) धर्मेंद्र कुमार सिन्हा व पुअनि रामसेवक प्रसाद मक्का मस्जिद, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक व सअनि संजय कुमार ईदगाह कोनरा, पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह व पुअनि रवि कुमार मक्का मदीना मस्जिद शादी मुहल्ला, प्रखंड समन्वयक विजय (पंचायत राज स्वायत परिषद) कुमार व सअनि प्रेम पीटर बखला छोटकी बरही रसोईया धमना, बीएओ आजाद सिंह व पुअनि शैलेंद्र कुमार दुलमहा एवम लखना मस्जिद, जनसेवक समिरकांत करियातपुर मस्जिद, जनसेवक उपेंद्र कुमार दास व सअनि पंचु किस्कू, प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई कमलेश कुमार भारती व पुअनि लक्ष्मण बोबोगा मलकोको मस्जिद, जनसेवक सुरेंद्र कुमार दास व पुअनि किशोर कुमार दास कोइली मस्जिद, पंचायत सेवक नेमधारी महतो व पु अमित खामजा बरसोत मस्जिद, राजस्व कर्मचारी अवधेश कुमार चौधरी व सअनि राजाराम हांसदा गौरियाकरमा मस्जिद, उप राजस्व निरीक्षक संजीव राजीव व पुअनि चंदन कुमार साव गश्ती 3 भंडारों एवं हथगढ़ा मस्जिद, कनीय अभियंता विजय कुमार एवं गश्ती 3 विजैया मस्जिद के पास बतौर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए है। वही राजस्व उपनिरीक्षक त्रिलोकी रविदास व पुअनि विपिन कुमार यादव गश्ती दल 2 तथा अंचल निरीक्षक सतीश कुमार व पुअनि महेंद्र बैठा गश्ती दल 1 में शामिल रहेंगे। जो चक्रीय पद्धति से क्षेत्र भ्रमण कर विधि व्यवस्था की निगरानी करेंगे।

## सेना के जवानों पर आतंकी हमला कायराना हरकत, सरकार सख्त कदम उठाये : इंद्रपाल

**रामगढ़।** जम्मू कश्मीर के पूंछ में सेना की गाड़ी पर आतंकवादियों के हमले में सेना के 5 जवान शहीद हो गए। आतंकियों के इस कायराना हरकत की शहर के जाने माने समाजसेवी सह रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा की इस हमले में लांस नायक कुलवंत सिंह, लांस नायक देवशीष बसवाल, हवलदार मंदीप सिंह, सिपाही सेवक सिंह एवं सिपाही हरकिशन सिंह शहीद हो गए। कहा की आतंवदियों के इस कायराना हरकत पर केंद्र सरकार सख्त कदम उठाये और दोषी आतंवदियों पर कड़ी कार्रवाई करे। साथ ही आतंकी हमले में शहीद जवानों के परिजनों की हर तरह से मदद करे। उन्होंने कहा की जवान देश की सेवा में शहीद हुए हैं इसलिए जवानों के परिजनों को किसी भी तरह की परेशानी नही हो इसका पूरा ख्याल रखा जाये।

## तोपा ओपन कास्ट खान का निरीक्षण



**रामगढ़।** रांची मुख्यालय से आये डीडीएमएस हनुमंत राव ने शुक्रवार को सीसीएल तोपा परियोजना के ओपनकास्ट खान का निरीक्षण किया। मौके पर कुजू क्षेत्र के एसओ सेफ्टी संजय कुमार सिंह की मौजूदगी में ओपनकास्ट खान के पूरे मैप को उन्होने देखा। निरीक्षण के दौरान आग को फैलने से रोकने के लिए परियोजना प्रबंधन द्वारा किए गए उपायों की जानकारी प्राप्त की। इस क्रम में मौजूद तोपा परियोजना के खान प्रबंधक एमके सिंह, सेफ्टी ऑफिसर स्वाधीन कुमार, नीलेश कुमार द्वारा खदान से जुडी समस्या की जानकारी दी गई।

## कोर्ट परिसर के समीप मॉडल दुकान का विधायक ने किया शिलान्यास



**रामगढ़।** नगर परिषद रामगढ़ द्वारा प्राक्कलित राशि लगभग 91 लाख की मद से व्यवहार न्यायालय परिसर के समीप मॉडल दुकान का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि कोर्ट परिसर में लोग ठेला लगाकर दुकान चला रहे हैं जिससे उन्हें कई तरह के दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उन्हें किसी तरह की समस्या नही हो इस उद्देश्य से परिसर में मॉडल दुकान बनाया जाएगा। जिससे दुकानदारों को काफी मदद मिलेगी। मौके पर वार्ड पार्षद शीला देवी,चितु महतो,देवधारी महतो,रोशन कुमार,आजसू पार्टी नगर परिषद सचिव राजेन्द्र महतो,भोला महतो,ललन सिंह,शम्भू बेदिया,नसरुद्दीन अंसारी,सुरेंद्र राम,सुजीत राम,गिरीशंकर महतो,सुरेंद्र साव आदि उपस्थित थे।

## रामगढ़ में कलशयात्रा के साथ मां शीतला माता मंदिर का 20वां वार्षिकोत्सव शुरू

**रामगढ़।** रांची रोड के रोबा कॉलोनी में स्थित मां शीतला माता मंदिर के 20वें वार्षिकोत्सव पर पांच दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया। शुक्रवार को वार्षिकोत्सव के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से आरंभ होकर नई सराय होते हुए दामोदर तट पहुंची। यहां श्रद्धालुओं को बनारस से पहुंचे आचार्य अमरकांत दुबे ने यजमान संदीप सिंह सपत्नीक प्रीति सिंह, विनय शर्मा सपत्नीक पायल शर्मा, राजू गुप्ता सपत्नीक लीला गुप्ता, अखिलेश शुक्ला सपत्नीक पूजा शुक्ला, श्रवण कुमार सपत्नीक रेखा देवी सहित अन्य महिला श्रद्धालुओं को विधि विधान के साथ कलश में जल भरवाया। इसके बाद पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर कलश की स्थापना की गई। कलश यात्रा में मुख्य रूप से विधायक सुनीता चौधरी भी शामिल हुईं।

# नौ दिवसीय महायज्ञ को लेकर परबत्ता में तैयारी जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड अंतर्गत ग्राम परबत्ता में श्री श्री 1008 श्री मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा सह रामचरितमानस ज्ञान महायज्ञ की तैयारी जोरों से चल रही है ।विदित हो कि महायज्ञ का आयोजन 10 से 18 मई तक निर्धारित है। इस निमित्त मंदिर परिसर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है तथा शानदार पंडाल का निर्माण जारी है ।वही कमेटी के कोषाध्यक्ष महेश मंडल ने बताया कि कथावाचन के लिए शिवम शुक्ला जी महाराज, कथा वाचिका देवी ज्योति शास्त्री अयोध्या धाम से पधार रहे हैं ।वही यज्ञाचार्ज के रूप में छोटे सरकार रहेंगे तथा रात्रि 10:00 बजे से रामलीला का आयोजन अयोध्या मंडली के द्वारा किया जाएगा। महायज्ञ के सफल संचालन हेतु कमेटी का निर्माण पूर्व में ही किया गया है जिसमें अध्यक्ष बुलाकी यादव, उपाध्यक्ष रूपलाल यादव ,किशोर पांडेय, सचिव छोटी यादव, दीपक राणा, उपसचिव श्रीकांत पांडेय, प्रयाग राम, कोषाध्यक्ष महेश मंडल, संदीप राणा उपकोषाध्यक्ष रमेश यादव,व वीरेंद्र यादव को नियुक्त किया गया है। वहीं निगरानी समिति के अध्यक्ष सुसैन पांडेय को बनाया गया है।

## कोडरमा ने चतरा को 169 रन से हराया

**कोडरमा।** कोडरमा के चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर डिस्ट्रिक अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में कोडरमा ने चतरा को 169 रन से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोडरमा ने 41 ओवर में 269 रन बनाये। जिसमे अभय ने 56 रन ,अभिजीत ने नाबाद 49 रन, प्रियांशु ने 33 रन और आयुष ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए चतरा की ओर से विजय ने 4 विकेट, रोहित और मोहम्मद दस्तगीर ने दो-दो विकेट लिये। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी चतरा की टीम ने 26.2 ओवर में 100 रन पर ढेर हो गई। चतरा की ओर से अतुल ने 31 रन और सचिन ने 26 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए कोडरमा की ओर से आर्यन देव ने 4 विकेट और सिद्धांत शुभम ने तीन विकेट लिए। बेहतर खेल के लिए कोडरमा के आर्यन को केडीसीए के पदाधिकारी मनोज सहाय पिंकू ने मैन ऑफ द मैच दिया।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ जिप सदस्य का धरना प्रदर्शन, सीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड मुख्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार और आय, जाति, आवासीय, दाखिल खारिज का कार्य समय पर नहीं होने के कारण ग्रामीण तथा छात्र छात्राओं के शिकायत पर बरकट्ठा उतरी जिप सदस्य कुमकुम देवी ने अपने समर्थकों संग सैकड़ों की संख्या में प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा।वहीं सीओ श्री कांतलाल मांझी को छह सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए जिप सदस्य ने छात्र छात्राओं को समय पर प्रमाण पत्रों को निर्गत करने, दाखिल खारिज की जटिल प्रक्रिया को सरल बनाते हुए सरकारी नियम के तहत तय समय में कार्य करने,किसानों के साथ सहयोग पूर्ण व्यवहार करने और अंचल कार्यालय में बिचौलियों को प्रश्रय न देकर सीधे किसानों से मिलकर कार्य करने की मांग की है। पत्रकारों से बातचीत में कुमकुम ने कहा कि लोगों को बेवजह प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता है। छात्र-छात्राओं को परीक्षा फॉर्म भरने में भी काफी परेशानियां हो रही है। क्योंकि उनका आय, जाति प्रमाण पत्र समय पर नहीं बन पा रहा है। यदि हम लोगों की मांगे पूरी नहीं हुई तो मजबूरन हम लोग हजारीबाग मुख्यालय समेत रांची में भी धरना प्रदर्शन कर बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर करेंगे। वहीं सीओ ने कहा कि अंचल कार्यालय में कर्मचारियों की कमी रहने के कारण कार्यों में विलंब हो रही है। इस संबंध में वरीय पदाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मौके पर कुमकुम देवी,रेणु देवी, काजल कुमारी, रीना कुमारी, विमला देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, रिंकी देवी, पंसस प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, रंजन कुमार, मनोज कुमार, रवि कुमार, सरजू प्रसाद, मनी व्यास, सतीश चौधरी दिलीप कुमार, पंकज कुमार,लक्ष्मण प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**परेशानी** | बाजार से खरीदना पड़ता है सामान, वेंडर के खाते में जाता है मेटेरियल का दाम

# न दुकान, न गोदाम...वेंडर कर रहा कूप निर्माण

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
वेंडर का काम है लाभुकों को पूरा सामान उपलब्ध कराना। लेकिन स्थिति उलट है, न तो वेंडर ने सामग्रियों की दुकान खोली है और न गोदाम बनाया है और कूप निर्माण का ठेका भी लाभुक से ले रखा है। दरअसल मनरेगा से बननेवाले कूप के लाभुक के पास पैसों का अभाव रहता है। उसी की मजबूरी का फायदा वेंडर उठाते हैं और इस शर्त पर कूप निर्माण कराते हैं कि पूरा काम उन्हीं के जिम्मे होगा। अगर लाभुक वेंडर की बात नहीं मानते हैं, तो उन्हें बाजार से मेटेरियल लाने की बात कही जाती है। साथ ही पैसे का भी जुगाड़ करना पड़ता है, चूंकि लाभुक को पैसे नहीं दिए जाते हैं। कूप निर्माण की राशि मजदूरों और वेंडर के खाते में जाता है। ऐसे में लाभुक वेंडर की बात मानने को मजबूर हो जाते हैं। कूप निर्माण के लिए 4 लाख 62 हजार रुपए सरकार की ओर से दी जाती है। सारा खेल इसी राशि में कमीशनखोरी का होता है। कई लाभुकों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि इचाक प्रखंड के कई पंचायतों में वेंडर है। लेकिन उनके पास कोई भी सामान उपलब्ध नहीं है। अगर कोई लाभुक खुद से काम करवाता है, तो उसे बाजार से सामान खरीदना पड़ता है। इधर वेंडर बिना कमीशन लिए हुए पैसे नहीं निकालता है। कूप निर्माण के लिए सरकार की ओर से दी गई



राशि देने में टालमटोल करता रहता है। इस वजह से कई लाभुक वेंडर को ही काम सौंप देते हैं. ऐसे में वेंडर फर्जी मजदूरों के नाम जॉब कार्ड बनवा और खाता खुलवाकर राशि हड़पता है। साथ ही मजदूरों की जगह जेसीबी मशीन से घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर कूप निर्माण कराता है। इस संबंध में इचाक स्थित अलौंजा के मुखिया सत्येंद्र मेहता ने कहा कि इचाक प्रखंड में कई वेंडर ब्लैक लिस्टेड हैं। उनके पास कोई भी मेटेरियल उपलब्ध नहीं है और न ही कोई दुकान या गोदाम है।

# स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस, बच्चों ने निकाली रैली

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
राजकीय मध्य विद्यालय बरहीडीह में राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस मनाया गया। जिसमे बतौर मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया मो शमशेर आलम शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चो को पंचायत को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के कई तरीके बताए। उन्होंने बच्चो से अपने मुहल्ले के गलियों और नालियों को स्वच्छ रखने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से रैली भी निकाली गई। जिसे मुखिया के द्वारा विदा किया गया। रैली पंचायत के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर पंचायत को साफ सुथरा और स्वच्छ रखने का संदेश दिया। रैली में शामिल बच्चे हाथों में तख्तियां एवं नारे लगाकर लोगों को स्वच्छता और सुरक्षा का संदेश दे रहे थे। मुखिया ने भी लोगो से पंचायत को स्वच्छ और सुरक्षित बनाने की अपील किया। कार्यक्रम में मुखिया



सहित विद्यालय के प्रभारी रविन्द्र कुमार अग्रवाल, शिक्षिका कंचन देवी, सहायक अध्यापक अजय प्रजापति, रंजीत सिंह, लालामणि सिंह, असलम अली सहित विद्यालय के बच्चे शामिल थे।

# अलविदा जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी भीड़, नमाज अदा कर मांगी गई अमन की दुआ

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में शुक्रवार को अलविदा जुमे की नमाज अदा की गई। इस मौके पर विभिन्न मस्जिदों में इस्लाम मतावलंबियों की भीड़ उमड़ी। शहर की जामा मस्जिद में मौलाना शकीब कासमी ने अपने संबोधन में कहा कि माहे रमजान के आखिरी जुमे में अल्लाह की खास रहमत होती है। वहीं रजा मस्जिद में मौलाना रौशनुल कादरी और हाफिजो कारी मो शहिद ने अपने संबोधन में कहा कि अलविदा जुमे में अल्लाह की खास रहमत नाजिल होती है। उन्होंने कहा कि जब इंसान नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद की ओर जाता है तो रहमत के फरिश्ते उसे घेर लेते हैं और उसके रहमत और मगफिरत की दुआ करते हैं। उन्होंने कहा कि रमजान के महीने का चांद नजर आता है और मुस्लिम समाज माहे रमजान के आने की खुशी मनाता



है, और जब रमजान का महीना अलविदा होने लगता है। मौके पर विभिन्न मस्जिदों में मौलाना ने अलविदा जुमे की नमाज की अहमियत की जानकारी दी। जबकि मदीना मजिस्द में मौलाना अशरफ, मक्का मस्जिद में मौलाना असिफुल्लाह मजाहरी ने नमाजे जुमा अदा कराई।

**पाक महीना गुजरने वाला है: ठेठईटांगर।** मस्जिद के पेशे इमाम ने कहा कि रमजान का पाक महीना गुजरने वाला है। इस महीने जिस प्रकार रोजेदार अपनी इच्छाओं को काबू में रखते हुए बुराइयों से स्वयं को बचाते है। उसी तरह अन्य माह में भी बुराइयों से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

### ईदगाह में 7 : 30 बजे होगी नमाज

ईद-उल-फितर के नमाज का समय निर्धारित कर दिया गया है। ईदगाह और जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 7:30 बजे अदा की जाएगी, जबकि जामा मस्जिद में 7 बजे नमाज ईद अदा की जाएगी। इधर अंजुमन फैजुर रजा की बैठक मे सर्वसम्मति से यह फैसला हुआ कि ईद की नमाज गौसिया मस्जिद मोजाहिद मुहल्ला,खैरण्टोली में सुबह 7:30 बजे और रजा मस्जिद इसलामपुर में 8 बजे होगी

**खत्म तरावीह की नमाज में उमड़ी अकीदतमंदों की भीड़ :** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की मजिस्दों में खतम तरावीह की नमाज गुरुवार की रात समाप्त हो गई। उल्लेखनीय है कि माहे रमजान के मौके पर मस्जिदों में हाफिज द्वारा कंठस्थ कुरान को सुनाया जाता है। वहीं खत्म तरावीह के मौके पर गुरुवार की रात विभिन्न मस्जिदो में काफी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ी।

### ईद मिलन समारोह में बच्चों ने सुनी ईदगाह की कहानी

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
विद्या वनस्थली शिक्षा समिति सिमडेगा द्वारा संचालित एवं लीड द्वारा निर्देशित जूनियर कैंब्रिज स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। समारोह की शुरूआत विद्यालय के निर्देशक एवं प्राचार्या के द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्या ने प्रेमचंद के द्वारा लिखित ईदगाह कहानी सुनाई जो बाल मनोविज्ञान को गहनता से दशार्ती है की परिस्थितियां उम्र नहीं देखती और एक छोटा सा बालक भी विषम परिस्थितियों में परिपक्व हो जाता है। यह पर्व त्याग और अपने मजहब के प्रति समर्पण को दशार्ता है। यह बताता है कि एक इंसान को अपनी इंसानियत के लिए इच्छाओं



का त्याग करना चाहिए। जिससे कि एक बेहतर समाज का निर्माण हो सके।समारोह की शुरूआत बच्चों ने स्वागत गान के साथ किया। जिसके बाद कक्षा 5 के पूर्वी कुमारी ने ईद मुबारक नृत्य की प्रस्तुति दी एवम सृष्टि ग्रुप, पूजा ग्रुप के द्वारा भी ईद पर्व की पावन संदेश देने के लिए समूह नृत्य किया गया। शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ सस्वर कविता पाठ कर बच्चों को ईद पर्व की शुभकामना देते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की।

## NEWS इन ब्रीफ

### हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के जयनाथपुर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव आज मनाया जाएगा। इस मंदिर की स्थापना 22 अप्रैल 2016 को हुई थी। मंदिर परिसर में रामदूत हनुमान जी के अलावे भगवान शिव, पार्वती व गणेश जी की मूर्ति स्थापित है। शनिवार सुबह लगभग आठ बजे से मंदिर में पूजन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। दोपहर में हवन पूणार्हुति व महाआरती के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए सभी सनातनी भाई बन्धुओ को आमंत्रित किया गया है।

### संस्कृति की धरोहर छोटे-छोटे भैया-बहन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी, विभाग प्रमुख अखिलेश प्रसाद, प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने ने वंदना सभा में माता सरस्वती ओम, भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं पुष्प चढ़ाकर वंदना की। प्रदेश सचिव ने कहा कि बच्चे संस्कार एवं संस्कृति के धरोहर हैं। शिक्षा अमूल्य रत्न है जिसके माध्यम से बच्चे अपने छोटे-छोटे क्रियाकलापों से श्रेष्ठ नागरिक बनते हैं। उन्होंने बताया कि किताब, कॉपी, पेंसिल, रबड, कटर इत्यादि मां सरस्वती के अस्त्र हैं। इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति समाज में सफल नागरिक बनता है।

### परशुराम जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आज

**सिमडेगा।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आज मारवाड़ी ब्राह्मण सभा सिमडेगा एवं विप्र फाउंडेशन जोन 6 शाखा सिमडेगा द्वारा आनंद भवन में परशूराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में रामजानकी मंदिर परिसर में आयोजित के विजेता को पुरस्कृत किया जाएगा। 4 बजे शोभा यात्रा निकाली जाएगी। रामजानकी मंदिर से झूलन सिंह चौक, महावीर चौक, नीचे बाजार पेट्रोल पंप होते हुए आनंद भवन पहुंचेगी। 5 बजे से पुजन,हवन, आरती,6 बजे अतिथि स्वागत पुरस्कार वितरण 7 बजे से प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन रखा गया है।

## लोहरदगा की विभिन्न मस्जिदों में उमड़ी भीड़, पवित्र रमजान माह के अंतिम

# जुमे पर मांगी अमन-चैन की दुआ

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पवित्र रमजान माह के अंतिम जुमे की नमाज जिले की विभिन्न मस्जिदों में पढ़ी गई। इस मौके पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सभी मस्जिदों में हजारों मुसलमानों ने नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। इसके साथ माह-ए-रमजान मुबारक को अलविदा किया गया। अब मुस्लिम धर्मावलंबियों को चांद के दीदार का इंतजार रहेगा। शहर के जामा मस्जिद से लेकर मस्जिद के बाहर सड़क पर चिलचिलाती धूप में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों और रोजेदारों ने जुमे की नमाज अदा की। इसके अलावा बेलाल मस्जिद, बंगले वाली मस्जिद, मोती मस्जिद, मस्जिदे कुरैश, मस्जिदे गौस-ए-पाक, ताजउल मुनीर, मस्जिदे अतार, पावरगंज मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में मुस्लिम समाज के लोगों ने जुमे की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी। मुस्लिम धर्मावलंबियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए मुख्य पथ पर नमाज के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश को रोक दिया गया था। इसके कारण जामा मस्जिद के बाहर लोगों ने पूरी आस्था और विश्वास के साथ नमाज अदा की। इसमें बच्चे, युवा और बूढ़े सभी शामिल थे।

जुमे की नमाज को लेकर आज का दिन लोगों के लिए खास रहा और उनमें एक अलग ही उल्लास छाया हुआ था। अंतिम जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान उपद्रवियों पर पुलिस की कड़ी नजर थी। शहर से लेकर प्रखंड मुख्यालयों में जगह-जगह पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ हीं



जरूरत वाले स्थानों पर वाहनों का परिचालन वर्जित किया गया था। जामा मस्जिद की ओर जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया गया था। अलविदा जुमे की नमाज पढ़ने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी भीड़ जामा मस्जिद में उमड़ पड़ी थी। मुख्य मार्ग में भी लोग आस्था और विश्वास के साथ सड़क पर ही बैठकर नमाज पढ़े। नमाज अदा करने के बाद लोगों के चेहरे पर ईद की एक बेसब्री नजर आई। अब सभी को ईद का इंतजार है। विशेषकर बच्चों में उत्सुकता देखी जा रही है।

### कैरो की मस्जिदों में पढ़ी गई आखिरी जुम्मे की नमाज

**कैरो।** मुस्लिम धर्मावलम्बियों का रहमत,बरकत व मगफिरत का महीना रमजान के आखरी जुमा अलविदा की जुमा की नमाज शुक्रवार को प्रखण्ड क्षेत्र के कैरो, नवाटोली, उतका, नरौली, अम्बवा, चरिमा, नगड़ा, गराडीह, गजनी, चाल्हो, सढ़ाबे, गितिलगढ़, हनहट आदि मुस्लिम आबादी वाले क्षेत्र की मस्जिदों में बड़े ही अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई। मौके पर नमाजियों को खिताब करते हुए जामा मस्जिद कैरो के इमाम नुरुल हसन ने कहा कि माहे रमजान हमसे जुदा होने वाला है। ये इस महीने की आखिरी जुमा है। उन्होंने कहा कि अब हमलोगों को इस पाक महीने में की गई इबादत का अज्र मिलने का वक्त आ गया है। हम जैसा काम किये होंगे वैसा ही अज्र मिलेगा। उन्होंने इस कमी कोताही के लिए अल्लाह ताला से माफी की तलब की।

### भंडरा में शांति से अदा की गई अलविदा नमाज

भंडरा। प्रखंड में अलविदा जुमा की नमाज को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में शुक्रवार को खासा उत्साह नजर आया। दोपहर को भंडरा की जामा मस्जिद, कुम्हारिया, तेतारपोका, मसमानो, अम्बेरा सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में नमाज के लिए रोजेदारों और नमाजियों की भीड़ जुटी रही। इबादत कर नमाजियों ने देश में अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी। इस दौरान सुरक्षा के मद्देनजर भंडरा प्रभारी गौतम कुमार अपने दल बल के साथ मस्जिद और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। अलविदा जुमा की विशेष नमाज शुक्रवार को भंडरा जामा मस्जिद में हुई। दोपहर 1 बजे से ही नमाजियों का आना शुरू हो गया था मुस्लिम समाज में जुमे की नमाज को लेकर काफी उत्साह था। धूप और गर्मी की फिक्र किए बिना छोटे बच्चे भी काफी संख्या में मस्जिद पहुंचे। अपनी तकरीर में समुचित क्षेत्र सहित पूरे देश में अमन चैन तरक्की और खुशहाली की दुआ की। उन्होंने नफरत समेत सारी बुराइयों को समाप्त करने और नेकी की राह पर चलने की सीख दी। कहा कि इंसानियत से बढ़कर दुनिया में कुछ नहीं आपस में भाईचारा की भावना से ही मुल्क की जनता हर तरह से सुरक्षित रहेगी। उन्होंने बुरी सियासत से बचने की सीख दी। मौके पर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि जुमा की नमाज शांति चैन से सम्पन्न कराने को लेकर प्रत्येक मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

## ऑटो पलटने से नौ लोग गंभीर, मची अफरा-तफरी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा** सदर थाना क्षेत्र के भक्सो नदी के समीप तेज रफ्तार ऑटो पलटने से 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि ऑटो लोहरदगा मेरले से बाघा जा रहा था। इसी दौरान ऑटो पलट गया और पुल के नीचे पेड़ में फंस गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही लोहरदगा सदर थाना सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद, ट्रैफिक इंचार्ज संतोष कुमार यादव, आरक्षी चालक निर्मल सिंह, समेत सशस्त्र बल मौके पर पहुंचा और बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। उसके पश्चात सभी को एडमिट कर बेहतर इलाज किया जा रहा है। सब इंस्पेक्टर सूरज प्रसाद से मिली जानकारी के अनुसार ऑटो मेरले से बाघा जा रहा था। इसी दौरान भक्सो कोयल नदी के समीप तेज रफ्तार ऑटो पलटने से यह हादसा हुआ है। घायलों ने बताया है कि ऑटो ड्राइवर तेज रफ्तार में चला रहा था, जिससे ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गसा। फिलहाल ऑटो ड्राइवर मौके से फरार हो गया है, जिसकी छानबीन में पुलिस जुट गई है।

### दो बाइकों की टक्कर में चार लोग हुए घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल के समीप दो बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। बीडीओ, सीओ और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जानकारी के अनुसार सभी घायलों को हल्की चोटें आई हैं। घटना की सूचना पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा व अंचलाधिकारी विजय कुमार द्वारा स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा भेज दिया गया, जहां डॉ. दिव्या निशि द्वारा इलाज कर उनको बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया। घायलों की पहचान सेन्हा थाना क्षेत्र के उगरा निवासी जमरुद्दीन अन्सारी का 16 वर्षीय पुत्र सलमान अन्सारी तथा कुंदगड़ी निवासी बिरसा उराँव का 28 वर्षीय पुत्र शोमेशर उरांव तथा कल्हेपाट निवासी चंद्र उरांव का 27 वर्षीय पुत्र संतोष उरांव व स्व. बिरिया उरांव का 32 वर्षीय पुत्र तेतरू उरांव के रूप में की गई। तीनों अपनी बाइक से सेन्हा की ओर आ रहे थे। वहीं सलमान अंसारी अपनी बाइक से लोहरदगा की ओर जा रहा था। उसी दौरान दोनों बाइकों में टक्कर हो गई। इसमें सभी चारों युवक घायल हो गये। वहीं इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने बताया कि सभी लोग खतरा से बाहर है।

## 'सद्भाव से विश्व गुरु बनेगा भारत वर्ष'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बैनर तले सामाजिक सदभाव की बैठक शुक्रवार को आनंद भवन परिसर में हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रांत प्रचारक गोपाल जी, विभाग प्रचारक समी जी उपस्थित थे। बैठक में जिले के विभिन्न जाति समाजो के प्रतिनिधि शामिल हुए थे। मौके पर समाजिक एकता पर बल देते हुए सदभाव लाने के लिए चर्चा की गई।

बैठक में विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने अपने अपने समाज के द्वारा किए जा रहे कार्य एवं सदभाव के लिए सुझाव देते हुए कहा कि सरना सनातन समाज की एकजुटता से राष्ट्र परमवैभव को प्राप्त करते हुए विश्व गुरु बन सकेगा। कार्यक्रम में मंच संचालन समाजिक सदभाव प्रमुख डी अग्रवाल ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विभाग प्रचारक ने किया। मौके पर जिला संघ चालक हनुमान बोंदिया, सह कार्यवाह अमित रंजन, श्रद्धानंद बेसरा, रंथू साहू, सोहन बड़ाईक, रामबिलास बड़ाईक, कृष्णा कोटवार, बाबुलाल पाहन, संदीप केसरी, लालचंद नायक, अशोक जैन, संजय शर्मा, रमेश ठाकुर, राकेश जायसवाल, सागर मणिक, कुंवर गोप, सुरेश गोप, मनोज षांड़गी, सुमित लाल, देवेंद्र सोनी, तुलसी साहू, घनश्याम सिंह सहित कई समाज के पदधारी और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### वीर कुंवर की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह को याद किया गया। विद्यार्थियों को उनसे जुड़ी डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। इसके साथ ही उनकी जीवनी और उपलब्धियों पर भी जानकारी दी गई। विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने की। इतिहास की आचार्या प्रीति कुमारी गुप्ता ने विद्यार्थियों को वीर कुंवर सिंह के बारे में बताया। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने भी उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस कार्यक्रम में रश्मि साहू , चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत, नीतू कुमारी, स्नेहा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## तेजस्विनी परियोजना बंद करने के आदेश के खिलाफ विधायक को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
समाज कल्याण विभाग झारखंड सरकार की ओर से संचालित तेजस्विनी परियोजना को समाज कल्याण के निदेशक द्वारा 25 अगस्त से बंद करने को लेकर सभी जिला मुख्यालयों में पत्र भेजा गया है। पत्र के बाद सिमडेगा तेजस्विनी परियोजना में कार्यरत 376 से अधिक युवा एवं युवतियों ने शुक्रवार को कोलेबिरा विधायक से मुलाकात करते हुए इस योजना को लगातार संचालित रखने की मांग की है। कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाडी को ज्ञापन देते हुए उन्होंने बताया कि जिले में 32000 किशोरियों को क्लब के माध्यम से



जोड़कर उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास को लेकर तेजस्विनी परियोजना कार्य कर रही है और इस कार्य को करने के लिए 10 प्रखंडों में टीम का गठन करते हुए 376 से अधिक बेरोजगार युवा चार सालों से काम कर रहे हैं। अब सरकार इस योजना को बंद कर देगी तो यहां के इतने लोग बेरोजगार हो जाएंगे। साथ साथ 32000 किशोरियों का क्लब टूट जाएगा। जिला कोऑर्डिनेटर आशीष विजय ने बताया कि 2017 से संचालित इस अभियान ने यवाओं को आगे बढ़ाने का काम किया है लेकिन इसे अब अचानक से बंद किया जा रहा है।

### शहीद पांडेय गणपत राय को शहादत दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि

**भंडरा।** 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक शहीद पांडेय गणपत राय का 165 वे शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिधियों एव सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शहीद के पैतृक गांव भौरों में स्थित शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर पूर्व जिप सदस्य शामिल उरांव ने कहा कि शहीद पांडे गणपत राय के बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। सामाजिक कार्यकर्त्ता व भाजपा नेता बालकृष्णा सिंह ने कहा की देश की आजादी की लड़ाई में झारखंड के सैकड़ों सपूतों ने अपना उल्लेखनीय योगदान दिया था और शहीद भी हुए थे।

**रोजगार** नव भारत निर्माण संस्थान ने किया प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# 177 युवाओं को भू-मापक अमीन का प्रमाणपत्र

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक और युवतियों को नव भारत निर्माण संस्थान के द्वारा भू मापक (अमीन) प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन के उपरांत प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा की ओर से सेन्हा पंचायत भवन में प्रमाणपत्र निर्गत को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सेन्हा पंचायत के मुखिया धनवाज उराँव ने परीक्षा में पास होने वाले सभी अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र दिया।

भू मापक अमीन प्रशिक्षण में कुल 177 अभ्यर्थियों ने भाग लिया था, जिनमें 42 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान पर 87 अभ्यर्थी रहे। वहीं तृतीय स्थान पर 48 अभ्यथी रहे। मौके पर धनवाज उराँव ने कहा



कि नवभारत निर्माण संस्थान द्वारा भू मापक अमीन प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से रोजगार का एक बढ़िया अवसर प्रदान किया गया है। मौके पर मुखिया धनवाज उराँव,प्रशिक्षक साहेब राव शर्मा के अलावे सभी अभ्यार्थी गण मौजूद थे।

### ग्राम स्वच्छता व पोषण दिवस आंगनबाड़ी सेविका जलसहिया व ग्राम प्रधान को दिया गया प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। पाकरटांड**
पाकरटांड़ के केशलपुर एवं करबेड़ा के सभी सहिया, आंगनबाड़ी सेविका, जल सहिया एवं ग्राम प्रधान को ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत भवन-पाकरटाड़ में फिया फाउंडेशन संस्था द्वारा आयोजित किया गया।

ट्रेनर के रूप में रिसोर्स पर्सन- शैलेश सोरी एवं फिया फाउंडेशन से मंतोष कुमार प्रखंड समन्वयक मौजूद रहे। बताया गया कि-वीएचएनडी- ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर मिलती हैं। वीएचएनडी पर गर्भवती और धात्री महिलाओं को परिवार नियोजन की सेवाएं दी जाती हैं। गर्भवती और दो साल तक की उम्र के बच्चों का टीकाकरण किया जाता है। दस से 19 साल तक की आयुवर्ग के किशोर-किशोरियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्कतानुसार कैल्शियम और आयरन की गोलियां दी जाती हैं। गर्भवती का वजन करने के साथ ही उनके गर्भ की जांच, ब्लड प्रेशर और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य की जांच की जाती है। बच्चों का वजन कर उन्हें पोषाहार वितरित किया जाता है। कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र के लिए रेफर किया जाता है। किसी गर्भवती या धात्री को जरूरत पड़ने पर सीएचसी अथवा जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया जाता है।

### अवैध रेलवे टिकट बनाने वाले व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बानो।** बानो के आरपीएफ निरीक्षक विजय पांडे की अगुवाई में आरपीएफ की टिम ने प्रसाद ऑनलाइन सॉल्यूशन, जलडेगा में रेल टिकटों की अवैध कालाबाजारी के संबंध में छापामारी की गई और दुकान से 10 नग अवैध ई टिकट जिनका मूल्य 22,000 रुपये है, बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में दुकानदार जितेन्द्र प्रसाद ने अवैध रूप से रेल टिकटों के कालाबाजारी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उपरोक्त ई टिकटों और कंप्यूटर सामग्रियों को उपस्थित गवाहों के सामने जब्त किया गया और आरोपी को रेल अधिनियम की धारा 143 के तहत गिरफ्तार किया गया।



## राज्यपाल को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**नवीन मेल संवाददारता। लोहरदगा**
झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को गुमला जिले के बिशुनपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने जाने के दौरान लोहरदगा परिसदन भवन में कुछ देर विश्राम के लिए रुके। जिला परिसदन में उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार समेत जिला प्रशासन के अधिकारियों ने राज्यपाल को बुके देकर लोहरदगा में अभिवादन किया। इसके पूर्व राज्यपाल को सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा के नेतृत्व में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जलपान के बाद निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राज्यपाल प्रस्थान कर गए। स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने इस संदर्भ में बताया कि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने लोहरदगा के भौगोलिक और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह का मूल उद्देश्य आग से बचाव : डीजीएम

**नवीन मेल संवाददाता। बोकारो थर्मल** डीवीसी बोकारो ताप विधुत केंद्र में सीआईएसएफ ने 21 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा सप्ताह का समापन संयंत्र के अग्निशमन केंद्र में किया। समापन समारोह में सीआईएसएफ ने डेमो दिखाकर सभी को हैरान कर दिया। डीजीएम बीजी होलकर ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह का मूल उद्देश्य लोगों को आग से बचाव के लिए जागरूक करना है। प्रारंभिक चरण में यदि आगजनी की घटना छोटी-मोटी है तो उस पर स्वयं काबू किया जा सकता है। सीआइएसएफ न सिर्फ संयंत्र व अन्य क्षेत्रों में भी आगजनी की घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने कहा कि अग्नि सुरक्षा सप्ताह के दौरान छात्रों, संयंत्रकर्मियों व घरेलू महिलाओं को आग से बचाव के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया। 14 से 20 अप्रैल तक आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि डीजीएम बीजी होलकर, उप कमांडेंट बिरेन कुमार सेठी ने संयुक्त रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान अग्नि सुरक्षा जागरूकता से संबंधित माक ड्रिल, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का प्रशिक्षण, फर्स्ट एंड फायर फाइटिंग प्रशिक्षण सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मौके पर इंस्पेक्टर अनिल कुमार, प्रशांत कुमार, सीबी सिंह, वीके राम यादव, विक्रम सिंह, विष्णु कुमार, एके लकड़ा, केसीएस राव, आईडी प्रसाद, सीबी कुमार, एस महादेव, प्रमोद कुमार, रविन्द्र कुमार, गुलाब कुमार, रवि कुमार आदि मौजूद थे।



## सरस्वती विद्या मंदिर भूली में छात्रों को लगाया गया टीका

**धनबाद।** सरस्वती विद्या मंदिर भूली में शुक्रवार 21 अप्रैल को छात्रों को खसरा-रुबेला का वैक्सीन दिया गया। विद्यालय के प्राचार्य शिव बालक प्रसाद सिंह ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ अभिषेक कुमार के दिशा निर्देश में स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने विद्यालय के 15 वर्ष तक के 538 छात्रों को टीका लगाया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए धन्यवाद दिया। सभी अभिभावकों से बच्चों के साथ आकर उन्हें वैक्सीन दिलाने का आग्रह किया गया।

## धनबाद पब्लिक स्कूल में मना अर्थ डे

# प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** धनबाद पब्लिक स्कूल में 21 अप्रैल को अर्थ डे मनाया गया। विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को प्रकृति के साथ तालमेल बैठाने वाली आदतों को गतिविधियों के माध्यम से सिखाया। इन गतिविधियों में कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए बीजों की बुवाई, पौधरोपण, फोटो फ्रेम्स, कलाकृतियां और कार्डबोर्ड निर्माण सिखाया गया। वहीं नौवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच हमारे ग्रह में निवेश करें विषय पर डिबेट का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बताया कि अर्थ डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन इसलिए किया गया है कि छात्रों को प्रकृति की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध किया जा सके। आज पृथ्वी प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, जल संकट एवं अन्य प्राकृतिक संकटों से घिरा हुआ है। जिसे बचाने के लिए जागरूक छात्रों की पौध तैयार करना जरूरी है। इस अवसर पर जल संरक्षण और साफ-सफाई के प्रति भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व बच्चे मौजूद थे।

## रमजान के आखिरी जुमे पर

# नमाज के लिए मस्जिदों में उमड़ी भीड़

### नमाज अदा कर अल्लाह से मांगी सलामती की दुआ





**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** रमजान के आखिरी जुमे पर शुक्रवार 21 अप्रैल को धनबाद शहर और कस्बाई इलाके के मस्जिदों में अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने नमाज अदाकर अल्लाह से अमन-चैन व सलामती की दुआ मांगी। झुलसा देने वाली गर्मी में रोजेदार दोपहर में नया बाजार ईदगाह, हैदरी मस्जिद, मनाइटांड़ मस्जिद, नूरी मस्जिद वासेपुर, अब्दुल जब्बार बड़ी मस्जिद वासेपुर, शमशेर नगर ईदगाह, जामा मस्जिद पुराना बाजार सहित अन्य मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंचकर नमाज अदा की। पुराना बाजार स्थित जामा मस्जिद के इमाम मोहहमद निजामुद्दीन ने कहा कि माहे रमजान बरकत का महीना है। जो रोजेदार अल्लाह की इबादत करता है अल्लाह भी उसकी दुआ जरूर कुबूल करते हैं। इस्लाम धर्म में शुक्रवार के दिन को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है शुक्रवार यानी जुमे के दिन नमाज पढ़ने से अल्लाह मन की हर मुराद पूरी करते हैं। जुमे के दिन ही हजरत आदम अलैहिस्सलम को जन्नत से दुनिया में भेजा गया था और जुमे को ही उन्होंने जन्नत में वापसी की थी। जुमे की नमाज अदा करने से पापों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने तमाम मुस्लिम भाइयों से हंसी-खुशी व शांतिपूर्ण तरीके से ईद मनाने की अपील की।

### निरसा में पढ़ी गई अलविदा जुमे की नमाज

निरसा। अलविदा जुमे की नमाज को लेकर निरसा बाजार समेत आसपास के मस्जिदों में नमाजियों की काफी भीड़ रही। लोगों ने इकट्ठा होकर नमाज अदा की और अमन-चैन की दुआ मांगी। कुमारधुबी शिवलबाड़ी बड़ी मस्जिद के मौलाना मसूद अजहर ने बताया कि अलविदा जुमे की नमाज का काफी महत्व है। मान्यता के मुताबिक एक जुम्मे की नमाज अदा करने से 40 नमाज अदा करने का सबाब मिलता है। अलविदा जुमा की नमाज अदा करने से अल्लाह हर गुनाह को माफ कर देता है।

# ईद को लेकर शहर से गांव तक सजे बाजार



### कपड़े, इत्र, सेवई और टोपियों की जमकर हो रही खरीदारी

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** ईद को लेकर शहर से गांव तक बाजार सज गये हैं। बाजारों में सजी टोपी, इत्र, लच्छा सेवई आदि की दुकानों पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। वही शहर के कपड़ा दुकानों में खरीदारी के लिए लोग बड़ी तादाद में पहुंच रहे हैं। काली बाड़ी चौक पर स्थित आरसी ट्रेडर्स के मालिक विभोर विशाखा ने बताया कि ईद का बाजार पहले के बनिस्पद थोड़ा ठीक हुआ है। पिछ्ले दो साल कोरोना के कारण पूरे बाजार में मंदी आ गई थी। इस बार थोड़ी रौनक दिख रही है।

#### ईद को लेकर खास टोपियों की दुकान

विभोर विशाखा ने बताया कि शहर में बड़े मॉल के खुल जाने से छोटे दुकानदारों को थोड़ी बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बताया कि उनके दुकान में सबसे ज्यादा महिलाओं के कपड़ों में नयरा सूट, सूट पीस, सरारा गरारा, गाउन, पठानी सूट बिक रहे हैं। तो वही पुरुषों के कपड़े में कुर्ता पाजामा, जीन्स, शर्ट, पठानी सूट की खूब बिक्री हुई है। त्योहार के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पूरे शहरी इलाकों में पुलिस जवान मुस्तैदी के साथ डटे हुए हैं।

## जीटी रोड के किनारे होटल में लगी भीषण आग

**धनबाद।** तोपचांची जीटी रोड पर गुरुवार 20 अप्रैल को आधी रात के वक्त होटल में लगी भीषण आग में लाखों रुपये की संपत्ति जल कर खाक हो गयी, जबकि होटल में पार्टी मना रहे लगभग दो सौ लोगों ने किसी प्रकार भाग कर अपनी जान बचाई। आग की लपट ने निकटस्थ पेट्रोल पंप को भी अपने आगोश में लेने की विफल कोशिश की। खबर पाते ही इलाके के सैकड़ों लोग जान की परवाह किये बिना आग बुझाने में पिल पड़े। घटना के एक घंटे बाद अग्निशमन दस्ता पहुंचा। जानकारी के अनुसार तोपचांची थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर स्थित शान-ए-पंजाब होटल के किचन में रात को अचानक गैस पाइप से रिसाव शुरू हो गया और फिर देखते ही देखते होटल लहक उठा। अचानक आग और उसकी भयावह लपटें देख जिसे जिधर मौका मिला, भाग निकले। होटल में अफरातफरी का माहौल बन गया। आग की तेज लपटें देख हर कोई डर गया। हालांकि होटल कर्मियों तथा ग्रामीणों की सूझबूझ से करीब आधा घंटे से ज्यादा मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि आग की लपटें काफी तेज उठ रही थी। किचन में रखें गैस सिलेंडर की आवाज होने के बाद लोग डर से पीछे की ओर भाग गए। आग लगने के वक्त करीब डेढ़-दो सौ लोग होटल में स्वादिष्ट व्यंजन का आंनद ले रहे थे। ग्राहकों ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही काफी डर एवं सहम से गए। आग पर काबू पाने के बाद होटल से हमलोग किसी तरह निकल सके और राहत की सांस ली।

## नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल दिखा कर छीनी बाइक

**गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के तारा बाबा के समीप आठ नकाबपोश बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर बाइक सवार से उसकी बाइक छीन ली। बाइक लेकर सभी बदमाश हरदिया कि ओर भाग गए। घटना की सूचना पर गावां पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुट गई है। वाक्या गुरुवार 20 अप्रैल देर शाम की है। जानकारी के अनुसार बरमसिया निवासी हरि तुरी का पुत्र धनराज तुरी अपनी सास मुनिया देवी व अपने ससुर महेश तुरी के साथ माल्डा शोरूम से हीरो ग्लैमर बाइक की सर्विसिंग करवा कर वापस बरमसिया लौट रहे थे। इसी दौरान तारा बाबा के समीप चार बाइक पर सवार आठ बदमाश वहां पहुंच गए और पिस्टल दिखा कर बाइक छीन कर हरदिया गांव की तरफ भाग गए. अगले दिन शुक्रवार 21 अप्रैल को धनराज तुरी अपने सास, ससुर के साथ गावां थाना पहुंच कर लिखित आवेदन दिया। गावां थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने कहा कि बाइक छिनतई का आवेदन मिला है। मामले की जांच की जा रही है। बहुत जल्द गिरोह को पकड़ा जाएगा।

## आग बुझाने पारसनाथ पर्वत चढ़ा 300 ग्रामीणों का जत्था, अधिकारियों की टीम भी साथ

**गिरिडीह।** गिरिडीह के पारसनाथ पर्वत पर लगी आग निरंतर बढ़ती जा रही है। आग की लपटें रात के समय दूर से ही दिख रही है। इस आग को बुझाने के लिए अब तीन सौ लोग भिड़ गए हैं। अधिकारियों की टीम भी आग बुझाने वाले ग्रामीणों के साथ पर्वत पर गए हैं। पवित्र पर्वत पारसनाथ के अलग-अलग स्थानों पर लगी आग निरंतर बढ़ती जा रही है। आग पर्वत के कई स्थानों तक फैल चुकी है। सैकड़ों पेड़-पौधे जल चुके हैं। कितने जीव जंतु को नुकसान हुआ है, इसका आकलन नहीं हो सका है। इस बीच आग को बुझाने के लिए पर्वत की तराई में अवस्थित गांव के लगभग 3 सौ लोग पर्वत पर चढ़े हैं। मकर संक्रांति मेला समिति के सदस्यों के साथ डुमरी एसडीओ प्रेमलता मूर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार के अलावा स्थानीय थाना प्रभारी भी पर्वत पर गए हैं। इनके अलावा वन विभाग की टीम भी आग बुझाने के लिए पर्वत पर डटी है। आग बुझाने के लिए पर्वत गए ग्रामीणों के भोजन की व्यवस्था भी तलेटी तीर्थ द्वारा करवाई गई है। तलेटी तीर्थ के द्वारा तीन सौ से अधिक लोगों के लिए भोजन की पैकेटिंग की गई है। दूसरी तरफ आग बुझाने पर्वत गए ग्रामीणों में अलग ही जोश देखा जा रहा है। यहां के लोग खासकर मकर संक्रांति मेला समिति के सदस्य किसी तरह से आग पर काबू पाना चाहते हैं। इसी चाहत से मेला समिति के लोग पिछ्ले एक पखवाड़े से जी-जान लगाकर मेहनत कर रहे हैं। इनका कहना है कि यह पर्वत और जंगल ही इस इलाके की पहचान है। ऐसे में इस क्षेत्र के सभी लोगों का कर्तव्य है कि आग पर किसी भी तरह काबू पाया जा सके। बैठक के बाद बढ़ा जोशः इससे पहले गुरुवार को ईटीवी भारत ने प्रमुखता से खबर को प्रकाशित भी किया. दुसरी तरफ गुरुवार को ही आग पर काबू पाने के लिए डुमरी एसडीओ प्रेमलता मुर्मू और वन विभाग के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई।

## कुएं में मिला प्रेमी युगल का शव, जांच में जुटी पुलिस

**गढ़वा।** गढ़वा जिला के रमकंडा थाना क्षेत्र के उदयपुर पंचायत के चपरी गांव में कुएं से गुरुवार की दोपहर प्रेमी जोड़े का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची रमकंडा थाना की पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान चपरी गांव निवासी हरिनारायण यादव के 22 वर्षीय पुत्र कमलेश यादव और सुदिन यादव की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री फूलवती कुमारी के रूप में हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मंगलवार की शाम दोनों घर से बाहर निकले थे। जब दोनों घर वापस नहीं लौटे तो लड़की के परिजनों ने लड़के पर लड़की को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया था। लेकिन अगले ही दिन दोपहर में ग्रामीणों ने दोनों की लाश को कुएं में देखा। जिसके बाद परिजनों के साथ साथ पुलिस को भी घटना की जानकारी दी गयी। गांव के लोगों ने इसे प्रेम प्रसंग का मामला बताया है। तो वहीं थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता ने कहा कि फिलहाल इस मामले की जांच पुलिस कर रही है।

# निजी अस्पताल में मरीज की मौत के बाद हंगामा

### डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** शहर के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह महिला की मौत गई, जिसके बाद परिजनों ने डॉक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इस घटना के संबंध में बताया जाता है कि झरिया बनियाहीर चार नंबर निवासी आयशा खातून को पेट संबंधी कुछ परेशानी हुई थी, जिसके बाद गुरुवार की शाम उन्हें बैंक मोड़ के निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। जहां भर्ती कराने के बाद कोई सीनियर डॉक्टर उनका इलाज करने नहीं आया। सुबह में जब उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, तब नर्सिंग होम कर्मी और चिकित्सक मरीज को रेफर करने की बात कहने लगे। परिजन मरीज की गंभीर स्थिति को देखकर कहीं और जाने को तैयार नहीं हुए। थोड़ी देर बाद मरीज की मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने नर्सिंग होम के कर्मियों और संचालक पर गंभीर आरोप लगाए.चिकित्सकों पर लापरवाही और गलत इलाज का आरोपः परिजनों का कहना है कि मरीज की स्थिति इतनी गंभीर नहीं थी कि उसकी मौत हो जाए। चिकित्सकों की लापरवाही और गलत इलाज की वजह से उसकी मौत हुई है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृत महिला की बेटी का कहना है कि उसकी मां बिल्कुल ठीक थी। सिर्फ दस्त हुआ था. जिसके बाद उसे लाकर यहां भर्ती कराया गया था। भर्ती के बाद किसी को भी मरीज के पास नही रहने दिया जा रहा था। सभी को वार्ड से बाहर कर दिया जा रहा था. अस्पताल की नर्स और स्टाफ ही उसकी देख भाल कर रहे थे। डॉक्टर का अता पता नही था। परिजनों के आरोप के बाद अस्पताल प्रबंधन से बात करने की कोशिश की गई।

## पति ने पत्नी पर गरम दाल फेंकी, बुरी तरह झुलसी, हालत गंभीर

**गढ़वा।** बरडीहा थाना क्षेत्र के गंगतिरिया गांव में पति (रविंद्र रजवार) ने अपनी पत्नी (मेतरी देवी) पर गरम दाल फेंक दी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। इसकी जानकारी जब मेतरी देवी के मायके वालों को मिली तो वहां वहां आये। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। महिला की हालत गंभीर बतायी जा रही है। मेतरी देवी की मां सुगनी देवी ने बताया कि एक साल पहले उसकी बेटी की शादी रविंद्र रजवार से हुई थी। उसे ससुराल में लगातार प्रताड़ित किया जाता था। जिसकी वजह से वह चार माह तक मायके में ही थी। 15 दिन पहले ही वह अपने ससुराल गयी थी। मेतरी देवी खपरैल छत से खपड़ा उतार रही थी। तभी उसकी सास ने उसे खाना बनाने के लिए भेज दिया। कुछ देर बाद उसका पति घर गया और उसपर गरम दाल फेंक दी।

# दुष्कर्म मामले में पांच आरोपी धराये



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने इस घटना में शामिल सभी 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में कैलाश गंझु, पप्पू लोहरा, बाबू लोहरा, लालमोहन सिंह और दीपक मुंडा शामिल है। सभी चंदवा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। क्या है पूरा मामलाः दरअसल, गत 15 अप्रैल को जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के गांव में 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची का शव बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद इस बात का खुलासा हुआ था कि बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को भी अंजाम दिया गया है। बाद में उसकी हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश था। घटना की गंभीरता को देखते हुए लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक स्पेशल जांच टीम का गठन किया था। स्पेशल जांच दल में पुलिस इंस्पेक्टर अमित कुमार गुप्ता के अलावे कई अन्य पुलिस के अधिकारी भी शामिल थे। एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता में बताया कि एसआईटी के द्वारा वैज्ञानिक तरीके से मामले की जांच आरंभ की गई। घटनास्थल से पुलिस ने गांजा का चिलम, बीड़ी का रैपर, खून के धब्बे आदि को भी बरामद किया था। इसी क्रम में जांच के दौरान कुछ युवकों को शक के आधार पर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उन लोगों के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। पूछताछ के क्रम में आरोपियों ने स्वीकार किया कि नाबालिग बच्ची को ये लोग उसके घर के पास से उठाकर ले गए थे। उसके बाद सभी लोगों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और बाद में उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद बच्ची के शव को पेड़ के नीचे फेंक कर फरार हो गए। आरोपियों ने यह भी बताया कि पहले से बच्ची के परिजनों से उन लोगों की कोई दुश्मनी नहीं थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश था घटना के दूसरे दिन है। लोगों ने लगभग 4 घंटे तक एनएच को जाम रखा था। उसके बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद लोगों ने जाम तो हटा लिया था।

## सतर्क रहें

## झारखंड में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई 284

# 24 घंटे में मिले 64 नए कोरोना संक्रमित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है. पिछले 24 घंटों में 5 हजार 249 संदिग्ध मरीजों की जांच में 46 नए कोरोना संक्रमित मिलने की पुष्टि हुई है। हालांकि 26 लोगों ने कोरोना का मात भी दी है, लेकिन इसके बावजूद एक्टिव केस की संख्या 264 से बढ़कर 284 हो गई है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक 12 नए कोरोना संक्रमित लोहरदगा में मिले हैं। जबकि बोकारो में 2, देवघर में 4, जमशेदपुर में 9, गिरिडीह में 2, गोड्डा में 2, गुमला में 2, हजारीबाग में 1, लातेहार में 4, पलामू में 1, रांची में 7 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं पिछले 24 घंटे में जिन जिलों में कोरोना संक्रमित ठीक हुए हैं, उनमें रांची में 9, पूर्वी सिंहभूम में 6, गिरिडीह में 3, हजारीबाग में 5, कोडरमा के 1, लातेहार में 2 संक्रमित स्वस्थ हुए हैं। वर्तमान समय में झारखंड के 24 में से 18 ऐसे जिले हैं जहां कोरोना के एक्टिव केस हैं। राज्य में अभी कोरोना के एक्टिव केस की संख्या 284 है।

### इन जिलों में नहीं है कोरोना के एक्टिव केस

राज्य के चतरा, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, सरायकेला, सिमडेगा ऐसे छह जिले हैं जहां वर्तमान में कोरोना के एक भी एक्टिव केस नहीं हैं।

### झारखंड के 18 जिलों में कोरोना के एक्टिव केस

झारखंड के 24 में से 18 जिलों में अभी कोरोना के एक्टिव केस हैं। उसमें सबसे ज्यादा 81 एक्टिव केस रांची में हैं। जमशेदपुर में 57 केस, देवघर में 26 केस, हजारीबाग में छह केस, लोहरदगा में 27 केस, कोडरमा में चार केस, लातेहार में आठ केस, रामगढ़ में सात केस, पश्चिम सिंहभूम में 10 केस, खूंटी में दो केस, गढ़वा में पांच केस, गुमला में 11 केस, धनबाद में 10 केस, पलामू में सात केस और बोकारो में कोरोना के नौ एक्टिव केस हैं।

सेवन डेज डबलिंग रेट घटाः झारखंड राज्य में कोरोना के हर दिन नए केस मिलने की वजह से सेवन डेज डबलिंग रेट और भी घटा है और यह 5 लाख 92 हजार 112 दिन से घटकर 5 लाख 89 हजार 203 का रह गया है। राज्य में कोरोना का रिकवरी रेट भी 98.73% से घट कर 98.72% हो गया है और मोर्टेलिटी रेट 1.20% है. सरकारी आंकड़ें के अनुसार राज्य में अब तक चार लाख, 43 हजार, 56 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। जिनमें से चार लाख, 37 हजार, 439 लोग संक्रमण मुक्त हो गए हैं। अब तक 5 हजार 333 लोगों की मौत कोरोना की वजह से हुई है।



**धर्मराज ने अर्जुन से कहा तुम्हारा रथ साक्षात विश्वकर्मा का बनाया हुआ है , उसके धूरे से कोई अप्रिय शब्द नहीं होता। उसंपर बानर ध्वजा फहराती है। ऐसे शुभलक्षण रथ पर आरूढ़ हो , स्वर्ण जटित खड्ग और चार हाथ के गांडीव को लेकर और भगवान श्रीकृष्ण जैसा सारथि पाकर भी तुम कर्ण से भयभीत होकर कैसे भाग आए ? अच्छा होता कि तुम अपना गांडीव श्री कृष्ण को से देते और स्वयं उनके सारथि बन जाते। धिक्कार है तुम्हारे इस रथ को। – *ठाकुरजी***



# नक्सली बंदी व हम

***नक्सल*** गतिविधियों पर नकेल कसने के प्रयास के बावजूद भी यह अपनी उपस्थिति किसी न किसी रूप में दर्ज करा रहे हैं। प्रतिबंधित भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के 14 और 15 अप्रैल बंदी के बाद फिर 20 और 21 को बंदी की घोषणा के बाद कई जगहों पर लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बंदी का बहाना चतरा के लावालौंग मुठभेड़ में मारे गये पांच नक्सलियों के विरोध में किया गया। बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया था। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी। ऐसे में आम आवाम में डर का होना स्वभाविक है। आज भी झारखंड के कई इलाकों में इनकी समानांतर सरकार चलती है। बंद के दौरान इस बार भी आवश्यक चीजें जैसे प्रेस, दूध और एंबुलेंस को मुक्त रखा था। झारखंड राज्य के सीमावर्ती जिले विशेषकर गया, औरंगाबाद, नवादा, जमुई, बांका मुख्य रूप से भाकपा माओवादी संगठन की गतिविधियों से प्रभावित है। इसके अलावा लखीसराय और मुंगेर में माओवादी कि सक्रियता है। उग्रवादियों के गतिविधियों के कारण क्यूल-जमालपुर, क्यूल-जसीडीह, गैंड कोर्ड लाइन तथा जीटी रोड का क्षेत्र संवेदनशील बना हुआ है। उग्रवादियों द्वारा प्रतिशोध स्वरुप अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में पुलिस, अर्धसैनिक बलों, थाना, ओपी, पिकेट, बैस कैम्प, चौकीदार, पुलिस मुखबिर, मोबाइल टावर, रेलवे ट्रैक, रेलवे स्टेशन, सरकारी कार्यालय, विकास कार्य से जुड़े ठेकेदार सहित उनके कार्यस्थल, उनके उपकरण, वाहन, मुंशी, मजदूर आदि पर हमला कर हिंसक घटना कारित करने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। खुफिया विभाग ने भी माना है कि नक्सलवादी संगठन ऐसे समय में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में पीछे नहीं रहते हैं। दूसरी तरफ हाले के दिनों में नक्सली गतिविधियों से जुड़ी दो हरकतें हुईं। इस मामले में अनदेखी व लापरवाही बिल्कुल ही नहीं करें। पुलिस के बहकावे या दबाव में आकर गांव से दूर जंगल-पहाड़ में बिल्कुल ही न घुसें और इस पुलिस दमन-अभियान बन्द होने तक मवेशियों को भी पहले से निर्धारित इलाके में ही चराते रहें। अपने बयान में भाकपा (माओवादी) ने कहा कि हमारी आये दिन बारूदी सुरंग, बुबी ट्रैप माइन और स्पाइक होल की चपेट में आने से किसी भी जानमाल के नुकसान के लिए सरकार और पुलिस-प्रशासन एवं खुद भुक्तभोगी जिम्मेदार होंगे। हमारी लड़ाई पुलिसकर्मियों के साथ भी नहीं है, लेकिन वे लोग शोषक-शासक वर्गों के पक्ष में लड़कर अपनी जान गंवा रहे हैं, जिसका हमें खेद है। उधर, गढ़वा से मिली खबर के अनुसार, एक सूचना के आधार पर गढ़वा इलाके में पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इस अभियान के दौरान ही टीम ने विस्फोटक व अन्य सामान बरामद किये। ऐसे में सहज समझा जा सकता है कि नक्सल सफाये की हम बात तो अवश्य होती हैं,लेकिन आज भी इनकी उपस्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता है। कुछ खास क्षेत्र आज भी हैं जहां इनकी सरकार चलती हैं। लेकिन एक बात और कि यह संगठन हाल के दिनों में कमजोर अवश्य हुए हैं,खत्म नहीं हुए हैं। ऐसे में जरूरत है,इन्हें जड़ से समाप्त किया जाये। बंदी के दौरान आज भी आम आवाम को दो चार होना पढ़ता है। इससे कोई इनकार भी नहीं कर सकता है। बहरहाल बंदी से सभी को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में इससे निपटने के लिए खास रणनीति की जरूरत है।

**बंद का ऐलान को लेकर खुफिया विभाग ने अलर्ट जारी किया था। नक्सलियों ने चेतावनी भी दी गई है कि बंद न रखने वाले को जन अदालत लगाकर सजा दी जायेगी। ऐसे में आम आवाम में डर का होना स्वभाविक है।**

# धरती की रक्षा तो वैश्विक दायित्व है





गिरीश्वर मिश्र

***आज*** पर्यावरण का क्षरण और प्रदूषण तेजी से विकराल हो रहा है और विश्व के सभी देश विकट चुनौती से जूझ रहे हैं। भारत ने पर्यावरण और पर्यावरण की नैतिकता, प्रकृति के स्वरूप और महत्व को गहराई से अंगीकार किया था। यहां समस्त जगत में ईश्वर की उपस्थिति की अनुभूति की जाती रही है : **ईशावास्यमिदं सर्व यत्किंचित जगत्यां जगत।** फलतः प्रत्येक वस्तु पवित्र और धरती को माता कहा गया। प्रातःकाल उठ कर बिस्तर से उतार कर धरती पर पैर रखने के पहले पृथ्वी को प्रणाम करने और पैर रखने की विवशता के लिए क्षमा मांगते हुए यह कहने का विधान है ; **समुद्र वसने देवि पर्वतस्तनमंडिते**
**विष्णुपत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्श क्षमस्व मे ।।**
अर्थात समुदरूपी वस्त्रोंको धारण करनेवाली, पर्वतरूपस्तनों से मंडित भगवान विष्णुकी पत्नी पृथ्वी देवि! आप मेरे पाद-स्पर्श को क्षमा करें। उपर्युक्त भावना हिन्दू , बौद्ध और जैन सभी भारतीय धर्मों में मिलती है। पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :। नदियों, वृक्षों, पर्वतों, पशु-पक्षियों, वनों, लताओं सब की रक्षा को महत्व दिया गया। मनुष्य प्रकृति के बीच वैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार को समझते हुए जीवन-चर्या का विधान किया गया। पश्चिम में प्रकृति जड़ है उसमें देवत्व नहीं है पर भारत में अरण्य में ज्ञान की साधना होती थी इसलिए प्रकृति की रक्षा और उसके साथ लय में रहना श्रेयस्कर माना गया। यहां के चिंतन में प्रकृति में आध्यात्मिकता का विस्तार होता है। भारत एक समृद्ध जैव विविधता वाला देश है। पीपल, कदम्ब, वट, आमला, अर्जुन, बेल, नीम सबके साथ देवताओं को जोड़ कर उनको वन्दनीय बना दिया गया। विल्व पत्र, दूर्वादल और तुलसी दल धार्मिक कृत्यों में प्रयुक्त होते हैं। आयुर्वेद में अनेक वृक्ष हैं जिनके फूल, फल, पत्तियां, छाल, जड़ें सभी औषधि गुण से युक्त हैं। वन और वृक्ष जीवन के साथ घुले मिले रहे हैं। हमारी सांस्कृतिक स्मृति में और लोक जीवन में वृक्षों की अभी भी एक खास जगह बनी हुई है। बेल, सप्तपर्णी, पलाश, कचनार, सहजन, हरड़, बहेड़ा, आंवला और नीम जैसे पेड़ अपने औषधीय गुणों के कारण बड़े लोकप्रिय रहे हैं और लोग घर के पास या बाग बगीचे में इन्हें लगाते थे और जिसे जरूरत पड़ती थी वह इनका लाभ उठाता था। इसी तरह तुलसी, गिलोय, अपराजिता, विधारा, सतावर, पुनर्नवा, ब्राह्मी इत्यादि पौधों को भी घरों के आसपास लोग अपने संगी साथी के रूप में रखते थे। वृक्षायुर्वेद एक शास्त्र है। जीवन की रक्षा की दृष्टि से वन और वृक्ष की पारिस्थितिकी के संतुलन में विशेष भूमिका को अच्छी तरह समझा गया। वृक्ष की पूजा का विधान सब के लिए था। वट या न्यग्रोध वृक्ष को कल्पवृक्ष, पीपल पीपल अश्वत्थ कहा गया। काल क्रम में आधुनिकता, औद्योगिकीकरण, नगरीकरण के साथ दृष्टिकोण बदलने लगा। विज्ञान की छाया में देवत्व से मुक्त हो कर प्रकृति मनुष्य के लिए विजय के लिए लक्ष्य हो गई। पृथ्वी की सेवा-सुश्रूषा को भूल कर प्रकृति और उसके संसाधनों का घोर रूप से दोहन और भीषण दुरुपयोग होने लगा। आज सारा विश्व जलवायु में हो रहे बदलाव को ले कर चिंतित है। आज ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की मात्रा, पुनर्नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन, ऊर्जा की खपत, आदि सभी देशों के सामने चुनौती बन कर खड़े हैं। वायु जीवनी शक्ति है, यह जानते हुए भी प्रकृति में मनुष्य द्वारा हस्तक्षेप का एक बड़ा घातक परिणाम वायु प्रदूषण है जो कस्बों, शहरों और महानगरों में तेजी से बढ़ रहा है। हम लोग जिस वायुमंडल में रह रहे हैं उसकी हवा में स्वास्थ्य के लिए घातक कई विषाक्त गैसें, पार्टिकुलेट मैटर, धुआं और कुछ विशिष्ट रासायनिक तत्वों की मात्रा जब सहनशीलता की श्रेणी से ऊपर बढ़ जाती है तो वायु की गुणवत्ता बहुत खराब हो जाती है। दिन-प्रदिदिन इन प्रदूषक तत्वों की मात्रा में निरंतर इजाफा हो रहा है और इसके लिए जिम्मेदार कोई और नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। बकौल विश्व स्वास्थ्य संगठन विश्व की 91 प्रतिशत जनसंख्या ऐसी जगहों पर रहती है जहां की वायु खतरनाक स्तर पर प्रदूषित है। प्रदूषित वायु में सांस लेने का मस्तिष्क पर प्रभाव, विशेषकर स्मरण करने की क्षमता, पर पाया गया है। पी एम 2.5 नामक प्रदूषण कण खास तौर पर इस तरह के प्रभाव के लिए उत्तरदायी पाया गया है। दिल्ली में यह 160 से ऊपर भी दर्ज है जब कि इसे 60 से नीचे होना चाहिए। पी एम 2.5 के कण सांस द्वारा फेफड़े में और फिर आगे चल कर खून में पहुचते हैं और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि को बाधा रहे हैं। रासायनिक कण, कीटनाशक और वायु में व्याप्त अनेक किस्म के धातु कण और टेफ्लान के चलते शरीर में हारमोन-संतुलन बिगड़ रहा और शरीर की रोगप्रतिरोधी क्षमता में घाट रही है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन से कुछ सुधार हुआ है। शौचालय बने हैं और खुले में मल विसर्जन पर कुछ नियंत्रण हुआ है पर स्थिति गंभीर बनी हुई है। स्मार्ट सिटी की योजनाओं पर काफी काम बाकी है। जीवनस्रोत जल की स्थिति भी कम जटिल नहीं है। भू-जल का विषाक्त होना, नदियों को कचरे से पाटना शुद्ध जल की उपलब्धि को तेजी से काम कर रहे हैं। बोतल बंद पानी बड़ा लाभप्रद व्यापार का रूप ले चुका चुका है। जल के स्रोत ग्लेशियर और नदियां हैं पर उनकी स्थिति बिगड़ रही है। ग्लेशियर पीछे खिसक रहे हैं, पहाड़ दरकने और भू-स्खलन की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। जल विद्युत परियोजनाओं के फलस्वरूप बांध, सुरंग और नदियों को मोड़ कर उनका स्वाभाविक रुख बदला जाता रहा है। अब जल और जैव विविधता के संकट घहरा रहे हैं। जोशी मठ की स्थिति नाजुक हो रही । हिन्द महासागर का तापमान बढ़ा है । गंगा का जल प्रदूषण अनेक जगहों पर खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। महत्वाकांक्षी 'नमामि गंगे' परियोजना भी कई हजार करोड़ की लागत से धूमधाम से शुरू हुई पर अपशिष्ट और मल को रोकने की दिशा में अपेक्षित प्रगति न होने से गंगा को बड़ी क्षति पहुंची है। पारिस्थितिकी की समस्या पर विचार करते हुए हमें सामाजिक आर्थिक इतिहास पर भी गौर करना होगा। समाज में होने वाला परिवर्तन इतिहास की शक्तियों के अधीन हुआ करता है। औपनिवेशिक काल में अंग्रेज 'आधुनिक' थे और भारतीय 'पिछड़े'। एक यांत्रिक दुनिया की अवधारणा स्वीकार की गई और सृष्टि के विकास में बलशाली को जीने का अधिकार माना गया। फलतः भीषण नरसंहार भी हुए। इस सोच की परिणति समाज को एक उद्योग मानने में हुई और लोभ और भोग हाबी होते गये। बाजार का रूपक सामाजिक सच्चाई बनता गया।

**पर्यावरण का महत्व और पारस्थितिक संतुलन और समन्वय के विचार वैदिक काल से ही प्राप्त होते हैं। मनुष्य और प्रकृति के सम्बन्ध बेहद महत्वपूर्ण हैं। अथर्ववेद भूमि को माता कहा गया : माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्या :।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें भगवान खाटू श्याम की कथा*

बाद में मैं उस दल की ओर से युद्ध करूंगा जो पराजित होगा या जिसके साथ अन्याय हुआ होगा।' सब विस्मय ये उसे ही देख रहे थे। उपस्थित लोगों में से एक ने पूछा- 'लेकिन आपकी सेना कहां है ? क्या आपकी सेना पीछे आ रही है ?' 'नहीं, मुझे सेना की आवश्यकता नहीं है। मैं बिना सेना के ही आया हूं।' बर्बरीक ने गर्व से कहा। 'तब आप पराजित दल की सहायता कैसे करेंगे?' आगन्तुक महाबली मुस्कराया- 'मुझे सेना की आवश्यकता ही नहीं है। मुझे अपने इस धनुष और इन तीन बाणों पर असमी विश्वास है। मैं एक ही बाण से शत्रु- सेना का संहार कर सकता हूँ, छूटने पर मेरा पहला बाण हर व्यक्ति के मृत्यु स्थल पर निशान लगा देगा और दूसरा बाण उन्हें बींध देगा।' 'आपका नाम?' बहुत से लोगों ने विस्मय से पूछा। 'मैं भीमसेन का पौत्र, घटोत्कच का पुत्र महाबल बर्बरीक हूं।' आंधी की तरह कुछ ही क्षणों में यह बात दोनों शिविरों में फैल गई। हर किसी पर बर्बरीक का ही नाम गूंज रहा था। सैनिक लोग बात की गहराई तक नहीं पहुंच रहे थे, पर बात की गम्भीरता को समझने वाले योद्धा चिन्तित हो उठे। भगवान श्रीकृष्ण सोच-विचार करने लगे कि यदि वास्तव में ही वह वीर निर्बल पक्ष का साथ देगा तो पाण्डवों की विजय होते ही कौरव निर्बल हो जायेंगे। फिर वह वीर उनकी ओर से लड़कर पाण्डवों की विजय को पराजय में बदल देगा। क्या वह वास्तव में ही ऐसा विलक्षण धनुर्धर है, जो दो बाणों से ही शत्रु सेना का संहार कर सकता है? चलकर परीक्षा ली जाय। वह उठे और बर्बरीक के पास पहुंचे। उन्हें आता देख सभी सैनिक गण इधर-उधर हट गये। बर्बरीक ने श्रीकृष्ण का अभिवादन किया। दोनों में परिचय हुआ। श्रीकृष्ण ने कूटनीति का आश्रय लेते हुए पूछा-'तुम इन तीन बाणों के द्वारा सारी सेना का संहार कैसे कर सकते हो ?' बर्बरीक ने गर्व से अपना सिर ऊपर उठाया, धनुष पर एक बाण चढ़ाकर कहा-'देखिए, मैं इस प्रकार समस्त शत्रु-सेना का संहार कर सकता हूं।

*(क्रमशः)*

# अमृत सरोवर योजना से बदलेगी तस्वीर



डॉ. सौरभ मालवीय

***पृथ्वी*** हमारा निवास स्थान है। मनुष्य सहित सभी प्राणी इसी धरती पर जन्म लेते हैं और इसी पर जीवनयापन करते हैं। पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है। पृथ्वी से हमें वायु, जल और भोजन प्राप्त होता है। यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं है कि पृथ्वी ने मनुष्य व अन्य सभी प्राणियों को जीवन प्रदान किया है। किन्तु मनुष्य ने पृथ्वी को क्या दिया? इस प्रश्न का उत्तर यही है कि मनुष्य ने पृथ्वी को कुछ नहीं दिया, अपितु उसे दूषित किया है। वायु प्रदूषित होकर विषैली हो गई है और जल भी दूषित हो रहा है। स्थिति इतनी भयंकर है कि यमुना सहित अनेक नदियों का जल पीने योग्य नहीं है। केंद्रीय भू- जल बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 221 जिलों के कुछ स्थानों का जल आर्सेनिक युक्त पाया गया है। दूषित पेयजल के सेवन से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे क्षेत्रों के लोग दूषित जलजनित रोगों की चपेट में आ जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भू-जल संकट के कारण देश के लगभग 50 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों को आज भी स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है। ऐसे में वे दूषित जल पीने को विवश हैं। देश में लोगों को पर्याप्त जल नहीं मिल पा रहा है। देश में प्रति व्यक्ति पानी की वार्षिक 1700 घन मीटर से कम उपलब्धता है। अंतरिक्ष से लिए गये आंकड़ों के आधार पर देश में पानी की उपलब्धता का पुनर्मूल्यांकन के अध्ययन के आधार पर आशंका व्यक्त की गई है कि वर्ष 2031 के लिए प्रति व्यक्ति पानी की औसत वार्षिक उपलब्धता घटकर 1367 घन मीटर रह जायेगी, जिससे जल संकट और गंभीर हो जायेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल वैश्विक जलस्रोत का मात्र 4 प्रतिशत ही उपलब्ध है, जबकि यहां विश्व की कुल वैश्विक जनसंख्या का 18 प्रतिशत भाग निवास करता है। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2010 में देश में उपलब्ध कुल जल स्रोतों में से 78 प्रतिशत का उपयोग सिंचाई के लिए किया जा रहा था। जल संकट के कारण वर्ष 2050 तक यह दर घटकर लगभग 68 प्रतिशत रह जायेगी। यह शुभ संकेत नहीं है। उल्लेखनीय है कि देश के लगभग 198 मिलियन हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र के लगभग आधे भाग की सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं। इसमें से 63 प्रतिशत क्षेत्र में भूमिगत जल से सिंचाई की जाती है, जबकि 24 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए नहरों के जल का उपयोग किया जाता है। इसमें 2 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई तालाब एवं कुंओं के जल से की जाती है तथा 11 प्रतिशत क्षेत्र की सिंचाई के लिए अन्य स्रोत का उपयोग किया जाता है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि भारतीय कृषक आज भी सिंचाई के लिए भूमिगत जल पर निर्भर करते हैं। इसलिए भू-जल का अत्यधिक दोहन किया जाता है। इससे भूमिगत जलस्तर निरंतर गिरता जा रहा है। जल प्राणियों के जीवन का आधार है। जल के बिना कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह सकता। सूखे एवं भूमि का जल स्तर नीचे गिरने के कारण अनेक क्षेत्रों में जल संकट व्याप्त हो गया है। इससे निपटने के लिए जल संरक्षण अति आवश्यक है। भीषण गर्मी के समय देश के प्रायः समस्त क्षेत्रों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। तालाब भी शुष्क हो जाते हैं। कुंओं का जल बहुत नीचे उतर जाता है अथवा वे भी सूख जाते हैं। इसके कारण ग्रामीणों को उपयोग के लिए पर्याप्त जल प्राप्त नहीं होता है। इस समस्या के दृष्टिगत केंद्र सरकार ने अमृत सरोवर योजना प्रारम्भ की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 अप्रैल, 2022 को आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में इसका शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य देश के प्रत्येक जिले में कम से कम 75 जलाशयों का विकास एवं कायाकल्प करना है।


**केंद्रीय भू- जल बोर्ड के एक अध्ययन के अनुसार 25 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 221 जिलों के कुछ स्थानों का जल आर्सेनिक युक्त पाया गया है। दूषित पेयजल के सेवन से उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।**

पर्यावरण

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट




## फेसबुक वॉल से




# स्वस्थ लिवर के लिए अपनी जीवन शैली में करें बदलाव



ललित गर्ग

***लिवर*** या यकृत से संबंधित बीमारी के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है। शरीर के अन्य हिस्सों की तरह लिवर भी हमें स्वस्थ्य रखने में काफी अहम भूमिका निभाता है। इसलिए उसका ख्याल रखना भी बेहद आवश्यक है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान के मुताबिक मस्तिष्क को छोड़कर लिवर शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग है, यह शरीर के पाचन तंत्र का एक प्रमुख अंग है। हम जो कुछ भी खाते या पीते हैं, चाहे वह भोजन हो, दवा या फिर कुछ और, इससे शरीर में उत्पन्न होने वाले विषाक्त पदार्थों और आंतों द्वारा अवशोषित हानिकारक पदार्थों को संभालने के लिए लिवर से होकर गुजरता है। इसके लिए लिवर को सबसे ज्यादा जिम्मेदार ठहराया जाता है। बिना लिवर के हम जीवित नहीं रह सकते। लिवर लगभग 300 से ज्यादा विभिन्न प्रकार के कार्य हमारे शरीर में करता है जैसे रक्त में शर्करा को नियंत्रण करना, विषाक्त पदार्थ को अलग करना, ग्लूकोज को ऊर्जा में बदलना, प्रोटीन पोषण की मात्रा को संतुलन करना आदि। शरीर का यह ऐसा महत्वपूर्ण अंग है जिसकी अगर आप अच्छी तरह से देखभाल नहीं करते हैं तो यह आसानी से क्षतिग्रस्त हो सकता है। कई बार हम अनजाने में या फिर गलत आहार के चलते भी गंभीर परिणाम देखने को मिल सकते हैं। लिवर ऐसे सैकड़ों जटिल कार्य करता है, जिनमें शामिल हैं- संक्रमण और बीमारी से लड़ना, रक्त शर्करा का विनियमन, शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालना, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करना, रक्त को थक्का जमने में मदद करना, पित्त का विमोचन अर्थात पाचन में सहायता करता है। क हेल्दी लिवर पाने के लिए अपने डाइट और जीवनशैली में बदलाव कर सकते हैं। लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। सभी खाद्य समूहों के खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें अनाज, प्रोटीन, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और वसा शामिल हो। ऐसे खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें बहुत सारे फाइबर हों जैसे ताजे फल और सब्जियां, साबुत अनाज की ब्रेड, चावल और अनाज। लहसुन, अंगूर, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियां, सेब और अखरोट खाएं। नींबू का रस और ग्रीन टी लें। शराब, धूम्रपान और नशीले पदार्थों को ना कहें, शराब, धूम्रपान और ड्रग्स लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं। यहां तक कि पैसिव स्मोकिंग के शिकार भी न बनें। जहरीले रसायनों से सावधान रहें, एरोसोल और सफाई उत्पादों और कीटनाशकों जैसे रसायन, जहरीले पदार्थ पैदा करते हैं जो यकृत कोशिकाओं को घायल कर सकते हैं। व्यक्ति को नियमित रूप से एक्सरसाइज करनी चाहिए। एक्सरसाइज करने से न केवल शरीर स्वस्थ रह सकता है बल्कि लिवर की चर्बी भी कम हो सकती है। एक्सरसाइज करने से लिवर के काम पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। वजन नियंत्रण में रखेंगे तो नॉन-अल्कोहल फैटी लिवर रोग को रोकने में मदद मिल सकती है। साथ ही बहुत सारी रोगों के फैलाव से बचाव होगा। ज्यादा शराब का सेवन न करें। यह लिवर की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है और सिरोसिस में सूजन पैदा कर सकता है, जो घातक हो सकता है। लिवर की बीमारी का आमतौर पर तब तक कोई स्पष्ट संकेत या लक्षण नहीं दिखता है जब तक कि यह काफी जटिल न हो और लिवर क्षतिग्रस्त न हो जाय। इस स्तर पर, संभावित लक्षण भूख में कमी, वजन घटने और पीलिया आदि हैं। लिवर शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। वहीं इसका कार्य भोजन को पचाना होता है। लिवर का काम ब्लड शुगर को नियंत्रित रखने और प्रोटीन बनाने का भी होता है। शरीर के विकास के लिए प्रोटीन की आवश्यकता होती है। भोजन से भी पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की जरूरतें शरीर में पूरी नहीं हो पाती हैं।

**लिवर को स्वस्थ रखने के लिए नियमित व्यायाम करें और स्वस्थ आहार लें। सभी खाद्य समूहों के खाद्य पदार्थ खाएं जिनमें अनाज, प्रोटीन, डेयरी उत्पाद, फल, सब्जियां और वसा शामिल हो।**

हेल्थ

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# वन व जल का दोहन रोकने से ही बचेगी पृथ्वी

पृथ्वी को बचाने के लिए प्रकृति के साथ सद्भाव बनाए रखते हुए उसे सुरक्षित एवं संरक्षित रखना होगा। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं शोषण नहीं, बल्कि उनका भरण-पोषण करना होगा। तभी हम पृथ्वी को बचा पायेंगे। यह कहना है पर्यावरणविद डा. गणेश पाठक का। अमरनाथ मिश्र पीजी कालेज दूबेछपरा के पूर्व प्राचार्य व जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय के पूर्व शैक्षणिक निदेशक डा. गणेश पाठक ने संवादाता से शुक्रवार को प्रकृति को लेकर गंभीरता से अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता से प्रभावित होकर अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने सर्वप्रथम 22 अप्रैल 1970 को पृथ्वी दिवस मनाने का निर्णय लिया था। तब से प्रतिवर्ष 22 अप्रैल को एक नए थीम को लेकर पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का मुख्य थीम है "हमारे ग्रह में निवेश करें।" यहां प्रश्न यह है कि आखिर हम अपने ग्रह अर्थात पृथ्वी में क्या निवेश करें? डा. पाठक ने बताया कि मानव एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरक हैं। परस्पर समायोजन द्वारा ही पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को बचाकर




पृथ्वी को विनष्ट होने से बचाया जा सकता है। इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा-भरा बनाना एवं जल का संरक्षण कर जल को बचाना तथा वर्षा जल संचयन द्वारा जल की सम्पूर्ति करना। साथ ही साथ पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के प्रत्येक कारकों को सुरक्षित एवं संरक्षित करना तथा उनकी अभिवृद्धि करना। डा. पाठक ने बताया कि प्रारम्भ से ही मानव प्राकृतिक संसाधनों का प्रयोग करता आ रहा है, लेकिन जब तक मानव एवं प्रकृति का संबंध सकारात्मक रहा, तब तक पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी असंतुलन संबंधी कोई भी समस्या नहीं उत्पन्न हुई। जैसे-जैसे मानव की भोगवादी प्रवृत्ति एवं विलासितापूर्ण जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अनियोजित एवं अनियंत्रित विकास के लिए प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन एवं शोषण बढ़ता गया,पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र का असंतुलन बढ़ता गया। जिससे पर्यावरण प्रदूषण, ग्रीन हाउस प्रभाव में वृद्धि, ओजोन परत का क्षरण, ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप प्राकृतिक आपदाओं में भी निरन्तर वृद्धि होती जा रही है। मानव पर पर्यावरण के प्रभाव एवं पर्यावरण पर मानव के प्रभाव दोनों में बदलाव आता गया। जिसके परिणामस्वरूप अनेक तरह के बढ़ते घातक प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन के चलते मानव एवं पर्यावरण के अंतरसंबंधों में भी बदलाव आता गया। मानव के कारनामों के चलते हरितगृह प्रभाव एवं ओजोन परत के क्षयीकरण ने इसमें अहम भूमिका निभाई, जिससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में तीव्रता के साथ बदलाव आता गया। कारण कि पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी के विभिन्न कारक तेजी से समाप्त होते गये। जिससे पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन बढ़ता गया और मानव वातावरण के अंतरसंबंधों में भी बदलाव आता गया।

## प्राकृतिक वनस्पति न के बराबर

पर्यावरणविद डा. गणेश पाठक ने कहा कि बलिया की स्थिति तो इस संदर्भ में अति दयनीय है। जहां प्राकृतिक वनस्पति एक प्रतिशत से भी कम है। यानी न के बराबर है। मानवरोपित वनस्पतियां भी दो प्रतिशत से कम ही हैं। जबकि सम्पूर्ण धरातल के कम से कम 33 प्रतिशत भाग पर वनाच्छादन का होना आवश्यक है। यही नहीं पृथ्वी के गर्भ में जल का अधिक से अधिक संभरण करना भी आवश्यक है। इस प्रकार यदि हमें इस धरा को बचाना है तो वन एवं जल दोनों तत्वों का दोहन एवं शोषण रोककर धरती पर इसकी समृद्धि के लिए अधिक से अधिक वनाच्छादन करना होगा। वर्षा जल का संचयन कर धरती को जल से संतृप्त करना होगा।

## मानव व पर्यावरण के मध्य करना होगा समायोजन

डा. गणेश पाठक ने कहा कि आज आवश्यकता इस बात की है कि यदि हमें पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र के समाप्त हुए घटकों की पुनर्बहाली करनी होगी। इसके लिए मानव एवं पर्यावरण के मध्य समायोजन करना होगा। पर्यावरण के साथ सतत सद्भाव बनाकर जीवनयापन करना होगा। तभी पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी तंत्र को सुरक्षित एवं संरक्षित रखा जा सकेगा। साथ ही पृथ्वी को जीवन जीने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके लिए सबसे आवश्यक है पृथ्वी को हरा-भरा बनाना।

# शुरू हो गया वैशाख माह का शुक्ल पक्ष

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार पड़ते हैं। हिंदू पंचाग के मुताबिक 21 अप्रैल 2021 से वैशाख माह का शुक्ल पक्ष की शुरूआत हो गई है। वैशाख के शुक्ल पक्ष में कई महत्वपूर्ण व्रत-त्योहार पड़ते हैं। बता दें कि स्कंद पुराण में ब्रह्मा जी ने वैशाख मास को सब मासों में श्रेष्ठ बताया है। सब माहों में वैशाख माह उतना ही श्रेष्ठ है, जैसे सतयुग के समान दूसरा युग नहीं है।

**अक्षय तृतीया :** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष में पहला त्योहार अक्षय तृतीया का है। अक्षय तृतीया का पर्व 22 अप्रैल, 2023 को पड़ रहा है। इस दिन मां लक्ष्मी के पूजा का विधान है। इस दिन अबूझ मुहूर्त होने के कारण खरीदारी और मांगलिक कार्यों के लिए शुभ मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं होती है। बता दें कि इसी दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष का दूसरा पर्व विनायक चतुर्थी 23 अप्रैल 2023 को मनाई जाएगी। विनायक चतुर्थी का दिन भगवान गणेश को समर्पित होता है। इस दिन गणपति की सच्चे मन से पूजा-अर्चना करने से राहु-केतु की पीड़ा से मुक्ति मिलती है। साथ ही गणेश जी की कृपा से बुद्धि और धन में वृद्धि होती है।

**सूरदास जयंती :** 25 अप्रैल को सूरदास जयंती, शंकराचार्य जयंती और रामानुज जयंती मनाई जाएगी। सूरदास भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त थे। सूरदास



जयंती के दिन सूरदास की कविताएं, दोहे आदि का स्मरण करने से कृष्ण जी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

**गंगा सप्तमी :** 27 अप्रैल, 2023 को गंगा सप्तमी का पर्व मनाया जाएगा। मान्यता के अनुसार, इस दिन ब्रह्म देव के कमंडल से मां गंगा का जन्म हुआ था। गंगा सप्तमी के दिन गंगा नदी में डुबकी लगाने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**सीता नवमी :** 29 अप्रैल 2023 को सीता नवमी का पर्व मनाया जाएगा। बता दें कि इस दिन मां सीता का प्राकट्य दिवस मनाया जाता है। रामनवमी के ठीक 1 महीने बार जानकी जयंती का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन अखंड सौभाग्य की कामना लेकर महिलाएं मां सीता की पूजा-अर्चना करती हैं।

**मोहिनी एकादशी :** मोहिनी एकादशी का व्रत 1 मई, 2023 को रखा जाएगा। समुद्र मंथन से अमृत निकलने के बाद देवगणों और राक्षसों में इसे पाने के लिए विवाद हो गया था। तब इस विवाद को सुलझाने के लिए भगवान विष्णु ने मोहिनी अवतार लिया था।

**नरसिम्हा जयंती :** नरसिंह जयंती 4 मई को मनाई जाएगी। बता दें कि वैशाख शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु ने नरसिंह का अवतार लिया था। इस अवतार में भगवान श्रीहरि विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया था।

**बुद्ध पूर्णिमा :** वैशाख पूर्णिमा 5 मई, 2023 को मनाई जाएगी। इसी दिन भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव भी मनाया जाता है। इसलिए इसको बुद्ध पूर्णिमा भी कहा जाता है। बता दें कि इसी दिन यानी की 5 मई को साल का पहला चंद्र ग्रहण भी लग रहा है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

# हमें तो लिखने का मसाला चाहिए



लिखने का मसाला हमारे चारों ओर फैला हुआ है। जो जितना लिखना चाहे उतना उठा सकता है। इन्हीं मसालों के बीच एक मसाला था गड्ढा। जी हाँ, चमचमाती सड़क के बीच एक गड्ढा था। गड्ढा भी बड़ा चिढ़ा-चिढ़ा था। गड्ढे की सूरत देखकर ऐसा लगा कि कांट्रैक्टर को उसकी मुँह मांगी कीमत नहीं मिली तो सड़क के मुँह पर यह गड्ढा छोड़ गया हो। अब गड्ढा बन ही गया है तो गिरना बनता ही है। नहीं तो गड्ढे की क्या इज्जत रह जाएगी। सो आए दिन कोई न कोई गड्ढे में गिरता और अपने हाथ-पैर तुड़वाता।

एक दिन एक माँ-बेटे गड्ढे में गिर गए। आप तो जानते ही हैं कि हमारे देश में आपदा के समय सहायता करने वाले बाद में तमाशा देखने वाले पहले पहुँच जाते हैं। वैसे भीड़ की मानसिकता बहुविकल्पीय होती है। पहले तो अ की सोच ब की सोच से मेल नहीं खाएगी। मेल खा भी गयी तो स की सोच उन दोनों की नहीं मानेगी। मान भी गयी तो द की सोच कुछ करने नहीं देगी। कुल मिलाकर जहाँ थे वहीं पर रहते हैं।

कुछ पढ़े-लिखे घटना का वीडियो बनाकर अपलोड करने की अपनी मौलिक व प्राथमिक जिम्मेदारी पूरी करते हैं। ऐसा नहीं करने पर उनका हाजमा बिगड़ जाने की प्रबल संभावना बनी रहती है। यदि कोई सहायता करने के लिए हाथ बढ़ाता है तो उसे अनपढ़-गंवार कहकर उसका मजाक उड़ाया जाता है। ऐसे लोगों की सोच में समझदार हेल्पलाइन नंबर पर फोन लगाते हैं और बेवकूफ सहायता करने के चक्कर में खुद पुलिस थाने के चक्कर में लग जाते हैं। इन सब के बीच सबसे खुश एक ही व्यक्ति रहता है जो न तो सहायता करता है न हेल्पलाइन को फोन। जानते हो वह व्यक्ति कौन होता है? उसे ही आज की दुनिया में व्यंग्यकार कहते हैं। उसे तो ऐसे-जैसे-तैसे लिखने के लिए मसाला चाहिए। मसाला मिल गया तो समझो कोरा कागज घिसकर काला कर दिया। छप गए अगले दिन। लाइक्स पर लाइक्स और शेयर का सुख अलग से। वाहवाही के झूले में झूलने वाले व्यंग्यकार लोगों की पीड़ाओं में अपने छपास सुख की अठखेलियाँ खेलते रहते हैं।

❖ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**
**प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार**

# इन कारणों से थायराइड रोग का हो सकते हैं आप शिकार

बिजी लाइफस्टाइल, फिजिकल एक्टिविटी की कमी और खानपान की गलत आदतों के कारण हम जल्दी बीमार पड़ जाते हैं। कई बीमारियां हमारे शरीर के ग्लैंड्स से जुड़े होते हैं। बता दें कि थायरॉइड भी ग्लैंड से जुडा होता है। थायरॉइड गले में तितली के आकार का ग्लैंड होता है। यह गले में ठीक सामने की ओर मौजूद होता है। थायरॉयड ग्लैंड हार्मोन बनाता है, जो व्यक्ति के शरीर के मेटाबॉलिज्म (हम जो भोजन खाते हैं, यह उसे ऊर्जा में बदलने का काम करता है) को बढ़ाने का काम करता है। साथ ही यह बॉडी सेल्स को कंट्रोल करने का काम करता है। शरीर की सभी प्रक्रियाओं को थायरॉइड हार्मोन नियंत्रित करता है। जब इस ग्लैंड में गड़बड़ी हो जाती है तो व्यक्ति को थायरॉइड से संबंधित रोग होते हैं।


आज हम आपको इस आर्टिकल में बताएंगे कि थायरॉइड किन चीजों से बढ़ने लगता है। इस बारे में न्यूट्रिशनिस्ट मनोली मेहता जानकारी दे रही हैं। बता दें कि न्यूट्रिशनिस्ट मनोली मेहता डायबिटीज शिक्षक और वेट मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट हैं। लेकिन उससे पहले हले थायरॉइड बढ़ने के लक्षणों के बारे में जानकारी होना जरूरी है।

## लक्षण

मसल्स में कमजोरी और दर्द
दिल की धड़कन बढ़ना
पीरियड्स में गड़बड़ी
बालों का झड़ना
ज्यादा भूख लगना
ज्यादा पसीना आना
चिड़चिड़ापन
वेट लॉस
घबराहट
अनिद्रा

## सेलेनियम की कमी

हाशिमोटो (यह एक ऑटोइम्यून विकार है, जो थायरॉयड सेल्स को नष्ट कर देता है) से पीड़ित व्यक्तियों में सेलेनियम की कमी सबसे आम पोषक तत्व की कमी होती है। बता दें कि यह पोषक तत्व थायरॉइड के कामों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इसलिए इसके सप्लीमेंट लेने से न सिर्फ ऑटोइम्यून रोग के ट्रिगर्स से बचने में सहायता मिलती है। बल्कि थायरॉइड एंटीबॉडी के हाई लेवल को भी कम करने का काम करता है। सेलेनियम ग्लूटाथियोन का उत्पादन करता है, जिसके कारण थायरॉयड ग्लैंड को सूजन से बचाता है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट के तौर पर काम करता है। साथ ही यह बालों को झड़ने से भी रोकता है।



## ग्लूटेन का सेवन

ग्लूटेन में पाए जाने वाले प्रोटीन को ग्लियाडिन कहा जाता है। इसकी मॉलिक्यूलर संरचना थायरॉइड के जैसी होती है। इसलिए जब भी ग्लूटेन वाले खाने को खाया जाता है, तो यह ब्लडस्ट्रीम में प्रवेश कर जाता है। ब्लडस्ट्रीम में जाने पर यह खाने को पचाने की जगह उस पर हमला करना शुरू कर देता है। साथ ही ग्लूटेन के सेवन से शरीर में एलर्जी और सूजन की समस्या भी हो सकती है।

हर व्यक्ति को डाइट में कम से कम कार्बोहाईड्रेट वाली चीजों को शामिल करना चाहिए। क्योंकि इनमें कैलोरी की मात्रा अधिक पाई जाती है। अधिक कैलोरी थायरॉइड के काम में रुकावट पैदा करती है। इसके साथ ही कार्ब्स के सेवन से मेटाबॉलिक रेट धीमा हो जाता है। इसलिए आपको अपने दिन की शुरूआत अच्छी गुणवत्ता वाले प्रोटीन कॉम्प्लेक्स कार्ब्स आदि से करनी चाहिए। अपनी डाइट में आप एवोकाडो, अंडे, ग्लूटेन फ्री ब्रेड या ओट्स, अखरोट, ब्लूबेरी और बादाम के दूध को शामिल कर सकते हैं।

# जूतों से नहीं आएगी बदबू

आजकल मार्केट में ऐसे फुट पाउडर मिलते हैं, जो नमी के साथ-साथ गंध आदि को भी अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आपको अक्सर जूतों से बैड स्मेल आती है तो आप मेडिकेटेड फुट पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में जूतों से एक अजीब सी गंध आना बेहद ही आम समस्या है। आमतौर पर, जब जूतों से बैड स्मेल आती है तो पैरों से भी वह बदबू आनी शुरू हो जाती है। जिससे व्यक्ति को बेहद ही अजीब लगता है। अक्सर हम जूतों से स्मेल आने पर उसे धोना पसंद करते हैं। हालांकि, जूतों को बार-बार और जल्द धोने से उसकी लाइफ कम हो जाती है। धोकर तो आप जूतों से आने वाली स्मेल को दूर कर ही सकते हैं। लेकिन इसके अलावा भी आप कुछ अन्य उपाय अपना सकते हैं।

**पाउडर की लें मदद :** आजकल मार्केट में ऐसे फुट पाउडर मिलते हैं, जो नमी के साथ-साथ गंध आदि को भी अब्जॉर्ब करने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आपको अक्सर जूतों से बैड स्मेल आती है तो आप मेडिकेटेड फुट पाउडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह जूते पहनने पर फंगस के विकास को भी रोक सकता है। अगर आपके पास फुट पाउडर नहीं है तो ऐसे में आप बेकिंग सोडा के इस्तेमाल पर विचार करें। गर्मी के मौसम में मुख्य रूप से पैरों से पसीने के कारण जूतों में नमी आ जाती है। जब आप पैरों के पसीने को रोकते हैं, तो आप अपने जूतों को सूखा रखते हैं और बैक्टीरिया और फंगस को पनपने नहीं देते। इसलिए, जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोकने के लिए सुनिश्चित करें कि आपके पास एंटीपर्सपिरेंट अवश्य हो। हालांकि, अगर आप इसका इस्तेमाल पहली बार कर रहे हैं तो ऐसे में एक पैर की अंगुली या एक पैर पर एक छोटा पैच टेस्ट अवश्य करें।

**समझदारी से करें मोजों का चयन :** आपके द्वारा पहने जाने वाले मोजे भी आपके जूतों से आने वाली बैड स्मेल को रोक सकते हैं। कोशिश करें कि आप ऐसे मोजे पहनें, जो आपके पैरों और जूतों को सूखा रखने में मदद करें। आजकल मार्केट में ऐसे मोजे अवेलेबल हैं, जो आसानी से पसीने को अब्जॉर्ब कर लेते हैं। वहीं कॉटन पसीने को पैर में ऐसा ही रखता है, जिससे आपके जूते में बैक्टीरिया के लिए एक आदर्श प्रजनन स्थल बन जाता है। फिर आपके जूतों से बैड स्मेल आने लगती है।

**जूतों को सुखाएं :** एक बार जूते पहनने के बाद आप भले ही उन्हें धोना ना चाहते हों, लेकिन फिर भी आपको उन्हें सुखाना अवश्य चाहिए। अगर आपके जूते काफी देर तक नम रहते हैं तो ऐसे में वे बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल बन जाएंगे। जिससे उसमें से बैड स्मेल आएगी। आप जूतों को सुखाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए इनसोल को हटा दें और जूतों को सूखे कागज से भर दें। आप देखेंगे कि कागज जल्द ही सारी नमी सोख लेंगे।

❖ **मिताली जैन**

# इन देशों में कार-बाइक की जगह नावों में घूमते हैं लोग

जब हॉलिडे मनाने की बात आती है तो हम अनोखी डेस्टिनेशन पर जाना चाहते हैं। आपको बता दें कि दुनिया के इन शहरों में आपको कुछ नया एक्सपीरियंस करने को मिलेगा। बता दें कि इन जगहों पर सड़क नहीं है। बल्कि यहां पर लोग नाव से इधर-उधर जाते हैं। हनीमून पर जाना हो, या हॉलिडे मनाना हो, हर कोई चाहता है कि उनकी डेस्टिनेशन सुंदर और अनोखी होनी चाहिए। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो दुनिया भर में कई खूबसूरत शहर और कस्बे मौजूग हैं। इन जगहों पर एक-जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए नाव करनी पड़ती है। यन जगहों पर आपको सड़क नहीं मिलेगी। अगर आप भी इन जगहों पर जाते हैं तो वहां पर आप नाव के जरिए इधर-उधर जा सकते हैं।



सुझाऊ चीन का एक गांव है। इस गांव का अपना इतिहास रहा है। बता दें कि यहां के लोगों को नाव से चलना काफी पसंद है। इसलिए आपको यहां पर पेड़ों के आपसाप नहरों में ढेरों चलती हुई नाव देखने को मिलेंगी।

फ्रांस का एनेसी पानी पर बसा हुआ है। आपको यहां पर कुछ ही मीटर पर कई ब्रिज देखने को मिलेंगे। यहां पर नहर के किनारे काफी संख्या में रेस्तरां बने हैं। इन रेस्तरां में आप सुबह की चुस्कियां लेने के लिए पहुंच सकते हैं। बता दें कि यह जगह लार्ड एनेसी के नाम बनी हुई है।

**वेनिस :** वेनिस शहर की गिनती इटली के सबसे खूबसूरत शहरों में आता है। यह पूरा शहर पानी में बसा हुआ है। इस शहर को छोटे-छोटे आइसलैंड के साथ मिलकर बनाया है। अगर आप भी इटली घूमने जाएं तो एक बार गंडोला राइड का लुत्फ जरूर लें। यहां पर आपको एक भी सड़क नहीं दिखेगी।

**गेनवी :** अफ्रीका का छोटा गांव गेनवी अपनी खूबसूरती के लिए जाना जाता है। गेनवी की आजादी करीब 20 हजार के आसपास है। यह गांव नोकुई झील के बीच पर बसा है। यहां पर लोग नाव पर बैठकर बिजनेस करते हैं। घूमने के लिहाज से यह बेहतरीन जगह है।

**स्टॉक होम :** स्वीडन की राजधानी स्कॉटहोम भी एक खूबसूरत शहर है। यह 14 आइसलैंड पर बना है। बता दें कि स्कॉटलैंड में 50 से ज्यादा ब्रिज मौजूद हैं। झील के किनारे बना यह शहर अपनी नीली इमारतों के लिए भी जाना जाता है।

**अनन्या मिश्रा :** पीरियड्स शुरू और खत्म होने के दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में हार्मोनल बदलाव आते हैं। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। इस दौरान महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखते हैं। इन लक्षणों से निजात पाने के लिए डाइटीशियन ने छोटा सा उपाय बताया है। पीरियड्स के शुरू होने और इसके खत्म होने के बाद दोनों ही स्थिति में महिलाओं के शरीर में कई हार्मोनल चेंजेस होते हैं। महिलाओं को इन बदलावों की वजह से कुछ दिक्कतें भी उठानी पड़ती हैं। वहीं अगर बात मेनोपॉज की यानि की उस स्थिति की करें, जब पीरियड्स बंद हो जाते हैं। ऐसे अमूमन 45 से 50 वर्ष के आसपास की महिलाओं में होता है। महिलाओं को मेनोपॉज से पहले पेरिमेनोपॉज से गुजरना पड़ता है। मेनोपॉज वो स्थिति होती है जब महिलाओं में ओवुलेशन बंद हो जाता है। इसके बाद महिलाएं प्रेग्नेंट नहीं हो सकती हैं।

पेरिमेनोपॉज यानी की मेनोपॉज से पहले पीरियड्स में अनियमितता देखने को मिलती है। शरीर में इस दौरान और भी कई लक्षण नजर आते हैं। यह लक्षण इस बात की ओर इशारा करते हैं कि मेनोपॉज का समय करीब है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस दौरान किसी भी महिला के शरीर में किस तरह के लक्षण दिखाई देते हैं।

# पोटापोवा ने कोको गॉफ को हराया

## क्वार्टरफाइनल में गार्सिया से मुकाबला



**एजेंसी। स्टटगार्ट**

एनस्तासिया पोटापोवा ने कोको गॉफ के खिलाफ अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की और पांचवीं सीड गॉफ को अपसेट करते हुए पोर्श टेनिस ग्रां प्री में 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। क्वार्टरफाइनल में पोटापोवा का चौथी सीड कैरोलिना गार्सिया से मुकाबला होगा जिन्होंने जर्मनी की तात्जाना मारिया को 7-6(5), 6-4 से पराजित किया।

पोटापोवा ने एक महीने पहले अमेरिकी खिलाड़ी को मियामी में तीसरे दौर में 6-7(8), 7-5, 6-2 से हराया था। उन्होंने इस बार क्ले कोर्ट पर एक घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की और 2023 में अपने चौथे क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। अन्य मैचों में चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिसकोवा ने क्रोएशिया की डोना वेकिच को 6-2, 6-7(5), 7-6(5) से और स्पेन की पाउला बादौसा ने हमवतन क्रिस्टीना बुस्का को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी।

### स्वीयाटेक ने झेंग को स्टटगार्ट ग्रां प्री में हराया

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वीयाटेक ने चीन की झेंग किनवेन को टेनिस डब्लूटीए 500 स्टटगार्ट ग्रां प्री के दूसरे दौर में हरा दिया। गत चैंपियन ने चीन की उभरती स्टार को 6-1, 6-4 से हराने में एक घंटे 26 मिनट का समय लिया और स्टटगार्ट में अपना अपराजेय क्रम पांच मैच पहुंचा दिया। 45 दिनों में अपना पहला मैच खेल रही स्वीयाटेक ने इस जीत के साथ झेंग के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-0 पहुंचा दिया है।



## यूरोपा लीग : मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर सेविला सेमीफाइनल में

**एजेंसी। मैड्रिड**

**छह** बार के यूएफा यूरोपा लीग विजेता सेविला ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को 3-0 से हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मोरोक्को के इंटरनेशनल स्ट्राइकर यूसुफ एन-नसीरी ने गुरुवार रात सेविला की जीत में दो गोल दागे और सेविला ने कुल 5-2 से जीत हासिल की। उसकी यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले सप्ताह ओल्ड ट्रैफर्ड में वह पहले हाफ में 0-2 से पिछड़ गए थे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सेविला ने पहला गोल जल्दी ही हासिल कर लिया। आठवें मिनट में एरिक लामेला ने बॉक्स में गेंद संभाली और एन-नसीरी को पास दिया जिन्होंने 10 मीटर की दूरी से गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में लोइक बड़े ने लूपिंग हैडर लगाते हुए सेविला की बढ़त दोगुनी कर दी। एन-नसीरी ने 81वें मिनट में गोलकीपर डी जिया की गलत क्लियरिंग का फायदा उठाते हुए गेंद संभाली और अपना दूसरा तथा टीम का तीसरा गोल दागते हुए टीम को अंतिम चार में पहुंचा दिया।

### आईपीएल 2023 में तेज गेंदबाजों के खिलाफ

# रन स्कोर करने के तरीके ढूंढने होंगे : डेविड वार्नर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के भारतीय बल्लेबाजों पृथ्वी शॉ, सरफराज खान और यश धुल को आईपीएल 2023 में तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ रहा है और उनके कप्तान डेविड वार्नर का कहना है कि युवा भारतीय बल्लेबाजों को उच्च स्तरीय गेंदबाजों के खिलाफ रन स्कोर करने के तरीके ढूंढने होंगे। गुरूवार को सरफराज और यश धुल अरुण जेटली स्टेडियम में कोलकाता नाईट राइडर्स के खिलाफ मैच में नहीं खेले। वे पिछले मैचों में बल्ले से संघर्ष करते नजर आये थे और तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी कमजोरी सामने आयी थी। शॉ को दूसरी तरफ इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में लाया गया लेकिन वह 13 रन बनाने के बाद लेग स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की गेंद को स्टंप्स पर खेल गए। वार्नर ने मैच के बाद कहा, हमने इस पर ज्यादा चर्चा नहीं की है। आपको अपने कौशल पर भरोसा करना होगा। और मैं खिलाड़ियों को नहीं बता सकता कि उन्हें कैसे बल्लेबाजी करनी है। आपको यह खुद देखना होगा। यदि आपको 150 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार की गेंदबाजी का सामना करना हो तो आपके पास स्कोर करने की तकनीक और तरीका होना चाहिए। सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए कोलकाता के खिलाफ 128 के लक्ष्य का पीछा करते हुए वार्नर ने अपना पुराना रौद्र रूप दिखाया और पॉवरप्ले में 25 गेंदों में 45 रन ठोक डाले। वह 41 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। जिसके बाद अक्षर पटेल ने दिल्ली को चार गेंद शेष रहते जीत की मंजिल पर पहुंचाया।



## आईपीएल 2023 के लिए जियो सिनेमा के ब्रांड एंबेसडर बने रोहित शर्मा



**नई दिल्ली।** जियो सिनेमा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के मौजूदा सीजन के लिए मुंबई इंडियंस के कैप्टन रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। जियो सिनेमा के एक अधिकारी ने कहा, स्टार क्रिकेटर और भारतीय पुरुषों की टीम के कैप्टन रोहित शर्मा जियो सिनेमा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल हुए हैं। हम अपनी पेशकशों को बढ़ाते रहेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि डिजिटल स्ट्रीमिंग हमारे लाखों दर्शकों को एक अभिनव और अनूठा अनुभव प्रदान करे। जियो सिनेमा जल्द ही रोहित शर्मा के साथ प्रोमो और ऐड कैपेंन लेकर आएगा। जियो सिनेमा और मुंबई इंडियंस दोनों का स्वामित्व रिलायंस ग्रुप के पास है। जियो सिनेमा के पास डिजिटल राइट्स हैं, और स्टार स्पोर्ट्स के पास टीवी राइट्स हैं। दोनों ही आईपीएल को लेकर हाई-ऑक्टेन मार्केटिंग कैपेंन चला रहे हैं। वे दर्शकों और विज्ञापनदाताओं दोनों का अधिकतम ध्यान आकर्षित करने के लिए जमकर मेहनत कर रहे हैं।

# हैदराबाद ने चेन्नई को 135 रनों का दिया टारगेट



**एजेंसी। चेन्नई**

सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 का 29वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 135 रन का टारगेट दिया है। जवाब में चेन्नई ने 10 ओवर में बगैर नुकसान के 86 रन बना लिए हैं। डेवेन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड क्रीज पर हैं। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी हो चुकी है। डेवेन कॉन्वे छठे अर्धशतक के करीब हैं। 135 रन का टारगेट चेज करने उतरे डेवेन कॉन्वे और ऋतुराज गायकवाड ने चेन्नई को धमाकेदार शुरूआत दिलाई। दोनों ने शुरूआती छह ओवर में 60 रन जोड़े। कॉन्वे ने यानसेन के ओवर में 23 रन बटोरे। इस ओवर में चार चौके और एक सिक्स आया। चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 134 रन बना लिए हैं। ओपनिंग करने उतरे अभिषेक शर्मा 34 रन बनाकर आउट हुए। राहुल त्रिपाठी ने 21 रन का योगदान दिया। चेन्नई की ओर से रवींद्र जडेजा ने तीन विकेट लिए। आकाश सिंह, महीश तीक्षणा और मथीशा पथिराना ने एक-एक विकेट लिए।

## मो. सिराज इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक : कोच ग्रिफिथ



**एजेंसी। मोहाली**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के गेंदबाजी कोच एडम ग्रिफिथ ने तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की जमकर सराहना की है जिन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ बेंगलुरु की 24 रन की जीत में 21 रन पर चार विकेट लिए थे। ग्रिफिथ ने मैच विजयी गेंदबाजों के सन्दर्भ में सिराज को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक बताया।

गुरूवार को मोहाली के आईएस बिंद्रा स्टेडियम में सिराज ने पॉवरप्ले और डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करते हुए आईपीएल का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और पंजाब की टीम 18.2 ओवर में 150 रन पर सिमट गयी। इस प्रदर्शन के साथ सिराज छह मैचों में 12 विकेट लेकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। उनका औसत 13.41 और इकोनॉमी रेट 6.71 है।

ग्रिफिथ ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, वह इस समय दुनिया में सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं यहां तक कि पिछले मैच, जिसमें 444 रन बने थे, में उन्होंने 30 रन ही दिए थे। वह न केवल पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं बल्कि इससे पहले भी उन्होंने बेहतरीन गेंदबाजी की है।

उन्होंने कहा, आपने देखा होगा कि उन्होंने भारत के लिए अच्छी गेंदबाजी की है। वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो नई गेंद के साथ लय तय करते हैं और यही कारण है कि इस टूनार्मेंट में बॉल के साथ हमारे पॉवरप्ले शानदार रहे हैं।

## तीरंदाजी विश्वकप में भारत 13 साल बाद फाइनल में

**अंताल्या।** भारतीय पुरुष रिकर्व टीम तीरंदाजी विश्वकप चरण एक के फाइनल में पहुंच गई है। भारत ने लगातार तीन जीत दर्ज कर यह मुकाम हासिल किया। भारत ने पहले जापान को 5-4, इसके बाद चीनी ताइपे और नौवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड को समान 6-2 के अंतर से हराकर प्रवेश किया। इसके साथ ही भारतीय टीम नौ साल में पहली बार पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंची है। अतनु दास, बी धीरज और तरुणदीप राय की भारतीय तिकड़ी रविवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में चीन से भिड़ेगी।

# एप्पल स्टोर लॉन्च होने के बाद मैच में दिखे टिम कुक



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एप्पल के सीईओ टिम कुक गुरुवार को यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल 2023 के मैच के दौरान कुछ क्रिकेट एक्शन का लुत्फ उठाते नजर आए। राष्ट्रीय राजधानी में एप्पल स्टोर का उद्घाटन करने के बाद कुक स्टेडियम में अचानक नजर आए। उन्हें बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर, बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों के साथ देखा गया। एप्पल के सीईओ देश में स्टोर खोलने के लिए भारत में हैं। दिल्ली से पहले कुक ने कुछ दिन पहले मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में भारत का पहला एप्पल स्टोर लॉन्च किया था।

### आईपीएल 2023 | दिल्ली कैपिटल्स के पहला अंक पाने पर गांगुली ने कहा-

# यह मेरा पहला टेस्ट जीतने जैसा है


**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा कि उनकी टीम द्वारा गुरुवार को आईपीएल के छह में से पहला मैच जीतना उनके पहला टेस्ट जीतने के समान है। उन्होंने कहा कि उनकी टीम के लड़के यह प्रयास कर रहे हैं कि वे बेहतर बल्लेबाजी कैसे कर सकते हैं। उनके गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद कप्तान डेविड वार्नर के महत्वपूर्ण अर्धशतक (41 रन पर 57 रन) ने दिल्ली कैपिटल्स को सत्र की अपनी पहली जीत दिलाई। टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को चार विकेट से पराजित किया। अक्षर पटेल (2/13), कुलदीप यादव (2/15), ईशांत शर्मा (2/19) और एनरिच नार्जे (2/20) की अच्छी गेंदबाजी के दम पर डीसी ने केकेआर को 20 ओवर में 127 रन पर समेट दिया। जवाब में, वार्नर ने डीसी को शानदार शुरूआत दी। हालांकि केकेआर के स्पिनरों ने बीच के ओवरों में बाजी पलट दी, लेकिन अंत में मेजबान टीम ने तीन गेंद



शेष रहते जीत हासिल कर ली। चार विकेट से जीत के बाद गांगुली ने कहा, मैं सोच रहा था कि यह मेरे पहले टेस्ट की तरह है, अपनी छाप छोड़ कर खुश हूं! हमने इस सीजन में अच्छी गेंदबाजी की है। हालांकि, वह अपनी टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन से पूरी तरह से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, ये अच्छी पिचें और तेज आउटफील्ड हैं, लेकिन समस्या बल्लेबाजी है। हमें खुद को देखने की जरूरत है कि हम कैसे बेहतर कर सकते हैं। नॉर्टजे ने शानदार प्रदर्शन किया है। इशांत शर्मा और मुकेश कुमार को देखकर अच्छा लगा। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह एक अनुभवहीन लाइन-अप है, उनमें से कई लंबे समय से खेल रहे हैं।

### नितीश राणा ने दिल्ली से मिली हार की जिम्मेदारी ली



**कोलकाता** नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान नीतीश राणा ने आईपीएल 2023 में दिल्ली कैपिटल्स से मिली चार विकेट की हार की जिम्मेदारी ली है। उन्होंने कहा कि उन्हें क्रीज पर अधिक समय तक रुकना चाहिए था। बारिश की वजह से देरी से शुरू हुए मैच में, ईशांत शर्मा, एनरिक नार्जे, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने दो-दो विकेट लिए। दिल्ली ने कोलकाता को सिर्फ 127 रन पर आउट कर दिया। कोलकाता की ओर से राणा, वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह और मनदीप सिंह ने कोई खास योगदान नहीं दिया। सिर्फ जैसन रॉय (43) और आंद्रे रसेल (38 नॉट आउट) ने थोड़ा बहुत योगदान दिया। मैच खत्म होने के बाद राणा ने कहा, हम 15-20 रन कम थे। हम जानते थे कि विकेट आसान नहीं है। मुझे और अधिक बल्लेबाजी करनी चाहिए थी, और उस समय मेरा विकेट महत्वपूर्ण था। मैं इसकी जिम्मेदारी लेता हूं; मुझे वहां खड़ा रहना चाहिए था। जवाब में, कोलकाता के गेंदबाज, मुख्य रूप से स्पिनर वरुण चक्रवर्ती, अनुकुल रॉय और राणा ने खेल को अंतिम ओवर तक पहुंचाया।



# वित्त मंत्रालय ने मेट्रो अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव पर जताई चिंता




**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) को सलाह दी है कि प्रस्तावित संशोधन के प्रभाव को उधारदाताओं के साथ-साथ अन्य कानूनों के तहत छूट पाने वालों के अधिकारों पर भी विचार किया जाना चाहिए। आर्थिक मामलों के विभाग का विचार है कि प्रस्तावित संशोधन मेट्रो अधिनियम की अन्य शर्तों को प्रभावित कर सकते हैं और मेट्रो परियोजनाओं के बारे में उधारदाताओं के दृष्टिकोण को भी प्रभावित कर सकते हैं, क्योंकि उधारदाताओं को ऐसी परियोजनाओं के राजस्व प्रवाह के लिए सहारा देने से इनकार किया जा सकता है। व्यय विभाग (वित्त मंत्रालय) ने भी सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि भारत सरकार के हितों की रक्षा के लिए महानगरों द्वारा भारत सरकार को बकाया राशि का भुगतान किया जा सके, जो कि अपरिवर्तनीय होगा। आवास व शहरी मंत्रालय ने मेट्रो अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन पर विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों से टिप्पणियां मांगी गई थीं। प्रस्तावित संशोधन निश्चित रूप से आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों के अलावा अंतरराष्ट्रीय और घरेलू वित्त पोषण एजेंसियों को भारतीय बुनियादी ढांचा क्षेत्र में भागीदारी से हतोत्साहित करेगा। यह संशोधन समाधान करने की तुलना में अधिक चिंताएं उठाता है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का एकल बिंदु एजेंडा इस तरह के कदम के बाद के प्रभावों की परवाह किए बिना, मध्यस्थता निर्णयों और सिविल कोर्ट के आदेशों के अनुसार, निष्पादन कार्यवाही से मेट्रो रेल संपत्ति को घेरना है। यहां तक कि केंद्रीय मंत्रालय भी आवास व शहरी मंत्रालय के समान पृष्ठ पर नहीं हैं। यदि एमओएचयूए ने एक साथ डिक्री धारकों को भुगतान करने का कोई रास्ता सुझाया होता, या तो स्वयं भारत सरकार द्वारा या किसी अन्य व्यवहार्य विकल्प के माध्यम से, जो इतनी चिंता पैदा करने से रोकता। प्रस्तावित संशोधन केवल भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित डिक्री के मामले में भी, डिक्री धारकों के लिए सहारा को रोकता है। यहां तक कि मेट्रो रेल कंपनियों द्वारा जारी निविदाओं में भाग लेने वाली सरकारी कंपनियों (जैसे इरकॉन, एनबीसीसी) पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अधिकांश सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों और बैंकों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि अगर मेट्रो रेल कंपनियों के खिलाफ आदेश लागू नहीं किए जाते हैं, तो वे मेट्रो परियोजनाओं के लिए अपने धन की वसूली नहीं कर पाएंगे।

# सोने और चांदी की कीमतों में आई गिरावट

**एजेंसी। मुंबई**

अक्षय तृतीया से पहले आज यानी 21 अप्रैल को सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सर्राफा बाजार में सोना 174 रुपए सस्ता होकर 60,446 रुपए पर आ गया है। कल यानी 22 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। आइबीजेए की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत में भी गिरावट देखने को मिली है। ये 656 रुपए सस्ती होकर 74,763 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 75,419 रुपए पर थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया के मुताबिक, सोने में 2020 से शुरू सुपर साइकिल अब भी जारी है। इस साल सोना 62,000 तक पहुंचने का अनुमान था, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में ये 64,000 तक पहुंच सकता है। आइआइएफएल सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट अनुज गुप्ता कहते हैं कि शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के कारण सोने को सपोर्ट मिल रहा है।

# शेयर बाजार में सुस्त कारोबार

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन निराशाजनक रहा है। सेंसेक्स मामूली तेजी के साथ निफ्टी लाल निशान में बंद हुआ है। बैंकिंग और ऑटो स्टॉक्स में गिरावट के चलते बाजार में ये गिरावट देखने को मिली है। हाल का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 22.71 अंकों की तेजी के साथ 59,655 अंकों पर बंद हुआ है। जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 0.40 अंकों की गिरावट बेहद मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ है. आज के ट्रेड में आईटी, एफएमसीजी, फार्मा, मीडिया, हेल्थकेयर और ऑयल एंड गैस के सेक्टर के शेयर तेजी के साथ बंद हुए। जबकि बैंकिंग, ऑटो, मेटल्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सेक्टर के शेयरों में गिरावट रही. मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स भी गिरकर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में 14 शेयर तेजी के साथ तो 16 गिरकर बंद हुए। जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 24 शेयर तेजी के साथ और 26 गिरकर बंद हुए। आज के ट्रेड में आईटीसी 1.99 फीसदी , टीसीएस 1.84 फीसदी, विप्रो 1.42 फीसदी, एशियन पेंट्स 1.27 फीसदी, एचसीएल टेक 1.09 फीसदी, एचडीएफसी 0.64 फीसदी , कोटक महिंद्रा 0.51 फीसदी, बजाज फाइनैंस 0.44 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ है। जबकि टेक महिंद्रा 2.26 फीसदी, मारुति सुजुकी 1.86 फीसदी, टाटा स्टील 1.71 फीसदी, अल्ट्राटेक सीमेंट 1.49 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ है। आज के कारोबारी सत्र में भी निवेशकों की संपत्ति में गिरावट देखने को मिली है।



# ट्विटर अकाउंट ने हटाए ब्लू चेक

## सीएम योगी से लेकर सलमान खान विराट कोहली व कई दिग्गज भी शामिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ट्विटर ने चार लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिगेसी वेरिफाइड अकाउंट्स से ब्लू टिक हटा दिए हैं। इनमें बिल गेट्स, हिलेरी क्लिंटन, शाहरुख खान, विराट कोहली, प्रियंका चोपड़ा जोनास जैसे नाम शामिल हैं। ट्विटर ने यह कार्रवाई मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क की उस घोषणा के कई महीने बाद की है जिसमें उन्होंने ब्लू टिक के लिए उपभोक्ताओं को ट्विटर की सब्सक्रिप्शन आधारित सेवा लेने के लिए कहा था। भारत में ब्लू टिक के लिए उपभोक्ता को 900 रुपये



प्रति माह (या 9,400 रुपये प्रति वर्ष) का भुगतान करना पड़ता है। लिगेसी खातों के ब्लू टिक खोने वालों में अरबपति दानदाता बिल गेट्स, पूर्व अमेरिकी विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, ट्विटर के सह-संस्थापकजैक डोरसी और अरबपति जॉर्ज सोरोस शामिल हैं। अन्य बड़े नामों में पॉप, बेयॉन्स, किम कार्दशियन और ओपरा विनफ्रे हैं। भारत में आलिया भट्ट और अमिताभ बच्चन जैसी कई बॉलीवुड हस्तियां; और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर तथा रोहित शर्मा ने ब्लू टिक खो दिए। सूची में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कांग्रेस नेता राहुल गांधी जैसे कई राजनेता भी शामिल हैं। मस्क ने सम्मान के तौर पर कुछ मशहूर हस्तियों के ब्लू टिक जारी रखने की पेशकश की है। उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से कुछ हस्तियों के लिए भुगतान कर रहा हूं। सिर्फ विलियम शैटनर, लेब्रोन जेम्स और स्टीफन किंग। ट्विटर ने 2009 में ब्लू टिक शुरू किया था ताकि उपयोगकर्ता मशहूर हस्तियों, राजनेताओं, कंपनियों, समाचार संगठनों के असली अकाउंट की पहचान कर सकें। उस समय ब्लू टिक के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा था।

# न्यूज आउटलेट इनसाइडर अपने 10 प्रतिशत कर्मचारियों की करेगी छंटनी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकप्रिय समाचार आउटलेट इनसाइडर ने अपने 10 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की घोषणा की है, जिसमें कर्मचारी लेखक शामिल हैं। द डेली बीस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, डिजिटल प्रकाशन ने हालांकि इस बात से इनकार किया कि असाइनमेंट लिखने के लिए एआई चैटबॉट चैटजीपीटी के साथ इसका प्रयोग जॉब कट के पीछे है। छंटनी एक मीडिया बाजार को दर्शाती है जो अभी भी एक संघर्षरत अर्थव्यवस्था को समायोजित कर रहा है। इनसाइडर ने कहा, छंटनी से प्रभावित कर्मचारियों को चार साल तक काम करने वाले प्रत्येक वर्ष के लिए दो अतिरिक्त सप्ताहों के साथ 13 सप्ताह का आधार वेतन मिलेगा, अगस्त 2023 तक चिकित्सा कवरेज और करियर समर्थन सेवाएं, जिनमें रिज्यूमे की समीक्षा और कोचों के साथ एक-एक शामिल हैं। कंपनी ने एक ईमेल में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हमारा उद्योग एक वर्ष से अधिक समय से काफी दबाव में है। हमारे कई ग्राहकों और साझेदारों को चोट पहुंचाने वाली आर्थिक विपरीत परिस्थितियां भी हमें प्रभावित कर रही हैं। दुर्भाग्य से हमारी कंपनी को स्वस्थ और प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए, हमें अपनी टीम के आकार को कम करने की आवश्यकता है। हमने यह कदम उठाने से बचने के लिए कड़ी मेहनत की है और हम आप में से कई लोगों पर पड़ने वाले प्रभाव के लिए खेद है।

# सीडीडब्ल्यू ने सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी की

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

वैश्विक आईटी समाधान प्रदाता सीडीडब्ल्यू 'गहन आर्थिक अनिश्चितता' के बीच सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। सीआरएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सीडीडब्ल्यू के कई कर्मचारियों की छंटनी की खबर आ रही है। रिपोर्ट में एक कर्मचारी के हवाले से कहा गया है, फर्म सेवरेंस पैकेज की पेशकश कर रही है, लेकिन निकाले गए कर्मचारी नोन-डिसक्लोजर एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कर रहे हैं।₹ कई कर्मचारियों ने लिंक्डइन पर खुलासा किया कि उन्हें बर्खास्त कर दिया गया है। एक सीडीडब्ल्यू कर्मचारी ने पोस्ट किया, ₹दुखद दिन। सीडीडब्ल्यू में आज की छंटनी की घोषणा के साथ सीडीडब्ल्यू में मेरी नौकरी खत्म हो गई है। मैं क्लाउड/आईटी प्रबंधन क्षेत्र में नई जॉब की तलाश करूंगा। एक अन्य ने लिखा, आज एक कठिन दिन है। सीडीडब्ल्यू ने कठिन तकनीकी अर्थव्यवस्था के कारण कंपनी-व्यापी छंटनी की घोषणा की है और दुर्भाग्य से, मैं भी प्रभावित हो गया हूं। मैं एज्योर क्लाउड/आईटी स्पेस के भीतर एक नई स्थिति की तलाश कर रहा हूं। सीडीडब्ल्यू को पहली तिमाही में लगभग 5.1 अरब डॉलर की शुद्ध बिक्री की उम्मीद है, जो 5.28 अरब डॉलर के अनुमान से काफी कम है। एक अन्य बर्खास्त कर्मचारी ने लिखा, आज मेरे लिए एक अध्याय का अंत और दूसरे की शुरूआत थी। सीडीडब्ल्यू ने आज कई लोगों को नौकरी से निकाल दिया।




## पेज एक के शेष

### लोक सेवकों की...

रहती हैं। राजनेता आते-जाते रहते हैं परंतु आप सभी लोक सेवक लंबे समय तक राज्य की सेवा में कार्यरत रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफलतापूर्वक धरातल पर उतारी जा सकती हैं जब अधिकारी झारखंड की जनता के रहन-सहन तथा भाषा, संस्कृति के साथ समन्वय बनाएंगे। हमारे राज्य का पिछड़ापन होने का एक मुख्य कारण है यह भी है कि यहां के लोगों के साथ अधिकारियों का कम्युनिकेशन बिल्कुल नहीं बन पा रहा है। इस दौरान कई विषयों पर विभिन्न अधिकारियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मौके पर मुख्यमंत्री ने झारखंड आईएएस ऑफिसर एसोसिएशन की त्रैमासिक पत्रिका 'पलाश' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री को एसोसिएशन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, प्रधान सचिव मुख्यमंत्री वंदना डाडेल, कई विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव- सचिव, वन सेवा के पदाधिकारी तथा पुलिस सेवा के पदाधिकारी सहित अन्य लोक सेवक उपस्थित थे।

### ईडी के समन पर ...

की थी, जिसे खारिज करते हुए ईडी ने उन्हें शुक्रवार को पूछताछ के लिए शाम चार बजे तक पेश होने को कहा था। ईडी के नोटिस के बावजूद छवि रंजन ईडी के सामने पेश नहीं हुए। छवि रंजन की जगह उनके वकील अभिषेक गुप्ता शुक्रवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी अधिकारियों से मुलाकात के बाद छवि रंजन के वकील ने कहा कि सरकार द्वारा उन्हें पहले ही 17 अप्रैल से लेकर 1 मई तक पितृत्व अवकाश मिल चुका था। इसलिये हमने मई के पहले हफ्ते के बाद का समय देने का निवेदन किया है। वकील ने कहा कि वह शहर में नहीं है। शनिवार के बाद ही वह शहर आ पायेंगे। हालांकि, ईडी के अधिकारियों ने छवि के वकील के इस अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। वकील ने बताया कि एक बार से आवेदन रिसीव करा दिया गया है। उसमें कहा गया है कि वे ईडी की जांच में पूरा सहयोग करने के लिए तैयार है, शनिवार के बाद का कोई भी तिथि दिया जाये। गौरतलब है कि ईडी ने 13 अप्रैल को सेना की जमीन घोटाला मामले में कार्रवाई करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों में कारोबारी प्रदीप बागची, सीआई भानु प्रताप, अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम शामिल हैं। कोर्ट ने सातों आरोपितों को 14 अप्रैल को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर ईडी आईएएस छवि रंजन से पूछताछ करेगी। इससे पूर्व ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन को 17 अप्रैल को समन कर पूछताछ के लिए 21 अप्रैल को क्षेत्रीय कार्यालय बुलाया था।

### ईडी ने दाखिल की...

21 फरवरी को ईडी ने पूर्व चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापेमारी थी। छापेमारी के दौरान ईडी को लगभग डेढ़ करोड़ के जेवरात सहित देश के कई शहरों में करोड़ों के निवेश से जुड़े दस्तावेज बरामद किये थे। इस केस में ईडी वीरेंद्र राम के रिश्तेदार आलोक रंजन को भी गिरफ्तार कर चुकी है।

### जमीन घोटाले मामले ...

अभी भी रजिस्ट्री ऑफिस में ही मौजूद है और प्रयासों की जांच कर रही है।

**पूर्व में डिप्टी रजिस्ट्रार के यहां हो चुकी है छापेमारी**

सेना की करम टोली स्थित जमीन की खरीद मामले में विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल ,रांची के पूर्व सब रजिस्टार घासीराम पिंगुआ ,वर्तमान रांची सदर के सब रजिस्टार वैभव मणि त्रिपाठी के ठिकानों पर ईडी ने पिछले साल 4 नवंबर को छापेमारी भी की थी। इस दौरान ईडी ने विष्णु अग्रवाल के घर और दफ्तर से जमीन और रियल एस्टेट में निवेश से संबंधित कई कागजात जप्त किए थे। विष्णु अग्रवाल से इस मामले में ईडी की टीम दो बार पूछताछ भी कर चुकी है।

**मातहत अफसरों को भी होगा समन**

रांची में सेना की जमीन की रजिस्ट्री के मामले में रांची जिला प्रशासन की भूमिका भी संदेह के घेरे में है।दोनों ही जगहों पर जमीन की खरीद करने वाले, रजिस्ट्री करने वाले व्यक्ति, सरकारी पदाधिकारी जिनकी भूमिका रजिस्ट्री, म्यूटेशन में हैं वह ईडी के रडार पर हैं। सेना जमीन खरीद में फजीर्वाडा के मामले में ईडी मनी लाउंड्रिंग के पहलूओं पर जांच कर रही है।सेना से मिले दस्तावेजों के मुताबिक, जमीन की खरीद बिक्री में बड़ी गड़बड़ी की पुष्टि भी हुई है। ईडी ने इस मामले में तत्कालीन डिप्टी रजिस्टार वैभव मनि त्रिपाठी अधीनस्थ कर्मचारियों से भी पूछताछ की जाएगी जल्द ही उनके खिलाफ समन जारी किया जाएगा।

## विदेश

# कनाडा के एयरपोर्ट से 121 करोड़ का सोना चोरी

**एजेंसी। कनाडा**

कनाडा के सबसे बड़े टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर 17 अप्रैल देर शाम एक स्पेशल कंटेनर पहुंचा। इसमें 14.8 मिलियन डॉलर यानी 121 करोड़ रुपए का सोना और दूसरा कीमती सामान था। इसे सुरक्षित तरीके से कार्गो फैसिलिटी में शिफ्ट कर दिया गया। 20 अप्रैल को जानकारी मिली की यह कार्गो ही चोरी हो गया है। तब से कनाडा की पुलिस इसे तलाशने में जुटी है। जांच कर इंस्पेक्टर डूइविस्टन ने इस मामले को अनोखा बताया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे जांच पूरी होने तक यह नहीं बता सकते कि कार्गो किस कंपनी का था और कौन सी एयरलाइन से लाया गया था और इसका वेट कितना था। इस मामले में अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस को इसके पीछे किसी बड़ी गैंग का हाथ होने का शक है। यह गैंग कनाडा में है या नहीं, यह भी पता नहीं चल पाया है, न कोई बड़ा सुराग हाथ लगा है। बात 1952 की है। टोरंटो से एक प्लेन कनाडा के मॉन्ट्रियल इलाके में पहुंचा था। लैंडिंग की तो पता चला की सोने के 10 डिब्बों में से 4 चोरी हो गए हैं। तब चोरी हुए सोने की कीमत 14 करोड़ रुपए थी। इस मामले में कनाडा और अमेरिका के लोगों ने काफी दिलचस्पी ली थी। अमेरिका की दिलचस्पी की वजह यह थी कि सोना चोरी होने के बाद वहां के ब्लैक मार्केट में पहुंच गया था। पुलिस उड़ते प्लेन में हुई इस चोरी की जांच कभी पूरी नहीं कर पाई। चोरी कैसे हुई यह अब तक रहस्य है। इसे लेकर कई तरह की थ्योरी सामने आई थीं। इनमें से एक ये थी कि एयरपोर्ट पर वजन करने के दौरान ही 4 डिब्बे गायब हो गए थे।




## मछली पकड़ने वाली रूसी नाव में लगी आग, 4 लापता

**सोल।** दक्षिण कोरिया के तटीय शहर उल्सान के पास 25 लोगों को ले जा रही एक रूसी नौका में शुक्रवार को आग लग गई, जिससे चार लोग लापता हो गए। तटरक्षक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि 769 टन वजनी जहाज सोल से करीब 300 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में उल्सान के पानी में 100 टन सीफूड लेकर रूस की ओर जा रहा था, तभी आग लग गई। योनहाप समाचार एजेंसी ने बताया कि चालक दल के सभी सदस्य रूसी थे। संकट की सूचना मिलने के बाद, तटरक्षक बल ने बचाव जहाजों को घटनास्थल पर भेजा, लेकिन चालक दल के चार सदस्य लापता हो गए। अन्य 21 को बचा लिया गया, जिनमें से 19 को कोई चोट नहीं आई। दो को मामूली चोटें आई हैं। बचाव कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए, दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसने आग बुझाने के लिए एक परिवहन विमान भेजा। नौसेना के जहाजों और एक समुद्री गश्ती विमान की सहायता से, अधिकारी चार लापता लोगों की तलाश करने और आग बुझाने के प्रयास जारी रखे हुए हैं।

### रूस ने अपने ही शहर में गिरा दिया बम

# जोरदार धमाके से कई इमारतें क्षतिग्रस्त



**एजेंसी। मॉस्को**

यूक्रेन के साथ जारी युद्ध के दौरान रूस ने गलती से अपने ही शहर में बम गिरा दिया। जिसके बाद जोरदार धमाके से कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गयीं और इसकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से बताया गया कि रूस के एक लड़ाकू विमान ने गलती से यूक्रेन के पास अपने ही शहर बेलगोरोद में बम गिरा दिया। जिससे कई इमारतें ध्वस्त हो गयीं। कई कारें क्षतिग्रस्त हुईं और कुछ लोग घायल भी हुए हैं। विस्फोट से शहर के केंद्र में एक गड्ढा हो गया। धमाका इतना तेज था कि कुछ कारें उछल कर घरों की छतों तक पहुंच गयीं। धमाके के बाद हुए नुकसान की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बेलगोरोद के गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा कि विस्फोट से शहर के लोग सहम गए। इसमें चार अपार्टमेंट और कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं, बिजली लाइन के खंभे गिर गए। उन्होंने बताया कि जांचकर्ता और आपात मंत्रालय के प्रतिनिधि घटनास्थल पर भेजे गए हैं।

## चिंता का विषय

### संयुक्त राष्ट्र ने की हमलों की निंदा

# सूडान में लड़ाई, गर्भवती महिलाओं को खतरा

**एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र**

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने कहा है कि सूडान में चल रही लड़ाई हजारों गर्भवती महिलाओं को खतरे में डाल रही है। गर्भवती महिलाओं को तत्काल चिकित्सा देखभाल के लिए अपने घरों से बाहर निकलना बहुत खतरनाक हो गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, यूएनएफपीए का अनुमान है कि हिंसा के केंद्र खार्तूम की राजधानी में 219,000 गर्भवती महिलाएं हैं। जिनमें से आने वाले हफ्तों में 24,000 महिलाओं की डिलीवरी होने की उम्मीद है। यूएनएफपीए ने एक बयान में कहा कि शनिवार से सूडानी सशस्त्र बल



(एसएएफ) और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच हिंसक झड़पों ने महिलाओं के लिए जरूरी प्रसव पूर्व देखभाल, सुरक्षित प्रसव सेवाओं की देखभाल की तलाश करना बेहद मुश्किल बना दिया है। संघर्ष से सूडान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली भी प्रभावित है। खार्तूम में हिंसा के कारण कम से कम 20 अस्पतालों को मजबूरन बंद करना पड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, देश भर में 12 अस्पताल अभी भी काम कर रहे हैं। लेकिन इनके भी जल्द बंद होने की संभावना हैं, क्योंकि वे बिजली और पानी की कटौती और कर्मचारियों की कमी से जूझ रहे हैं। लड़ाई के चलते डॉक्टर, नर्स और अस्पताल के कर्मचारी काम पर जाने में असमर्थ हैं। यूएनएफपीए ने चेतावनी दी है कि अगर हिंसा नहीं रुकी तो स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाने का खतरा है। जिस वजह से गर्भवती महिलाओं और उनके अजन्मे बच्चों की मौत का अधिक खतरा है। एजेंसी ने कहा कि वह उन 3.1 मिलियन महिलाओं और लड़कियों के बारे में भी चिंतित है, जो जीवन के लिए खतरनाक लिंग आधारित हिंसा के बढ़ते जोखिमों का सामना कर रही हैं। यूएनएफपीए ने सभी पक्षों को अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत अपने दायित्वों के संघर्ष की याद दिलाई है।

## हाउतियों ने यमन में सरकार समर्थक 77 बंदियों को किया रिहा

**सना।** यमन के हाउती मिलिशिया ने सरकार समर्थक 77 बंदियों को रिहा कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हाउतियों द्वारा संचालित अल-मसीराह टीवी ने हाउती कैदी समिति के प्रमुख अब्दुलकादिर अल-मुर्तदा के हवाले से कहा कि उनमें दर्जनों मरीज और बुजुर्ग व्यक्ति शामिल थे। उन्होंने कहा कि सरकार के साथ भविष्य के कैदी की अदला-बदली के प्रयासों के प्रति सद्भावना में कदम उठाया गया था। पिछले हफ्ते, यमनी सरकार और हाउतियों ने लगभग 900 कैदियों की अदला-बदली मार्च में युद्धरत पक्षों द्वारा संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता से किए गए समझौते के तहत की थी। यमन 2014 के अंत से एक घातक गृहयुद्ध में उलझा हुआ है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


### लोक सेवक देखें कि सत्तारुढ़ पार्टियां सरकारी धन का मिसयूज तो नहीं कर रहीं:मोदी

# पैसा देश के काम आए संगठन विस्तार के नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश भर के प्रशासनिक अधिकारियों का आह्वान किया कि वे हर फैसले से पहले इन सवालों के बारे में जरूर सोचें कि सत्ता में बैठी राजनीतिक पार्टियां सरकारी धन का इस्तेमाल देश के विकास में कर रही हैं या अपने दल के विस्तार में या फिर वोट बैंक बनाने के प्रयास में वह उसे लुटा रही हैं। लोक सेवा दिवस पर राजधानी में लोक सेवकों को संबोधित करते हुए मोदी ने उनसे राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को विस्तार देने का आग्रह करते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो देश का धन लुट जाएगा, करदाताओं के पैसे बर्बाद हो जाएंगे और युवाओं के सपने चकनाचूर हो जाएंगे। इस अवसर पर मोदी ने लोक प्रशासन के क्षेत्र में अभूतपूर्व कामकाज के लिए प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कोार भी प्रदान किए। ये पुरस्कीार नागरिकों के जीवन में सुधार लाने के उद्देश्य से जिलों और संगठनों को असाधारण प्रयासों और नई पहलों के लिए दिये जाते हैं। अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि लोक सेवकों के छोटे से छोटे फैसलों का आधार भी देश हित होना चाहिए। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हर दल की अपनी विचारधारा होती है और संविधान ने हर दल को यह अधिकार भी दिया है, लेकिन एक सरकारी कर्मचारी के तौर पर प्रशासनिक अधिकारियों को कुछ सवालों का अवश्य ही ध्यान रखना पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ह्यह्यजो राजनीतिक दल सत्ता मं आया है क्या वह करदाताओं के पैसों का इस्तेमाल अपने दल के हित के लिए कर रहा है या देश के हित के लिए कर रहा है? उसका उपयोग कहां हो रहा है? यह आप लोगों को देखना ही होगा।

## 'मन की बात' के 100 एपिसोड पूरे होने पर जारी किए जाएंगे खास सिक्के



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का इस बार 100वां एपिसोड होगा। प्रधानमंत्री ने अपने पिछले 'मन की बात' कार्यक्रम में 100वें एपिसोड को लेकर लोगों की उत्सुकता पर बात की थी। पीएम मोदी ने बताया कि कुछ लोगों ने उनको पत्र लिखकर 100वें एपिसोड को खास बनाने पर भी बात की थी। पीएम मोदी ने कहा था कि खास दिन को इस तरह सेलिब्रेट करने का प्लान है, ताकि उसका लंबे समय तक इतिहास में प्रभाव रहे। साथ ही पीएम मोदी ने 27 अप्रैल तक लोगों से अगले और 100वें एपिसोड के लिए सुझाव देने की अपील की। मन की बात के 100वें एपिसोड के मौके पर एक सिक्का जारी किया जाएगा। सरकार 100वें एपिसोड के प्रतीक के रूप में 100 रुपए मूल्य का सिक्का जारी करेगी, जिसपर 'मन की बात 100' लिखा होगा। सिक्के पर माइक्रोफोन बना होगा जिसपर 2023 लिखा होगा। केंद्र सरकार द्वारा जारी अधिसूचना में बताया गया कि सिक्के के एक तरफ अशोक स्तंभ और उसके नीचे सत्यमेव जयते लिखा होगा। सिक्के को दोनों तरफ अंग्रेजी और हिंदी में 'मन की बात 100' अंकित होगी।

## सूडान से भारतीयों की निकासी के लिए तैयार करें प्लान : पीएम मोदी

**सूडान** में सेना और अर्धसैनिक बल के बीच चल रहे गृहयुद्ध के चलते वहां के हालात बद से बदतर हो गए हैं। ऐसे में वहां फंसे भारतीयों की लिए पीएम मोदी ने फिक्र जाहिर की है और वहां से उनकी जल्द से जल्द निकासी के लिए संबंधित अधिकारियों को कहा है। इसके लिए पीएम ने एक हाई लेवल मीटिंग भी बुलाई। पीएम ने संबंधित अधिकारियों को सूडान में सतर्क रहने, घटनाक्रम की बारीकी से निगरानी करने और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का मूल्यांकन करने का निर्देश दिया है। पीएम ने सूडान से भारतीयों के लिए आकस्मिक निकासी योजना तैयार करने और उनमें सुरक्षा के हिसाब से तेजी से बदलाव करने और विकल्पों की व्यवहार्यता पर चलने का निर्देश दिया।



### यूट्यूबर मनीष कश्यप पर एनएसए लगाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने पूछा

# इस आदमी के खिलाफ यह प्रतिशोध क्यों?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से कहा कि वह यूट्यूबर मनीष कश्यप को मदुरै जेल से दूसरी जेल में नहीं ले जाए, क्योंकि राज्य में कई प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। कश्यप को कथित तौर पर दक्षिणी राज्य में प्रवासी मजदूरों पर हमले के फर्जी वीडियो प्रसारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु सरकार से कश्यप के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाने के औचित्य के बारे में भी पूछा। कश्यप का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष मामला प्रस्तुत किया। दवे ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा से कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ एनएसए लगाया गया है और बताया कि कश्यप के खिलाफ तमिलनाडु में छह और बिहार में तीन प्राथमिकी दर्ज हैं। मुख्य न्यायाधीश ने आश्चर्य जताया कि राज्य ने इस मामले में कश्यप के खिलाफ एनएसए क्यों लगाया है और तमिलनाडु सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल से पूछाः मिस्टर सिब्बल, यह एनएसए क्या है? इस आदमी के खिलाफ यह प्रतिशोध क्यों? सिब्बल ने कहा कि उन्होंने फर्जी वीडियो बनाकर दावा किया कि तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। पीठ ने कहा कि वह याचिकाकर्ता के खिलाफ तमिलनाडु में दर्ज एफआईआर को बिहार स्थानांतरित करने की इच्छुक है। एफआईआर के स्थानांतरण का विरोध करते हुए सिब्बल ने कहा कि कश्यप के 60 लाख अनुयायी हैं और वह एक राजनेता हैं, न कि पत्रकार। वह चुनाव लड़ चुके हैं। कश्यप ने तमिलनाडु में प्राथमिकी दर्ज करने को सही ठहराते हुए दक्षिणी राज्य में साक्षात्कार किए थे। बिहार सरकार के वकील ने तमिलनाडु के एफआईआर को बिहार में स्थानांतरित करने का विरोध किया और तर्क दिया कि अलग-अलग अपराध हैं और कश्यप एक आदतन अपराधी हैं।

## अलविदा की नमाज



*जयपुर में अलविदा की नमाज पढ़ते रोजेदार:* यह दृश्य जयपुर के बड़ी चौपर का है, जहां हजारों की संख्या में मुसलमानों ने नमाज पढ़ी। फोटो : आईएएनएस

## दोस्त को कॉकपिट में जाने देने के लिए एयर इंडिया का पायलट जांच के घेरे में

**नई दिल्ली।** 27 फरवरी को दुबई से दिल्ली की उड़ान के दौरान एक दोस्त को कॉकपिट में जाने की अनुमति देकर सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने के लिए एयर इंडिया के एक पायलट की जांच चल रही है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विकास की पुष्टि की और कहा कि जांच दल प्रासंगिक तथ्यों की जांच करेगा। पायलट ने कथित तौर पर कॉकपिट में एक महिला मित्र का मनोरंजन किया, जो डीजीसीए सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करता है। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह अधिनियम अस्वीकार्य है और इससे यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है।

## अतीक अहमद के हत्यारे आतंकवादी

# यूएपीए क्यों नहीं लगा : ओवैसी

**एजेंसी। प्रयागराज**

यूपी पुलिस की कस्टडी में माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई की हत्या पर एआईएमआईएम के मुखिया और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने यूपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने दावा किया कि उसके हत्यारे आतंकवादी हैं। उन्होंने आरोपियों पर यूएपीए नहीं लगाए जाने को लेकर यूपी सरकार पर कई सवाल दागे हैं। सांसद ने हत्या की साजिश पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस्तेमाल किए गए प्रत्येक हथियार की कीमत 8 लाख रुपये है। हमने मीडिया रिपोर्ट्स में देखा है कि हत्या के एक आरोपी का परिवार झोपड़ी में जबकि दूसरे का परिवार एक कमरे में रहता था। उनके पास यह अवैध धन कैसे आया। इन हत्यारों को ट्रेनिंग दी गई थी। इससे पता चलता है कि ये हत्यारे गोडसे की नाजायज औलाद हैं, क्योंकि गोडसे ने गांधी को गोली मारी थी, और ये हत्यारे गोडसे के उत्तराधिकारी हैं।

### पटना में अतीक अहमद अमर रहें के नारे लगे

**एजेंसी। पटना**

शुक्रवार को पटना जंक्शन के निकट जामा मस्जिद के पास रमजान के आखिरी जुमे की नमाज के दिन यहां नमाज पढ़ने आए कुछ लोगों ने अतीक अहमद अमर रहें के नारे लगाए। नारेबाजी करने वालों में एक की पहचान रईस गजनबी के रूप में हुई है। रईस गजनबी ने इस दौरान योगी-मोदी मुदार्बाद के नारे भी लगाए। नारा लगा रहे रईस गजनबी ने अतीक अहमद को शहीद बताया। उसने कहा कि अतीक अहमद की पूरी प्लानिंग के साथ हत्या की गई है। आज हमने दुआ किया कि अल्लाहताला अतीक अहमद की शहादत को कबूल फरमाएं। अतीक अहमद की योगी सरकार ने हत्या करायी। अतीक अहमद को मरवाने में कोर्ट, मीडिया सरकार और पुलिस सबका हाथ है। इसके साथ ही नारे लगाने वाले ने कहा कि अगर उसने गलत काम किया है, तो इसके लिए कोर्ट है। अगर उन्हें कोर्ट से सजा मिलती और उन्हें फांसी पर भी चढ़ा दिया जाता, तो हमलोग कुछ नहीं बोलते लेकिन जिस तरीके से उन्हें मारा गया, वह प्लान के साथ की गई हत्या है।

### अलकायदा लेगा अतीक की हत्या का बदला

**दुनिया** से सबसे खूंखार आतंकी संगठनों में से एक अल कायदा ने माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफ अहमद की हत्या का बदला लेने का ऐलान किया है। अपनी एक मैग्जीन में अल कायदा की तरफ से कहा गया है कि जिन लोगों ने भी अतीक और अशरफ की हत्या की है, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं। हालांकि, इस संबंध में दिल्ली पुलिस ने कोई टिप्पणी नहीं की है।

## तोहफा — अब उत्तर प्रदेश का हर घर होगा रोशन

# सरकार सबको देगी बिजली कनेक्शन

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार हर घर, हर परिवार को बिजली कनेक्शन का तोहफा देने जा रही है। प्रदेश में अब एक भी घर अंधेरे में नहीं रहेगा। इसके साथ ही बिजली चोरी पर भी लगाम लगाई जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि. के अन्तर्गत पांचों वितरण निगमों में कुल 3.27 करोड़ विद्युत उपभोक्ता हैं। इनमें से घरेलू प्रयोग हेतु कुल संयोजनों की संख्या 2.88 करोड़ है।



उत्तर प्रदेश की जनसंख्या को देखते हुए यह स्पष्ट है कि कुल घरेलू विद्युत संयोजनों की संख्या कुल परिवारों की संख्या के सापेक्ष कम है। इसीलिए सरकार ने यह निर्णय लिया है। ऐसे समस्त परिवार जो कि वर्तमान में विद्युत का प्रयोग कर रहे हैं, परन्तु उनके द्वारा संयोजन नहीं लिया गया है, उनको नियमानुसार संयोजन निर्गत किया जाएगा। इससे बिजली चोरी पर भी रोक लग सकेगी तथा ऐसे परिसर जो कि अविद्युतीकृत हैं का विद्युतीकरण कराकर संयोजन निर्गत कर दिया जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए यूपीपीसीएल के अध्यक्ष एम देवराज ने विभागीय स्तर पर आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि विद्युतीकरण से छूटे समस्त परिवारों का चिह्नंकन आवश्यक है। इसके लिए अभियान चलाकर ऐसे परिवारों व घरों को चिन्हित किया जाएगा, जिनके निवास स्थान पर वर्तमान में कोई भी वैध विद्युत संयोजन नहीं है। इसके लिए विद्युत विभाग के कर्मचारी ग्राम पंचायत में उपलब्ध परिवार रजिस्टर, नगरीय क्षेत्र में हाउस टैक्स / वॉटर टैक्स जमा करने वाले परिसरों का विवरण और राशनकार्ड का विवरण देखकर विद्युत संयोजन है या नहीं का निर्णय कर सकते हैं। इससे प्राप्त मूल सूचना को आधार बनाते हुए विस्तृत सर्वे कराने के लिए सरकार ने नए प्रयोग करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अंतर्गत, जनपद में स्थित इंटर कॉलेज, आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सर्वे के लिए सम्मिलित करने को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रधानाचार्यों की एक बैठक जनपद स्तर पर कर इच्छुक छात्रों का चिन्हीकरण करते हुए छात्रों की टोलियों को क्षेत्र आवंटित कर क्षेत्र का सर्वे कराया जाएगा। निर्धारित प्रारूप पर उनके माध्यम से सूचना प्राप्त की जाएगी। सर्वे के लिए छात्रों को एक प्रोजेक्ट के माध्यम से कार्य आवंटन किया जाएगा। इसके अलावा राज्य आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह एवं विद्युत सखियां कार्य कर रहे हैं।

## दिल्ली के साकेत कोर्ट में फायरिंग, की गई हमलावर की पहचान

**नई दिल्ली।** दिल्ली के साकेत कोर्ट परिसर में शुक्रवार को जिस महिला को गोली मारी गई, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है और पुलिस के सूत्रों ने बताया कि हमलावर की पहचान कर ली गई है। सूत्रों के मुताबिक, जब फायरिंग हुई, तब महिला कोर्ट परिसर में वकीलों के ब्लॉक में थी। तीन से चार राउंड फायर किए गए। पेट में गोली लगने से महिला घायल हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, महिला को एम्स अस्पताल ले जाया गया और फिलहाल उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। हालांकि आरोपी महिला पर फायरिंग करने के बाद मौके से फरार हो गया। सूत्रों के अनुसार आरोपी की पहचान कर ली गई है और वह हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। सूत्रों ने कहा, ऐसा संदेह है कि पीड़िता और आरोपी के बीच पैसे को लेकर कोई विवाद था।

## FILMY हलचल

## किडनैपिंग और मारपीट के आरोपों को हनी सिंह ने बताया निराधार

**एक इवेंट** कंपनी के मालिक की ओर से मुंबई पुलिस में किडनैप और मारपीट की शिकायत दर्ज कराने के बाद हनी सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। हनी सिंह ने अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'झूठा और निराधार' बताया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी कानूनी टीम अपहरण और मारपीट का आरोप लगाने वाले इवेंट कंपनी के मालिक के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज करने की योजना बना रही है। पुलिस में 19 अप्रैल को दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार विवेक रमन ने 15 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में गायक के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया था। पैसों के लेन-देन में गड़बड़ी के कारण कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। मुंबई पुलिस के मुताबिक विवेक रमन की लिखित शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है।



## अंजलि तत्रारी 'वंशज' में मुख्य भूमिका निभाएंगी

**टीवी** अभिनेत्री अंजलि तत्रारी को आगामी शो 'वंशज' में फीमेल मुख्य भूमिका निभाने के लिए लिया गया है। उन्होंने युवा लड़की युविका की भूमिका निभाने के बारे में बात की, जिससे वह कई तरह से संबंधित हो सकती है। अंजलि ने 2018 में एक्शन फिल्म 'सिम्बा' से अभिनय की शुरूआत की, जिसमें उन्होंने एक छोटी भूमिका निभाई। बाद में, उन्होंने 'मेरे डैड की दुल्हन', 'तेरे बिना जिया जाए ना' जैसे टीवी शो में अभिनय किया। नए शो में मुख्य भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहाः युविका एक युवा लड़की है, जो अपने आप को चुनौतीपूर्ण स्थिति के बीच पाती है और मैं उसकी यात्रा को चित्रित करने के लिए उत्सुक हूं क्योंकि वह इस कठिन दौर से गुजरती है।



## हैदराबाद में ऑस्कर विजेता नाटू-नाटू की टीम से मिलेंगे शाह

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह रविवार को हैदराबाद में नाटू नाटू सॉन्ग की ऑस्कर पुरस्कार विजेता टीम से मुलाकात करेंगे। तेलंगाना के दौरे के दौरान, वह राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास नोवोटेल होटल में ऑस्कर पुरस्कार विजेता आरआरआर के सॉन्ग से जुड़े कलाकारों से मिलेंगे। बैठक के दौरान राजामौली, संगीत निर्देशक एम.एम. कीरावनी, गीतकार चंद्रबोस, गायक राहुल सिप्लिगुंज और काला भैरव, कोरियोग्राफर प्रेम रक्षित, एक्टर जूनियर एनटीआर और राम चरण के उपस्थित रहने की संभावना है। पिछले महीने, नाटू-नाटू बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग की कैटेगिरी में ऑस्कर जीता। भारत लौटने के बाद राम चरण अपने पिता चिरंजीवी के साथ दिल्ली में अमित शाह से मिले थे। पिछले साल अगस्त में अमित शाह ने हैदराबाद एयरपोर्ट के पास नोवोटेल होटल में जूनियर एनटीआर से मुलाकात की थी। आरआरआर में अभिनेता के प्रदर्शन को पसंद करने के बाद केंद्रीय मंत्री ने कथित तौर पर बैठक का अनुरोध किया है। राजीव गांधी हवाईअड्डे पर शाम करीब चार बजे उतरने के तुरंत बाद भाजपा नेता का आरआरआर टीम से मिलने का कार्यक्रम है।

